






# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 208

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

रविवार | 12 मई, 2024


# मोदी, शाह को पीएम बनाएंगे

## केजरीवाल बोले, दो महीने में योगी को सीएम पद से हटाएंगे, शाह बोले, सरकार का नेतृत्व मोदी ही करेंगे



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

39 दिन बाद तिहाड़ जेल से जमानत पर बाहर आए दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने पार्टी ऑफिस में पहला चुनावी भाषण दिया। उन्होंने 21 मिनट की स्पीच की शुरुआत हनुमान जी से की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, तानाशाही, भ्रष्टाचार, देश, विपक्षी गठबंधन से होते हुए प्रभु यानी भगवान पर खत्म की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो जाएंगे। क्या भाजपा उन्हें लालकृष्ण आडवाणी की तरह रिटायर करेगी। अगर भाजपा ये चुनाव जीतती है तो मोदी अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। सरकार बनने के 2 महीने में उत्तर प्रदेश के सीएम योगी जी को पद से हटाया जाएगा। केजरीवाल के दावे पर तेलंगाना में अमित शाह ने कहा, मैं अरविंद केजरीवाल एंड कंपनी और पूरे इंडी अलायंस को कहना चाहता हूं कि मोदी जी 75 साल के हो जाएं, इससे आपको आनंदित होने की जरूरत नहीं है। ये भाजपा के संविधान में कहीं नहीं लिखा है। मोदी जी ही ये टर्म पूरी करेंगे। मोदी जी ही आगे देश का नेतृत्व करते रहेंगे। भाजपा में कोई कंफ्यूजन नहीं है।

### मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है: केजरीवाल

केजरीवाल ने कहा कि हमारा देश 4000 हजार साल पुराना है। जब भी देश में किसी ने तानाशाही की कोशिश की है। जनता ने उसे बाहर कर दिया। मैं उनके खिलाफ लड़ रहा हूं। देश के 140 करोड़ लोगों से भीख मांग रहा हूं। देश को बचा लो। सुप्रीम कोर्ट ने 21 दिन दिए हैं। मैं पूरे देश में घूमूंगा। मेरे खून का एक-एक कतरा देश के लिए है। ये लोग इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि आप का प्रधानमंत्री कौन होगा। हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि आप का प्रधानमंत्री का दावेदार कौन है। पहले योगी को निपटाएंगे फिर अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे। ये मोदी की गारंटी कौन पूरी करेगा। क्या अमित शाह पूरी करेंगे। 4 जून के बाद भाजपा की सरकार नहीं बन रही है। हरियाणा, दिल्ली, बिहार, झारखंड, यूपी और दूसरे राज्यों में इनकी सीट घट रही हैं। देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

### 1 आम आदमी पार्टी के लिए

आम आदमी पार्टी को 10 साल हुए। दो राज्यों में सरकार है। इसे कुचलने में और खत्म करने में प्रधानमंत्री जी ने कोई कसर नहीं छोड़ी। एकसाथ हमारी पार्टी के टॉप 4 नेता मनीष सिसोदिया, सत्येंद्र जैन, संजय सिंह और मुझे जेल भेज दिया। उन्होंने सोचा पार्टी खत्म हो जाएगी, लेकिन एक सोच है, जितना खत्म करने की सोचते हैं, उतना बढ़ती है।

### 2 भाजपा की नीति पर

प्रधानमंत्री जी ने देश के सबसे बड़े चोर-उचक्कों और डकैतों को अपनी पार्टी में शामिल कर लिया। जिस आदमी को कहते हैं कि 70 करोड़ का घोटाला कर दिया, उसे ही मंत्री, डिप्टी सीएम बनाते हैं। कहते हैं कि भ्रष्टाचार से लड़ रहे हैं। तुम अपनी पार्टी में चोर-उचक्कों को रख लो और कहो कि भ्रष्टाचार से लड़ रहे हो। देश को बच्चा मत समझो।

### 3 भ्रष्टाचार को लेकर

प्रधानमंत्री जी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई केजरीवाल से सीखो। 2015 में सरकार बनी थी, तब हमारे मंत्री का ऑडियो वायरल हुआ। किसी को नहीं पता था। दुकानदार से 5 लाख रुपए मांग रहा था। मैंने खुद मंत्री को सीबीआई के हवाले कर दिया था। पंजाब में मान साहब ने अपने मंत्री को जेल में भेजा, क्योंकि भ्रष्टाचार कर रहा था।

### 4 इंडी गठबंधन के लिए

पीएम ने मिशन शुरू किया है। वन नेशन-वन लीडर। मोदी जी देश के सारे नेताओं को खत्म करना चाहते हैं। जितने विपक्ष के नेता हैं, उन्हें जेल भेजेंगे। जितने भाजपा के नेता हैं, उन्हें निपटा देंगे। अगर ये चुनाव जीत गए तो लिखवा लो कि थोड़े दिन बाद ममता, तेजस्वी, स्टालिन, विजयन, उद्धव और सभी विपक्षी नेता जेल के भीतर होंगे।

### 5 तानाशाही को लेकर

आडवाणी, मुरली मनोहर, सुमित्रा महाजन, शिवराज, वसुंधरा राजे, खट्टर, रमन सिंह की राजनीति मोदी जी ने खत्म कर दी। अगला नंबर योगी आदित्यनाथ का है। अगर चुनाव जीते तो 2 महीने के भीतर उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बदल देंगे। यही तानाशाही है। वन नेशन-वन लीडर। ये चाहते हैं कि एक ही तानाशाह देश के भीतर बचेगा।

### 6 लोकतंत्र को लेकर

आज एक तानाशाह देश से जनतंत्र खत्म करना चाहता है। मैं पूरे तन मन धन से उस तानाशाह के खिलाफ लड़ रहा हूं। 140 करोड़ लोगों का साथ चाहता हूं। आज मैं आपसे भीख मांगने आया हूं। मेरे देश को बचा लो। इस तानाशाही से मेरे देश को बचा लो।

### 7 मोदी के रिटायरमेंट पर

ये लोग इंडिया गठबंधन से पूछते हैं कि आपका प्रधानमंत्री कौन होगा। मैं भाजपा से पूछता हूं आपका प्रधानमंत्री कौन होगा। मोदी जी होंगे, नहीं मोदीजी अगले साल 17 सितंबर को 75 साल के हो रहे हैं। भाजपा के अंदर मोदी जी ने खुद रूल बनाया था कि भाजपा के भीतर जो भी 75 साल का होगा, उसे रिटायर किया जाएगा। आडवाणी, जोशी, सुमित्रा महाजन, यशवंत सिन्हा को रिटायर किया गया। मोदी जी अगले साल 17 सितंबर को रिटायर होने वाले हैं। मैं भाजपा से पूछता हूं कि कौन पीएम होगा।

### 8 शाह-योगी को लेकर

अगर केंद्र में मोदी सरकार फिर से बनी तो 2 महीने में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगीजी को निपटाएंगे। अमित शाह को प्रधानमंत्री बनाएंगे, इसीलिए वोट मांग रहे हैं। मैं पूछना चाहता हूं कि मोदी की गारंटी कौन पूरी करेगा।

### 9 चुनावी रिजल्ट को लेकर

मेरा आंकलन है कि 4 जून के बाद मोदी सरकार नहीं बन रही है। इनकी सीट सभी जगह कम हो रही हैं। सट्टा बाजार भी 220 से 230 के बीच सीट बता रहा। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बन रही है। आप सरकार का हिस्सा होगी। दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। दिल्ली का एलजी दिल्ली का होगा। अभी गुजरात का है।

### 10 खुद के इस्तीफे को लेकर

मैं इस्तीफा नहीं दूंगा। मैं इनके खिलाफ लड़ूंगा। केजरीवाल को कभी किसी पद का लालच नहीं हुआ। मैं मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री नहीं बनाना चाहता। इनकम टैक्स कमिश्नर की नौकरी छोड़कर झुग्गियों में काम किया। पहली बार सीएम बनाया तो उसूलों के लिए 49 दिन में इस्तीफा दे दिया था। आज चपरासी की नौकरी कोई नहीं छोड़ता है। मुझे पता चला कि मेरे जेल जाने से मेरी मां-बहनें बहुत रोईं।

# इंडी गठबंधन सत्ता में आया तो फिर से लौट आएगा आतंकवाद का दौर: योगी

## सीएम योगी ने कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को किया संबोधित

- कांग्रेस राज में आतंकी धमाकों में जाती थी निर्दोष जनता और जवानों की जान: सीएम योगी
- मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर किया है प्रहार: योगी
- कांग्रेस ने सबसे पहले संविधान में संशोधन करके अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को रौंदा: योगी
- कांग्रेस और सपा की सबसे बड़ी चिंता थी, किसी भी प्रकार न बन सके राममंदिर: योगी

जन एक्सप्रेस । कानपुर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अगर इंडी गठबंधन सत्ता में आता है तो देश में एक बार फिर आतंकवाद और नक्सलवाद का दौर शुरू हो जाएगा। उन्होंने कांग्रेस को निशाने पर लेते हुए कहा कि संविधान संशोधन का डर फैलाने वाली कांग्रेस ने सबसे पहले भारतीय संविधान में संशोधन करते हुए अभिव्यक्ति की आजादी को रौंदने का कार्य किया था। सीएम ने सपा पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में अयोध्या का विकास नहीं, अयोध्या में आतंकी हमला करने वाले आतंकवादियों के मुकदमे वापस लेना था।

### कानपुर को मिला है उद्यमिता और उर्वरता का आशीर्वाद

सीएम योगी शनिवार को यहां छावनी विधानसभा क्षेत्र में कानपुर और अकबरपुर लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने यहां कानपुर से पार्टी प्रत्याशी रमेश अवस्थी और अकबरपुर से बीजेपी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले के लिए जनता से वोट की अपील की। उन्होंने कहा कि कानपुर को मां गंगा के आशीर्वाद से उर्वरता और उद्यमिता का वरदान मिला है। ये क्रांति धरा होने के साथ ही देश के विकास की ऊर्जा की भूमि भी है। चौथे चरण में कानपुर की जनता को निर्णय लेना है। आज पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार और अबकी बार 400 पार। 400 पार में कानपुर और अकबरपुर की सीटें भी शामिल होंगी। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, भाजपा के क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल, महापौर प्रमिला पांडेय, सांसद सत्यदेव पचौरी, अकबरपुर के सांसद और पार्टी प्रत्याशी देवेन्द्र सिंह भोले, कानपुर से बीजेपी प्रत्याशी रमेश अवस्थी, विधायकगण महेश त्रिवेदी, सुरेन्द्र मैथानी, सलिल विश्नोई और अविनाश सिंह सहित अन्य गणमान्य शामिल रहे।



### मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया

सीएम योगी ने कहा कि बीते 10 साल में मोदी जी ने बिना रुके, बिना थके और बिना डिगे देश की अहर्निश सेवा की है। हर व्यक्ति इस बात को मानता है कि मोदी जी ने देश को दुनिया में सम्मान दिलाया है, हमारी सीमाओं को सुरक्षित किया है, विकास को गति दी है, गरीब कल्याण के साथ ही नागरिकों के जीवन में परिवर्तन किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन नकारात्मक राजनीति के कारण अपनी विश्वसनीयता खो रहा है। इनको पाकिस्तान के हितों की चिंता होती है। इनको आतंकवाद और नक्सलवाद की समस्या के समाधान की नहीं आतंकियों पर दायर मुकदमों को वापस लेने की चिंता होती है। इनकी चिंता थी कि जैसे भी हो अयोध्या में राममंदिर का निर्माण न हो।

### नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 से पहले देश में आतंकी विस्फोट में निर्दोष लोग और जवान शहीद होते थे। अब ये नहीं हो सकता, क्योंकि मोदी सरकार ने आतंकवाद की नाभी पर प्रहार किया है। ये नया भारत छेड़ता नहीं, मगर कोई छेड़ता है तो छोड़ता भी नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि आज कानपुर में हाईवे, एक्सप्रेस वे, मेट्रो के साथ ही डिफेंस कॉरीडोर बन रहा है। नमामी गंगे के क्षेत्र में हुए कार्य का लाभ कानपुर को सर्वाधिक प्राप्त हुआ है। कानपुर के सीसामऊ और जाजमऊ में गंगा की धारा को अविरल निर्मल करने में भाजपा सरकार को सफलता मिली है।

# सीतापुर हत्याकांड: साले का आरोप, पुलिस की थ्योरी गलत जीजा के भाई ने दो लोगों के साथ मिलकर की हैं ये हत्याएं

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

रामपुर थाना क्षेत्र की घटना पर मृतक अनुराग कुमार सिंह के ससुरालीजनों ने गंभीर सवाल उठाए हैं। लखनऊ जनपद के गोमतीनगर विस्तार निवासी अंकित सिंह मृतका प्रियंका सिंह के भाई हैं। अंकित सिंह ने आरोप लगाया कि यह पूरी घटना एक प्री प्लान्ड मर्डर है...साफ साफ पता चल रहा है कि मेरे जीजा अनुराग कुमार सिंह के भाई अजीत सिंह और उसके साथ दो तीन अज्ञात लोगों ने इस नरसंहार को अंजाम दिया है। इतने बड़े नरसंहार को कोई एक व्यक्ति अंजाम नहीं दे सकता। उन्होंने बताया कि मेरी बहन प्रियंका को मारा गया। इसके साथ मेरी बहन की सास को हथौड़ी से मारा गया। मेरी दो भांजियों और भांजे को छत से फेंका गया और तड़पने दिया गया। इतने बड़े घर में इन बच्चों को उठाने कोई नहीं आता है। मेरी एक भांजी को पौन घंटे बाद ग्रामीण उठाकर अस्पताल ले गये। उसने बीच अस्पताल में दम तोड़ दिया। वहीं, मेरे एक भांजे ने लखनऊ लाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। उन्होंने यह भी बताया कि सुबह छह बजे अंकित को उनकी बहन ने घटना की सूचना दी। उन्हें भी किसी रिश्तेदार ने घटना की सूचना दी थी। जब वहां पहुंचा तो मंजर देखकर दंग रह गया। नरसंहार के घटनास्थल जैसा दृश्य था...चारों तरफ खून और लाशें थीं। अंकित ने कहा कि पुलिस से मांग है कि निष्पक्ष जांच करें। दोषियों को कड़ी सजा मिले। अंकित सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस मेरे जीजा अनुराग सिंह को मानसिक विक्षिप्त बता रही है। यह सरासर गलत है। यह सीधा मामला प्रापर्टी विवाद का है। आरोप लगाया कि जीजा अनुराग सिंह शरीफ व्यक्ति थे। परिवार संपन्न था। उनके पास अवैध असलहा मिलना संदिग्ध प्रतीत होता है।



### नशे का आदी माना जा रहा अनुराग, मिली बियर की बोतलें

अनुराग सिंह का परिवार बेहद संपन्न है। उसका पूरा परिवार लखनऊ में रहता था। अनुराग पेशे से किसान था। शुक्रवार को ही उसकी पत्नी बच्चों को लेकर गांव आई थी। पत्नी प्रियंका लखनऊ स्थित एक बैंक में कार्यरत थी। इसके अलावा 260 बीघा खेती थी। अनुराग ने बीएससी एग्रीकल्चर तक की पढ़ाई की थी। इसलिए उसको खेती में रुचि थी। वह खेती संभालता था। दो मंजिल बने घर में एसी आदि की भी सुविधा थी। पुलिस को मौके से बियर की कैन भी मिली हैं।

### पांच लोगों की हत्या

रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र में शनिवार को दिल दहला देने वाली घटना हुई। एक युवक ने संदिग्ध हालात में अपने पूरे परिवार की हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। युवक समेत परिवार के छह लोगों की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पल्हापुर गांव निवासी अनुराग सिंह (45) का शुक्रवार रात अपने परिजनों का किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद शनिवार देर रात करीब ढाई से तीन बजे के बीच उसने अपनी मां सावित्री (62) और पत्नी प्रियंका सिंह (40) की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद बेटी अस्वी (12), अर्ना (8) और पुत्र आद्विक (4) को छत से नीचे फेंक दिया। सभी को मारने के बाद खुद को गोली मार ली।

# चौथे चरण का चुनाव प्रचार थमा, आज सुबह बूथ के लिए रवाना होंगी पोलिंग पार्टियां, 13 सीटों पर चुनाव

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी में चौथे चरण के मतदान के लिए चुनाव प्रचार शनिवार शाम से थम गया। इस चरण में यूपी की 13 सीटों के लिए 13 मई को वोट पड़ने हैं। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण की 13 सीटों और ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए पोलिंग पार्टियां रविवार को रवाना होंगी। चौथे चरण का मतदान सोमवार को होगा। पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले सभी को हीट स्ट्रोक से बचने के साथ-साथ मेडिकल किट दी जाएगी। चौथे चरण में प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई(अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर, बहराइच (अजा) में मतदान होगा। ददरौल विधानसभा शाहजहांपुर जनपद में आता है। उन्होंने बताया कि चतुर्थ चरण के लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों से सम्बन्धित सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को मतदान केन्द्रों और पोलिंग बूथों पर मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए जरूरी सुविधाएं मुहैय्या कराने के निर्देश दिए गए हैं।



### चुनाव में अब तक 33.62 करोड़ कैश पकड़ा गया

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि अब तक 415.38 करोड़ की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नकदी आदि जब्त किए गए। इसमें 33.62 करोड़ कैश, 51.13 करोड़ की शराब, 231.30 करोड़ की ड्रग और 22.70 करोड़ की बहुमूल्य धातुएं आदि हैं। दस मई को 25.67 लाख रुपये कैश, 41.20 लाख रुपये शराब, 68.92 लाख की ड्रग प्रमुख जब्ती रही। सघन जांच के लिए 464 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट और 1730 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित हैं। 16 मार्च से 10 मई तक अपराधिक व्यक्तियों के 536 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4709 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। शांति भंग की आशंका में 27,29,805 लोगों को पाबन्द करने के लिए नोटिस भेजे गए हैं। इनमें से 24,75,827 लोगों को पाबन्द किया जा चुका है।

### 06 एनसीआर सहित कुल 135 रिपोर्ट दर्ज की गई

इसी तरह अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से कुल 1.52 करोड़ प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 93,71,966 तथा निजी स्थानों से 58,61,894 प्रचार-प्रसार सामग्री हटाई गई। वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग के 1280 मामलों और लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के 2195 मामलों में कार्यवाही की गई। बिना अनुमति के सभा व भाषण करने, मतदाताओं को लुभाने के लिए नकदी बांटने, वाहनों में बीकन लाइट, फ्लैग के दुरुपयोग एवं अन्य मामलों में 129 एफआईआर दर्ज, 06 एनसीआर सहित कुल 135 रिपोर्ट दर्ज की गई।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** राहुल के इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल बढ़ गई, कांग्रेस में भी तरह-तरह की सुगबुगाहट शुरू हो गई

# कांग्रेस ने भी गलतियां की हैं, पार्टी को भी अपनी राजनीति बदलनी होगी: राहुल गांधी

- समृद्ध भारत फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'संविधान सम्मेलन' में यह टिप्पणी कर सभी को चौंका दिया
- उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी नजर में कांग्रेस को किस परिवर्तन की जरूरत है

जन एक्सप्रेस । डॉ. वैभव शर्मा

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के बीच राजधानी लखनऊ में आयोजित संविधान सम्मेलन समारोह में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यह कहकर सभी को चौंका दिया कि उनकी पार्टी ने भी गलतियां की हैं और भविष्य में उन्हें अपनी राजनीति बदलनी होगी। राहुल के इस बयान के बाद राजनीतिक हलचल बढ़ गई। कांग्रेस में भी तरह-तरह की सुगबुगाहट शुरू हो गई। समृद्ध भारत फाउंडेशन द्वारा शुक्रवार को आयोजित संविधान सम्मेलन में राहुल ने यह कहकर सभी को चौंका दिया आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी को भी अपनी राजनीति बदलनी होगी, यह तो करना ही पड़ेगा। मैं यह भी कहना चाहता हूं कि कांग्रेस पार्टी ने भी गलतियां की हैं और मैं यह बात कांग्रेस पार्टी से होते हुए कह रहा हूं हालाँकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि उनकी नजर में कांग्रेस को किस परिवर्तन की आवश्यकता है।



### पीएम से भी बहस करने के लिए 100 प्रतिशत तैयार हूं

उन्होंने कहा, मैं किसी से भी, प्रधानमंत्री से भी बहस करने के लिए 100 प्रतिशत तैयार हूं। लेकिन मैं जानता हूं कि प्रधानमंत्री मुझसे बहस नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी बहस में हिस्सा ले सकते हैं।

### खुलेआम निजीकरण की अनुमति नहीं देंगे

यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी सरकार द्वारा निजीकरण किए गए संस्थानों का फिर से राष्ट्रीयकरण किया जाएगा, गांधी ने कहा, यह मुश्किल होगा लेकिन हम बड़े संस्थानों के खुलेआम निजीकरण की अनुमति नहीं देंगे।

### प्रधानमंत्री नहीं बल्कि एक राजा हैं नरेंद्र मोदी

राहुल ने नरेंद्र मोदी पर प्रधानमंत्री नहीं बल्कि एक राजा होने का आरोप लगाया और उन्हें दो-तीन फाइनेंसरों का मुखौटा बताया। उन्होंने प्रधानमंत्री पर संविधान पर हमला करने का आरोप लगाया। गांधी ने कहा, मोदी जी राजा हैं, मैं सच कह रहा हूं। वह प्रधानमंत्री नहीं हैं, वह एक राजा हैं। उन्हें कैबिनेट, संसद या संविधान से कोई लेना-देना नहीं है। वह 21वीं सदी के राजा हैं और उन दो या तीन फाइनेंसरों के सामने हैं जिनके पास वास्तविक शक्ति है।

### आपको लिखित में दे सकता हूं कि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे

गांधी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ भाजपा 180 से कम सीटों पर सिमट जाएगी। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के साथ उत्तर प्रदेश में संयुक्त रैलियों में की गई भविष्यवाणी को दोहराते हुए कहा, अगर आप चाहें तो मैं आपको लिखित में दे सकता हूं कि नरेंद्र मोदी फिर से प्रधानमंत्री नहीं बनेंगे।

### क्या आप 10 फीसदी आबादी को महाशक्ति बनाना चाहते हैं?

उन्होंने कहा कि भारत में 90 प्रतिशत आबादी एससी/एसटी, ओबीसी, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक और सामान्य समुदाय के गरीबों की है, जिन्हें समान भागीदारी नहीं दी जाती है।फिर उन्होंने जाति-आधारित जनगणना के लिए अपना आह्वान दोहराया। अगर देश को मजबूत करना है, तो 90 प्रतिशत को शामिल किए बिना ऐसा नहीं किया जा सकता है। यदि आप कहते हैं कि नौकरशाही, खेल, मीडिया, न्यायपालिका और यहां तक कि सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भी 90 प्रतिशत नहीं आएंगे, तो आप कौन सी महाशक्ति बनेंगे? क्या आप 10 फीसदी आबादी को महाशक्ति बनाना चाहते हैं?

# अगर ईवीएम में गड़बड़ी न हुई तो नहीं आएगी मोदी सरकार: मायावती

जन एक्सप्रेस । श्रावस्ती

श्रावस्ती जिले के कटरा के पर्यटन मैदान में शनिवार को बसपा की ओर से जनसभा का आयोजन हुआ। जिसमें बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री ने मंडल स्तरीय प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्हें जिताने की अपील की। इस दौरान उन्होंने सपा, भाजपा व कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। जनसभा में बसपा सुप्रीमो व पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि केंद्र सरकार जो निश्शुल्क खाद्यान्न दे रही है। वह अपने पैसे से नहीं बल्कि आपके ही टैक्स के पैसे से दे रही है। बीजेपी व उनके सहयोगी दलों के जातिवादी, पूंजीवादी, सांप्रदायिक व द्वेषपूर्ण नीतियों के कारण उनकी कथनी व करनी में अंतर है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### कूलर के करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ में कूलर के करंट की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेड़ निवासी जितेंद्र वर्मा 30 वर्ष शुक्रवार की रात को अपने काम से लौटने के बाद नहाकर कमरे में बैठा हुआ था। इस दौरान उसने जैसे ही कूलर के पास लगे तार पर अपने कपड़े डाले। तभी उसे करंट लग गया। जिससे वह अचेत हो गया। तभी परिजन मौजूद लोगों की मदद से अस्पताल ले गए। लेकिन युवक की अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में मौत हो गई। मृतक के चाचा गुलाब वर्मा ने बताया कि कूलर में करंट आ रहा था। जिससे उसकी मौत हुई है। फिलहाल समाचार लिखे जाने तक मृतक के शव का पंचनामा नहीं हो सका है।

### यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 97 वाहनों से जुर्माना अधिरोपित

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर यातायात राज कमल के नेतृत्व में प्रभारी यातायात शैलेन्द्र सिंह द्वारा यातायात जागरुकता अभियान के अंर्तगत यातायात नियमों का उल्लघंन कर यात्रा करने वाले कुल 97 दो पहिया, चार पहिया, ई रिक्शा, आटो टैक्सी, टेम्पों वाहनों का कुल 2,44,100 रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया। प्रभारी यातायात ने सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि सडक पर यात्रा करते समय दो पहिया पर हेलमेट, चार पहिया वाहन में सीट बेल्ट आदि का प्रयोग करें। पुलिस आपकी सुरक्षा के लिए तैनात है, कि किसी भी प्रकार की कोई भी अप्रिय घटना घटित न हो पाए। इसीलिए सभी वाहन चालकों से अनुरोध है कि वह यातायात नियमों का पालन करें।

### 3 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यावही

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 3 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी। सरधुवा थाना प्रभारी निरीक्षक आशुतोष तिवारी द्वारा देवशरण निवासी दरसेडा, विपुल मिश्रा निवासी अरछा बरेठी के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार बहिलपुरवा थानाध्यक्ष राम सिंह द्वारा विपिन कुमार निवासी सेमरदास के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।

### अवैध शराब के साथ दो गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में चित्रकूट पुलिस ने 2 आरोपियों के कब्जे से 34 लिटर कच्ची शराब बरामद की गयी। बहिलपुरवा थाना के उप निरीक्षक यूटी अनुभव वर्मा तथा उनके हमराही द्वारा मिथलेश पटेल निवासी मडैयन को 14 लिटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी प्रकार राजापुर थाना के उप निरीक्षक कन्हैया बक्श सिंह तथा उनके हमराही द्वारा रामबाबू निषाद निवासी रायपुर को 20 लिटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

# डीएम व एसपी ने ली एफएसटी एसएसटी टीमों की बैठक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद तथा पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन -2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी रूप से संपन्न करने के लिए गठित उड़न दस्ता (एफएसटी), स्थैतिक जांच दल (एसएसटी) टीमों के साथ समीक्षा बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने सभी उपस्थित मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया कि आप लोगों को सभी संसाधन दिए गए हैं, लेकिन अभी तक कुछ भी शीज नहीं किया गया। उन्होंने जनपद बांदा का उदाहरण देते हुए कहा कि लगभग तीन करोड शीज किया गया है। यहां पर अभी तक कुछ नहीं शीज किया गया है इसमें प्रगति कराएं। उन्होंने कहा कि प्रेक्षक भी आई थी, लेकिन आप लोग कहीं दिखे नहीं केवल ग्रुप में फोटो डाल देते हैं कोई गाडी नहीं मिलती है। साथ ही कहा कि लगभग डेढ़ महीने हो गए हैं, लेकिन कुछ जनपद में शीज नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि यहां पर माइन्स खनन का स्कोप है, इसमें आप लोग मेहनत करें केवल ड्यूटी न करें। उन्होंने कहा कि बैरियर से हटकर भी जांच करें। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन आयोग का सख्त निर्देश है कि कोई नगदी, सोना, शराब आदि लेकर जा रहा हो, उसको शीज किया जाए। उन्होंने वरिष्ठ कोषाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी एक्टिविटी रोज कितनी गाडियां चेक की जा रही है, इसकी रिपोर्ट शिफ्ट के अंत में लें। उन्होंने कहा कि अभी 9 दिन बचा है। इसमें कोई शराब बाटेगा, कोई पैसा बटेगा इस पर विशेष नजर रखें। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कहा कि हम लोगों के पास इतना मैन पावर लगा और रिजल्ट शून्य है, इसमें मेहनत करें। 8 घंटे की ड्यूटि लगी है तो इसमें ईमानदारी से करें। उन्होंने कहा कि शिफ्ट में महिला पुलिस कर्मियों की भी ड्यूटी लगेगी। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने पर दो कर्मचारियों की रिपार्ट

चित्रकूट। प्रभारी अधिकारी कार्मिक लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बताया कि प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी वीरेंद्र कुमार खंडीय लेखाधिकारी लोक निर्माण विभाग, मतदान अधिकारी प्रथम नरेंद्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी मऊ शनिवार को प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में अनुपस्थित पीठासीन अधिकारी वीरेंद्र कुमार खंडीय लेखाधिकारी लोक निर्माण विभाग के विरूद्ध लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के कार्य में लापरवाही, उदासीनता बरतने के सम्बन्ध में नियमानुसार सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रथम मतदान अधिकारी नरेंद्र सिंह ग्राम विकास अधिकारी मऊ के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई।

### 4 जुआरियों को जुआ खेलते किया गिरफ्तार

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष रैपुरा शैलेन्द्रचन्द्र पाण्डेय ने बताया कि उप निरीक्षक दिनेशचन्द्र पाण्डेय तथा उनकी टीम द्वारा कलवारा पुरवा मजरा भौंरी से रामदीन निवासी गायत्री नगर थाना कोतवाली नगर बांदा, शुभम श्रीवास्तव उर्फ कृष्ण कान्त निवासी पुरानी बाजार धुस मैदान, मुकेश सोनी निवासी सोनारन का पुरवा मजरा शिवरामपुर व चन्द्रिका मिश्रा निवासी बस स्टैण्ड के पास रामनगर को ताश के पत्तों को हारजीत की बाजी लगाकर जुआ खेलते हुये गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से मालफड 10500 रुपये, 52 ताश के पत्ते व जामा तलाशी से 6500 रुपये तथा एक मोटरसाइकिल बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना रैपुरा में जुआ अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तारी के दौरान उप निरीक्षक यूटी नीतीश यादव, मुख्य आरक्षी राजकुमार, आशाराम, आरक्षी अंकित शुक्ला, अश्विनी कुमार, अजीत यादव आदि मौजूद रहे।

## एसओजी व पुलिस ने असलहा फैक्ट्री से उठाया पर्दा, सीओ ने किया खुलासा



जन एक्सप्रेस । उरई

कोटरा पुलिस व एसओजी की टीम ने क्षेत्र के ग्राम करथरा के जंगल में संचालित हो रही असलाहा फैक्ट्री का फंडा फोड़ दिया। जहां से भारी मात्रा में बने हुए असलाहा व कारतूस सहित असलहा बनाने के उपकरण बरामद किए। इस दौरान टीम ने तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने किया।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ईरज राजा के निर्देशन में कोटरा पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण से पहले एक बड़ी सफलता हासिल की है। बताया गया कि कोटरा के ग्राम करथरा के जंगल में बने एक घर में लंबे समय से अवैध असलाहा बनाने का सिलसिला जारी था। शनिवार को मुखबिर द्वारा अवैध रूप से संचालित हो रही असलाहा फैक्ट्री की भनक एसओजी प्रभारी सत्येंद्र कुमार को लगी। भनक लगते ही उन्होंने अपनी टीम सहित थाना पुलिस की टीम के साथ मुखबिर के बताए ठिकाने पर दविश डाल दी। जहां पर घेराबंदी कर मौके से विपिन चौहान, सचिन उर्फ वीर सिंह निवासीगण ग्राम बैरई कालपी व जितेंद्र निवासी ग्राम सतराजू कोतवाली चुर्खी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों की निशानदेही पर मौके से 6 पिस्टल, एक बंदूक, करीब दो दर्जन तमंचे बने हुए, एक अधवना तमंचा, दो दर्जन कारतूस के अलावा असलाहा बनाने की उपकरण बरामद किए। मामले का खुलास सीओ गिरजाशंकर त्रिपाठी ने किया।

## वीवीपैट कमिश्निंग एवं ईडीसी का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

लोकसभा सामान निर्वाचन 2024 को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराए जाने के लिये जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शनिवार को चित्रकूट इण्टर कॉलिज में हो रही ईवीएम, वीवीपैट कमिश्निंग एवं ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट फॉर्म 13 ख) का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने विधानसभा कर्वी-236, मानिकपुर-मऊ -237 के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देशित किया कि कोई भी स्टाफ मोबाइल लेकर अंदर न जाए। मोबाइल एक बॉक्स में सुरक्षित जमा कराएं। उन्होंने कहा कि ईवीएम मशीन को टेस्ट कराएं की मैच हुआ कि नहीं यह सुनिश्चित कराएं। कमिश्निंग में किसी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि दोनों विधानसभाओं में लाक बुक मेंटेन कर उसमें सम्बन्धित का हस्ताक्षर कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि ईडीसी के जो फार्म प्राप्त हो रहे हैं, उसे रिसीव करते रहें। उन्होंने कहा कि दोनों विधानसभाओं को अलग-अलग पार्ट में डिवाइड करें, कोई भी सामान इधर से उधर न जाने पाए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी लोग अपना आई कार्ड लगाए रहे। साथ ही जिलाधिकारी ने सीसीटीवी कैमरा रूम का निरीक्षण किया तथा निर्देशित किया कि सीसीटीवी कैमरा सतत् संचालित रहना चाहिए।

इसके बाद जिलाधिकारी ने विधान सभा 236-चित्रकूट, विधानसभा-237 मानिकपुर में ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट फॉर्म 13 ख) का निरीक्षण किया। ईडीसी ऐसे मतदाता जो इस जिले के निवासी हैं और इस लोकसभा में मतदाता है, उनको ईडीसी की सुविधा प्राप्त है वह फॉर्म 12 क ईपिक, फोटो कॉपी तथा इलेक्शन ड्यूटी की फोटो कॉपी लगाकर जमा कर ईडीसी फॉर्म 13 ख प्राप्त कर सकते हैं। जिलाधिकारी ने कमिश्निंग प्रभारी व चुनाव ड्यूटी में लगे प्रभारी को निर्देशित किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए, जो प्रशिक्षण व कमिश्निंग हो रही है वह तत्परता के साथ मनोयोग से करें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, मऊ राकेश कुमार पाठक, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, डीसीएनआरएल एम ओम प्रकाश मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### साइबर अपराध के प्रति जागरूकता पाठशाला का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी नगर राज कमल ने जे.एम. सिंह बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी में साइबर अपराध के प्रति जागरुकता पाठशाला का आयोजन किया। पाठशाला में छात्र-छात्राओं को विस्तृत रुप से साइबर अपराधों की जानकारी दी गयी। साथ ही बताया कि साइबर अपराधी आये दिन ठगी के नये-नये तरीके अपना रहे है। इसलिए सोशल मीडिया या इन्टरनेट बैंकिग का प्रयोग करते समय सतर्क रहें। पाठशाला में साइबर सेल में नियुक्त आरक्षी प्रशांत कुमार ने साइबर अपराध से बचने व उनके रोकथाम के लिए हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग करने के सम्बन्ध में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं को बताया। साथ ही साइबर अपराध से बचने के लिए सभी को जागरूक किया।

## धूमधाम से मनाया परशुराम का जन्मोत्सव



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर सवर्ण आर्मी टीम ने लालापुर आसावर माता में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष संदीप द्विवेदी, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुलदीप पांडेय, जिला महामंत्री संदीप मिश्रा, जिला कार्यकारी सदस्य प्रियांशु मिश्रा, सदस्य अनूप शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष गिरीश चंद पांडेय, जिला मंत्री प्रकाश पांडेय, जिला संरक्षक अरविंद पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुर छोटा शुक्ला, सदस्य सरवन उपाध्याय, जिला मंत्री अवनीश पांडेय, मंडल अध्यक्ष अशोक पांडेय, जिला महासचिव विनय मिश्रा, सदस्य मनोज पांडेय, सदस्य पुनीत मिश्रा, बरगढ प्रधान शैलेश शुक्ला, अखिलेश पांडेय, सदस्य शिव शंकर शुक्ला, सदस्य प्रहलाद शुक्ला, वरिष्ठ सदस्य मनोज मिश्रा, वरिष्ठ सदस्य विजय कुमार पांडेय, विधानसभा प्रभारी शिव शंकर तिवारी, मोनू, अमित, गोलू, प्रियांशु, केशव, विष्णु पंडित, रोहित शुक्ला ब्लॉक अध्यक्ष मऊ आदि मौजूद रहे।

हाईकोर्ट का आदेश

## अब वसीयत का पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं

### 2004 का संशोधन भी घोषित किया शून्य

जन एक्सप्रेस । प्रयागराज



हाईकोर्ट ने इस संशोधन कानून को भारतीय पंजीकरण कानून के विपरीत करार दिया है। 23 अगस्त 2004 से वसीयतनामे का पंजीकरण कराना तत्कालीन सरकार ने अनिवार्य कर दिया था। वहीं, अब हाईकोर्ट ने कहा कि वसीयत पंजीकृत नहीं है तो वह अवैध नहीं होगी। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक मामले की सुनवाई करते हुए आदेश दिया कि उत्तर प्रदेश में वसीयत पंजीकरण कराना अनिवार्य नहीं है। साथ ही कोर्ट ने 2004 का संशोधन कानून भी शून्य घोषित कर दिया है। हाईकोर्ट ने उत्तर प्रदेश जमींदारी विनाश एवं भूमि सुधार अधिनियम की धारा 169 की उपधारा 3 को भी रद्द कर दिया है।

हाई कोर्ट ने इस संशोधन कानून को भारतीय पंजीकरण कानून के विपरीत करार दिया है। 23 अगस्त 2004 से वसीयतनामे का पंजीकरण कराना तत्कालीन सरकार ने अनिवार्य कर दिया था। वहीं, अब हाईकोर्ट ने कहा कि वसीयत पंजीकृत नहीं है तो वह अवैध नहीं होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति सिद्धार्थ वर्मा और न्यायमूर्ति अजित कुमार की खंडपीठ ने दिया है। खंडपीठ ने मुख्य न्यायाधीश की ओर से भेजे गए रेफरेंस को निस्तारित करते हुए यह आदेश दिया है। याचिका पर अधिवक्ता आनंद कुमार सिंह ने बहस की। कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई करते हुए रेफरेंस संशोधित कर मूल मुद्दे पर अपना फैसला सुनाया है।

## कृषि विज्ञान केन्द्र गनिवां में राष्ट्रीय तकनीकी दिवस कार्यक्रम सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

राष्ट्रीय तकनीकि दिवस को दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केन्द्र गनिवां चित्रकूट द्वारा केन्द्र में देश में पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी बाजपेयी एवं पूर्व राष्ट्रपति ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को याद करते हुए उनके द्वारा देश के लिए किये गये परमाणु परिक्षण एवं इस दिवस को देश के वैज्ञानिको एवं तकनीकि कार्यकर्ताओं को समर्पित करते हुए बदलती जलवायु में बुंदेलखंड की कृषि का परिदृश्य विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वरिष्ठ एवं अग्रिणी कृषक घनश्याम शुक्ला, इंजी. राजेश त्रिपाठी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे कमला शंकर शुक्ला, प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख ने दीपप्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम में कृषि मौसम सूचना एवं उसका कृषि पर प्रभाव विषय पर केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ मनोज शर्मा ने प्रकाश डाला। साथ ही कृषि मौसम पूर्वानुमान की अपने दैनिक उपयोगिता एवं कृषि क्रियाओं के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की। बुन्देलखण्ड में जलवायु संवेदी कृषि तकनीकि विषय पर सतीश पाठक ने किसानों को जल संरक्षण एवं प्रबंधन की विधियों के बारे में सम्पूर्ण जानकारी दी।

**✻ आवश्यकता अविष्कार की जननी : कमला शंकर शुक्ल**

केन्द्र के वैज्ञानिक विजय गौतम ने प्राकृतिक खेती एवं उत्पाद तथा उनकी गुणवत्ता के विषय में जानकारी प्रदान करने के साथ ही किसानों को प्राकृतिक खेती का महत्व एवं उत्पादन तकनीकि के बारे में किसानों को अवगत कराया। केन्द्र के वैज्ञानिक पुष्पेन्द्र दीक्षित ने किसानों को ड्रोन तकनीकि के बारे में बताते हुए मूंग की फसल पर ड्रोन के माध्यम से दावा की छिडकाव कर किसानों को प्रदर्शन दिखाया गया। इंजी. राजेश त्रिपाठी ने नाना जी द्वारा किये गए समाज कार्य में तकनीकि प्रयोग एवं उनके दूर दृष्टि के बारे में बताया। नाना जी द्वारा किये गये हर कार्य में तकनीकि महत्व एवं उसका समाज कार्य के लिए उपयोग से अवगत कराया। कमला शंकर शुक्ला ने किसानों को राष्ट्रीय तकनीकि दिवस एवं हमारे जीवन में तकनीकी उपयोग एवं उसके महत्व के विषय में कहा कि आवश्यकता अविष्कार की जननी होती है, आप सब जब भी अपनी कृषिगत समस्याओं के विषय में अवगत कराएंगे उसी के आधार पर कृषि वैज्ञानिक आपके लिए आवश्यक प्रयास के साथ उपयोगी तकनीकी आप तक उपलब्ध कराने के लिए प्रयत्न करेंगे। इस मौके पर गृह वैज्ञानिक ममता त्रिपाठी, प्रसार कार्यकर्ता अलोक गुप्ता, अंकुर त्रिपाठी, अभय गर्ग, सुरेश यादव, विनय उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### युवक ने सूने घर में फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। डकोर कोतवाली क्षेत्र के जैसारी खुर्द में नशे की हालत में युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर के ग्राम जैसारी खुर्द निवासी राजेंद्र अहिरवार 26 वर्ष दिल्ली में अपनी पत्नी क्रांति और दो बच्चों के साथ दिल्ली में रहकर मजदूरी करता था। पिछले दो महीने से खेत पर फसल की कटाई की वजह से राजेंद्र अपने गांव आया हुआ था। जबकि उसकी पत्नी और बच्चे दिल्ली में ही थे। शुक्रवार रात को राजेंद्र के पड़ोस में एक तिलक समारोह था। जिसमें वह परिवार के बाकी लोगों के साथ गया हुआ था। जहां उसने काफी शराब पी ली, और इसके बाद नशे की हालत में वह अकेला घर आ गया। घर आने के बाद उसने कपड़े का फंदा गले में डालकर वह फांसी पर लटक गया। कुछ देर बाद जब परिवार के लोग घर आए तब उन्होंने उसे फांसी पर लटका देखा तो उनमें हड़कंप मच गया। मौजूद लोगों की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मृतक के भाई वीरेंद्र ने बताया कि उसका भाई राजेंद्र काफी शराब पीने लगा था। जिसने तिलक समारोह में भी शराब पी रखी थी। जिसे समझा बुझाकर घर भेज दिया गया था।

### चोरों ने लाखों रूपये की सूने घर में की चोरी, पीड़ित ने दी तहरीर

जन एक्सप्रेस/उरई/जालौन। घर में घुसे चोरों ने लाखों के सोने चांदी के आभूषणों के साथ एक लाख रुपए चोरी कर लिए। पीड़ित ने गांव के ही दो लोगों पर चोरी करने का शक जताते हुए कोतवाली में तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम औरेखी निवासी रामकुमार ने पुलिस को बताया कि वह परिवार के साथ 10 मई दिन शुक्रवार को भांजे की शादी में मनोरी गए थे। घर में उनका बेटा अनूप था। रात में बेटे के सोने के बाद घर में दो युवक पीछे से घुस आए। उन्होंने अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे एक लाख 10 हजार रुपए नकद, सोने की मनचली, तीन पेंडिल, छह अंगूठी, नाक की बाली, चांदी का बिछुआ व चांदी के तीन सिक्के चोरी कर लिए। पीड़ित ने ने गांव के ही दो युवकों पर चोरी का आरोप लगाया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। इस संदर्भ में कोतवाल विमलेश कुमार ने बताया कि चोरी की जांच की जा रही है। जो उचित होगा कार्रवाई की जाएगी।

## लोहे की रॉड से पीट-पीटकर युवक की हत्या, हत्यारोपी की तलाश में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस । उरई



जालौन में एक युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। साथ ही उसके शव को गांव के बाहर खेत में फेंककर हत्यारोपी मौके से भाग गए। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। वहीं सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। जिन्होंने जांच करते हुए मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माडरी गांव का रहने वाला युवक आकाश कुमार गुप्ता पुत्र विजय नारायण शुक्रवार रात को गांव के पास एक खेत में फसल की थ्रेसिंग करवाने गया था। मगर देर रात तक वह घर नहीं लौटा था। सुबह जब ग्रामीण घूमने के लिए खेत पर गए तो उन्होंने युवक आकाश का रक्तरंजित अवस्था में शव देखा। जिन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर जालौन के सीओ रामसिंह और कोतवाल विमलेश कुमार मौके पर पहुंचे। जिन्होंने फॉरेंसिक टीम के साथ मिलकर जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शव देखकर ऐसा लग रहा है कि किसी ने युवक की लोहे की रॉड से पीट-पीटकर हत्या की हो। इस घटना के बारे में जालौन के क्षेत्राधिकारी राम सिंह का कहना है कि सुबह सूचना मिली कि एक युवक का शव खेत में खून से लथपथ पड़ा है। इस सूचना पर फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय ज्ञान परंपरा हमें हमारे धरोहर की मूल्यवान समृद्धि का कराती है अनुभव

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

गोस्वामी तुलसीदास राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विनय कुमार चैधरी ने बताया कि इग्नू द्वारा एक विशेष वेबिनार का आयोजन किया गया। जिसमें बताया गया कि भारतीय ज्ञान परंपरा वह अनमोल धरोहर है जो हमे हमारे पूर्वजों की संवेदनशीलताए, समृद्धि और ज्ञान के साथ जोड़ती है। यह विश्व की सबसे प्राचीन और उन्नत संस्कृतियों में से एक है, जिसने समय के साथ निरंतर अपना विकास किया है। यह विचार इग्नू अध्ययन केन्द्र जयनारायण पीजी कॉलिज लखनऊ तथा इग्नू अध्ययन केन्द्र स्वामी शुकदेवानन्द कॉलिज शाहजहाँपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक वेबिनार में जय प्रकाश विश्वविद्यालय छपरा बिहार के पूर्व कुलपति प्रो हरिकेश सिंह ने व्यक्त किए।पूर्व कुलपति प्रो हरिकेश ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का आधार प्राचीन समय से ही वेदों, उपनिषदों और पुराणों में रखा गया था। वेदों में ग्रंथों का आधार रखने वाले ऋषियों की धारणा, तत्त्वज्ञान, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान की अद्वितीय प्रवृत्ति को दर्शाते हैं। उपनिषदों ने मनुष्य की असीम शक्तियों और उसके आत्मा के गहरे पहलुओं को छूने का प्रयास किया। पुराणों में धार्मिक और सांस्कृतिक महत्वपूर्ण कथाएं, चरित्र और उपदेश होते हैं, जो आज भी हमारे जीवन का मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा की एक अद्वितीय विशेषता उसकी प्राचीनता और अद्वितीयता है। यह ज्ञान परंपरा न केवल भारत में बल्कि पूरे विश्व में आदर्श मानी जाती है। आज के समय में भी इस ज्ञान परंपरा का बहुत महत्व है और हमें इसके प्रति समर्पित रहना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा हमें हमारे धरोहर की मूल्यवान समृद्धि का अनुभव कराती है और हमें एक अध्यात्मिक, धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध जीवन जीने के लिए प्रेरित करती है। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक कार्यक्रम की संरक्षक डॉ मनोरमा सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा के अध्ययन से प्राचीन काल से लेकर आधुनिक काल तक के ज्ञान के विकास के इतिहास का ज्ञान मिलता है। इसमें वेदों से लेकर आधुनिक काल के धार्मिक और सामाजिक बदलावों तक का सफर शामिल है। उन्होंने कहा कि इग्नू विश्वविद्यालय द्वारा भारतीय ज्ञान परम्परा से सम्बन्धित विभिन्न पाठ्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें वैदिक अध्ययन, हिन्दी व्यवसायिक लेखन, हिन्दू अध्ययन, संस्कृत, ज्योतिष में स्नातकोत्तर, भारतीय कालगणना, वैदिक गणित में प्रमाण.पत्र, संस्कृत साहित्य में विज्ञान में पीजी डिप्लोमा आदि शामिल हैं। यह पाठ्यक्रम युवाओं को भारतीय संस्कृति सम्बन्धित ज्ञान संवर्धन एवं रोजगार प्रदान करने में सहायक है। इग्नू अध्ययन केन्द्र शाहजहांपुर के समन्वयक डॉ प्रभात शुक्ला ने कहा कि भारत में ज्ञान की एक अनवरत् परम्परा रही है तथा शिक्षा को जीवन का अनिवार्य अंग माना जाता रहा है। भारतीय ज्ञान परंपरा का एक महत्वपूर्ण पहलू उसकी विद्या प्रणाली है। भारतीय शिक्षा पद्धति गुरु-शिष्य परंपरा पर आधारित है। भारतीय शिक्षा प्रणाली न केवल विद्यार्थियों को शैक्षिक ज्ञान प्रदान करती है, बल्कि उन्हें धार्मिक, नैतिक और सामाजिक मूल्यों की भी शिक्षा देती है। इस सम्बन्ध में इग्नू द्वारा संचालित पाठ्यक्रम विद्यार्थियों के ज्ञान के विकास में निश्चित ही वृद्धिकारी व उपयोगी हैं। इग्नू अध्ययन केन्द्र जयनारायण पीजी कॉलिज लखनऊ के समन्वयक डॉ विवेक सिंह ने कहा कि आधुनिक युग में भी भारतीय ज्ञान परंपरा का अत्यधिक महत्व है। इसे बचाकर रखने के लिए हमें अपने ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के प्रति समर्पित रहना चाहिए। भारतीय ज्ञान परंपरा हमारी राष्ट्रीय और वैश्विक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा है और हमें इसे संजीवनी रूप में संरक्षित करने का प्रयास करना चाहिए। वेबिनार का संयोजन एवं संचालन इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ की सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ रीना कुमारी ने किया। साथ ही अन्त में सभी का आधार एडिशनल डायरेक्टर डॉ अनिल कुमार मिश्रा ने व्यक्त किया। अन्त में श्रोताओं की भारतीय ज्ञान परम्परा विषयक जिज्ञासाओं का समाधान भी मुख्य वक्ता प्रो हरिकेश सिंह ने किया।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 37.4 (-2.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 24.6 (-0.8)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 65 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 36 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 12.7 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# सर्राफा व्यापारियों से 20 करोड़ के सोने की टप्पेबाजी कर व्यापारी फरार






**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर के थाना कलेक्टर गंज क्षेत्र स्थित नया गंज सर्राफा बाजार में एक व्यापारी बाजार के कई दुकानदारों का करोड़ों रुपए की कीमत का सोना लेकर लेकर बाजार से फरार हो गया। सूत्रों की माने तो करीब 20 करोड़ रुपए का सोना आरोपी लेकर भागा है। जिसकी छानबीन पुलिस कर रही है।

व्यापारी संदीप मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि नयागंज स्थित शिवगंगा भवन में उनका अंसिका ज्वैलर्स नाम से प्रतिष्ठान है। हरिओम गुप्ता नामक व्यक्ति जिसके प्रतिष्ठान का नाम श्री राधा वल्लभ ज्वैलर्स है। करीब 7 महीने से अपूर्वल में ज्वैलरी लेकर 2-4 दिन बाद आर0 टी0 जी0 एस0 से भुगतान कराने का व्यापार निरन्तर चल रहा था। हरिओम गुप्ता ने पिछले अप्रैल महीने में 800 ग्राम गोल्ड ज्वैलरी, अंशिका ज्वैलर्स व 560 ग्राम गोल्ड ज्वैलरी राजू भाई ज्वैलर्स राधेकृपा मार्केट नयागंज से लेकर पहले की भाँति अपूर्वल में लेकर के 24 दिन बाद आर0 टी0 जी0 एस0 मोड से पेमेन्ट करने का कहा था, तीन दिन गुजरने के बाद फोन कर कहा पेमेन्ट करा दो तो हरिओम का कहना था कि तीसरी पार्टी से आना है बोल रखा है जैसे ही आता है पेमेंट कराता हूं। संदीप मिश्रा ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि दो तीन दिन बाद फिर फोन किया तो बोला कि पत्नी की तबियत खराब है दिल्ली मैक्स हास्पिटल इलाज कराने आया हूं वापस आकर कराता हूं। लेकिन 29 अप्रैल से लगातार फोन बन्द आ रहा। संदीप मिश्रा के द्वारा थानाध्यक्ष कलेक्टर गंज को तहरीर देकर फरार चल रहे हरिओम गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया गया है। डीसीपी पूर्वी एस.के. सिंह ने बताया की नया गंज सर्राफा बाजार में दो सर्राफा बाजार के दुकानदारों ने शिकायत दर्ज कराई है की राधा वल्लभ ज्वेलर्स के मालिक हरिओम गुप्ता एक का 500 ग्राम और दूसरे का 800 ग्राम सोना लेकर भाग गया है। जिसकी शिकायत दर्ज हुई है। पुलिस टीमें लगा दी गई हैं जल्द ही सफल खुलासा किया जाएगा।

**क्या बोले सर्राफा मार्केट के अध्यक्ष**

सर्राफा बाजार के अध्यक्ष पंकज अरोरा ने बताया की राधा वल्लभ ज्वैलर्स नाम से फर्म चलाने वाले हरिओम गुप्ता बाजार से करीब आधा दर्जन से अधिक दुकानदारों का करीब बीस करोड़ से ऊपर का सोना लेकर फरार है और घटना के लगभग चार से पांच महीने बीत गए। पुलिस का कहना अभी चुनाव ड्यूटी में सभी व्यस्त है।चुनाव ड्यूटी खत्म होने के बाद आरोपी की धर पकड़ होगी।

# जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में मातृ दिवस समारोह का किया आयोजन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जेएमडी वर्ल्ड स्कूल में शनिवार को मातृ दिवस समारोह आयोजित हुआ। इस आयोजन में विभिन्न प्रकार के गीत नृत्य का प्रस्तुति करण बग्चों एवम उनकी माताओं की ओर से किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत के साथ किया गया। प्री प्राइमरी के नन्हें बग्चों द्वारा डांस और गीत प्रस्तुत किए गए। डिसप्ले के माध्यम से मां के ऊपर बेस्ट तीन रील्स दिखाई गई। स्कूल की छात्राओं द्वारा कविता की प्रस्तुति की गई। प्राइमरी एवम् मिडिल क्लास के छात्रों द्वारा डांस प्रस्तुत किया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण माताओं के डांस का प्रस्तुति करण था। यह डांस रेट्रो थीम पर प्रस्तुत किया गया। माताओं के डांस के प्रस्तुतिकरण से ऑडिटोरियम तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। स्कूल प्रधानाचार्या श्रीमती मलिका अरोरा ने उपस्थित सभी माताओं को मातृदिवस की शुभ कामनाएं दी। सभी को मातृदिवस के इस आयोजन पर उपस्थित रहने हेतु धन्यवाद दिया।

इसके साथ ही पुरस्कार वितरण की शुरुआत हुई।

पुरस्कार बेस्ट रील और मम्मी ऑफ द डे के लिए दिया गया। बेस्ट मदर अवार्ड से मिस मोनिका पवार पुरस्कृत की गई। आयोजन के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवम् माताओं ने जलपान किया। इस अवसर पर कॉर्डिनेटर श्रीमती सोमी मिश्रा, श्रीमती आरती चंडोक एवम् श्रीमती नूरीन मिर्जा उपस्थित रहीं।

# मिट्टी माफियाओं के खिलाफ पनप रहा ग्रामीणों में आक्रोश

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



पतारा में तालाब में मिट्टी पुराई का ग्रामीणों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने पतारा चौकी पहुंचकर मामले की शिकायत की है। ग्रामीणों का आरोप है, कि रात भर वह पुलिस को तालाब में मिट्टी पुराई की सूचना देते रहे। लेकिन सुबह तक वहां कोई भी पुलिस कर्मी नही पहुंचा। जिसके चलते भू माफियाओं ने तालाब में लगभग 80 डंपर मिट्टी डालकर पुराई की है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने आक्रोश व्याप्त है। पतारा पुलिस ने ग्रामीणों को मिट्टी पुराई रुकवाने का आश्वासन दिया है। घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बा क्षेत्र में एक सैकड़ा लोगों के साथ जिला पतारा जिला पंचायत सदस्य कल्लू मिश्रा उर्फ प्रवीण मिश्रा ने पतारा चौकी पहुंचकर पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि पतारा कस्बा के तिलसाडा रोड पर स्थित देशी शराब ठेके के सामने लगभग तीन सौ वर्ष पुराना तालाब स्थित है। यहां पर शिरोमणिपुर, धरमंगदपुर, गौरनपुर गांव समेत पतारा कस्बे का पानी तालाब में जाता है। तालाब में पुराई होने से चार गांव में जल निकासी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। ग्रामीणों का आरोप है, कि यहां पर शुक्रवार देर रात डंपर से मिट्टी पड़ना शुरू हुई तो। ग्रामीणों ने तालाब पुराई होने की सूचना फोनकर पुलिस अधिकारियों को दी। ग्रामीणों ने घाटमपुर थाने में भी फोनकर मिट्टी पुराई होने की सूचना दी। लेकिन सुबह तक डंपरो से मिट्टी पुराई होती रही। कोई भी पुलिसकर्मी देखने नही पहुंचा है। पतारा चौकी इंचार्ज निशांत कुमार राना ने लोगो को तालाब पुराई रुकवाने का आश्वासन दिया है। चुनाव में अधिकारियो की व्यस्तता का फायदा उठाकर भू माफिया रातों रात तालाब को पुराई करवा रहे है। जिसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश व्यक्त है। ग्रामीणों ने पतारा चौकी पहुंचकर पुलिस से मामले की शिकायत की है। पुलिस ने मिट्टी पुराई रुकवाने का ग्रामीणों को आश्वासन दिया है।

# अपहरण के आरोपी को साढ़ पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

साढ़ पुलिस ने नाबालिक का अपहरण करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। साढ़ क़स्बा निवासी रमेश कुरील पुत्र रामनारायण ने पुलिस को लिखित में सूचना दी थी की उनकी पुत्री का अपहरण किसी ने कर लिया है। जिस पर पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए मुकदमा पंजीकृत कर मामले में जांच शुरू कर दी थी। बीते दिन साढ़ थाना क्षेत्र के सचौली के पास से मुखबिर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लड़की को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौप दिया। साढ़ प्रभारी निरीक्षक ने अपहरणकर्ता को गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की थी कल समय करीब बारह बजे साढ़ थाना के दरगाही लाल पुल के पास से अपाहरण कर्ता शादाब उर्फ़ गुरबाज पुत्र अतहर निवासी मसौली थाना मसौली जनपद बाराबंकी उम्र तेइस वर्ष को पुलिस पकड़ कर जेल भेज दिया।

# प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के तत्वावधान में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें वक्ताओं ने वोट देने के फायदे व वोट न देने के नुकसान गिनाये और आह्वान किया कि सशक्त राष्ट्र के लिए मतदान अवश्य करके मजबूत सरकार बनाएँ। कार्यक्रम का आयोजन के ब्लॉक, किदवई नगर स्थित श्री बाँके बिहारी पार्टी हॉल में हुआ। अतिथियों ने भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि प्रदेश के पूर्व मंत्री बाल चन्द्र मिश्र ने कहा कि आपके वोट से मजबूत सरकार बनती है तो उसकी गूँज वैश्विक पटल पर सुनायी देती है। विशिष्ट अतिथि भाजपा के सह लोक सभा क्षेत्र प्रभारी रमाकांत त्रिपाठी ने कहा कि राष्ट्रविरोधी लोग सत्ता में आकर राष्ट्रवादी सरकार के कार्यों को नष्ट कर सकते हैं। ऐसे लोग सत्ता में न आएँ, इसके लिए वोट देकर मजबूत सरकार बनवाएँ। अध्यक्षता कर रहे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग संघचालक डॉ. श्याम बाबू गुप्त ने कहा कि वोटिंग के दिन को छुट्टी मानकर तीर्थाटन करना राष्ट्र के लिए भारी पड़ सकता है क्योंकि स्वार्थी व कमजोर लोगों की सरकार में अराजकतत्व उन्हीं तीर्थों का अहित करने से नहीं चूकेंगे और राष्ट्र विरोधी कार्य करेंगे। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. हरि भाऊ खाण्डेकर ने विषय की प्रस्तावना रखी। अंत में प्रांत अध्यक्ष शंकर दयाल दुबे ने आगंतुकों का आभार प्रदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रांत सचिव सचिन शुक्ला ने किया।

इस अवसर पर आरएसएस प्रचारक व प्रांत मुख्य मार्ग प्रमुख डॉ. अमरनाथ, ग्राहक पंचायत के प्रांत पर्यावरण संरक्षण प्रमुख डॉ. सचेन्द्र कुमार त्रिपाठी, प्रांत महिला जागरण प्रमुख निमिषा त्रिपाठी, सह प्रांत रोजगार सृजन प्रमुख सौरभ त्रिपाठी, माधुरी शर्मा, दिवाकर त्रिपाठी, कोमल शुक्ला, मनीष तिवारी, राकेश गुप्ता, प्रमोद जायसवाल, सुरेश गुप्ता, राकेश रस्तोगी, अवधेश सिंह, रोबिन सिंह, नरेश कुमार गुप्ता, प्रताप चंद्रा, अर्जुन सिंह, राम किशन पाण्डेय, विजय पाण्डेय, आर. के. श्रीवास्तव, तपिश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्र को मजबूत करने के लिए करें शत प्रतिशत मतदान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद कानपुर के जिलाध्यक्ष प्रभात मिश्रा ने कहा कि भारत देश एक महान देश है जहा सभी संप्रदाय के लोग निवास करते हैं। हल्के से मनमुटाव के साथ जब देश पर बात आती है तो सब एक साथ खड़े मिलते है राष्ट्र में एक सशक्त सरकार बनाने के लिए हम सबको एक साथ मिलकर मतदान करना है कानपुर जनपद में 13 मई को चुनाव है जिसके लिए हम सब तैयार है और एक पर्व के रूप में उत्सव मनाते हुए अपने बूथ तक परिवार सहित जायेंगे और मतदान करके भारत देश को एक मजबूत और सशक्त सरकार बनाने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि हम सब एक समान है एक साथ मिलकर आओ चलो मतदान करे और भारत के हर जनपद से आगे चलकर मतदान को 90 प्रतिशत तक ले जाए।

# चुनाव प्रचार कल से खत्म, अब मतदान प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शनिवार को जिले के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि आज से चौथे चरण का प्रचार खत्म हो गया है। इस प्रचार के खत्म होने के बाद कोई भी दल किसी प्रकार का प्रचार नहीं कर सकता है और हमारी आम जनता से अपील है कि जो भी व्यक्ति इस कानपुर नगर का निवासी ना हो और ना ही मतदाता हो वह शहर में नही रह सकता है।साथ ही आज चौथे चरण का मतदान खत्म हो चुका है।मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किए गए।सरकारी विभागों के साथ सामाजिक संगठन, मीडिया हाउस ने मतदाता जागरूकता के लिए बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है।

रैली निकाल कर लोगो मतदान के प्रति जागरूक किया गया है। इस बार पहले की अपेक्षा दस प्रतिशत मतदान ज्यादा होगा अन्य जगहों से साथ पोलिंग बूथों से सौ मीटर के दायरे में मोबाइल प्रतिबंधित है। अगर कोई मतदाता मोबाइल ले जाता है तो पोलिंग बूथ पर रखने की समुचित व्यवस्था की गई।

साथ ही जो मतदाता बूथ पर गया है तो उसका वोट जरूर पड़ेगा और जो मतदाता अपनी फैमली के साथ वाहन से गया है तो वो पोलिंग बूथ से दो सौ मीटर पर अपना वाहन खड़ा करके वोट डालने जा सकता है।

और भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम के नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया है कि पोलिंग बूथों पर या आस पास छाया, सामुदायिक और पानी व्यवस्था की जाएगी।

जिससे किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो और आराम से अपने मत का प्रयोग अपनी स्वेक्षा से कर सके।

# फरार चल रहे लुटेरे को बिल्हौर पुलिस ने दबोचा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**




बिल्हौर पुलिस ने विवेचना के बाद प्रकाश में आए शातिर लुटेरे को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कानपुर पुलिस द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार लूट की घटना के मामले में विवेचना के बाद प्रकाश में आये अभियुक्त भोंदा उर्फ सरताज पुत्र मारूफ निवासी खुर्दगढा इन्द्रा नगर कस्बा व थाना बिल्हौर को नौ गजा पीर के पीछे पडे खाली नव निर्मित प्लाटिंग के पास से गिरफ्तार किया गया तथा सरताज उर्फ भोंदा का साथी दिलीप उर्फ खलीफा पुत्र स्व- सीताराम नि0 भगतसिंह नगर कस्बा व थाना बिल्हौर कानपुर नगर की तलाश जारी है। जिसकी गिरफ्तारी हेतु थाना स्थानीय से टीम बनाकर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# शातिर वाहन चोरों को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शहर की कोतवाली पुलिस ने शातिर चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कानपुर पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया है कि कोतवाली में दर्ज चोरी के मुकदमे में सब इंस्पेक्टर विकाश त्यागी, सब इंस्पेक्टर यतेन्द्र सिंह, सब इंस्पेक्टर धीरज शर्मा, हे.का. रवीश, का. सौरभ खितौलिया ने मुखबिर खास की सूचना पर उर्सला अस्पताल के अन्दर हक्कक के समाने से जो दोनों मोटर साइकिल चोरी हुईं थीं उन्हें चुराने वाले तीन चोरों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए चोरों ने अपने नाम मो0 आसिफ पुत्र मो0 असलम निवासी रहमत नगर एक मिनारी मस्जिद के पास, शुक्लागंज थाना गंगाघाट , एहतिशाम पुत्र शाहिद अली नि0 रहमत नगर एक मिनारी मस्जिद शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव व नावेद आलम पुत्र नवाब आलम निवासी रहमद नगर एक मिनारी मस्जिद शुक्लागंज थाना गंगाघाट उन्नाव बताया है। इन सभी के पास से गोल रिन्च-6, बाइक नंबर प्लेट कवर प्लास्टिक की-02, बाईक खोलने और बंद करने की छोटी बड़ी रिंच 017, बाईक के इंडिकेटर - 06 दो सेट ब्रेक शू, बाईक के बैरिंग 23, बाईक पिस्टन कैप 02, एक हथौडी, एक छैनी बडी, दोप्लग पाना, दो चार खाना रिच, 08 छोटा बडा पैचकस, तीन कैबल, प्लग रिच 06, गरारी 03, टाइमिंग चैन - 02, एक बाईक होर्न, एक बाईक हेड पाइप मिला है।

# पुलिस बल/अर्ध सैनिक बल के साथ बैठक कर ब्रीफ किया गया



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

शहर में आगामी 13 में को होने वाले मतदान को संपन्न करवाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। शनिवार को सिविल लाइंस स्थित पुलिस लाइन में पुलिस आयुक्त अखिल कुमार द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन में लगे पुलिस बल/अर्ध सैनिक बल के साथ बैठक कर ब्रीफ किया गया एवं मतदान सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, बैठक में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह, अपर पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय विपिन कुमार मिश्रा, अपर पुलिस आयुक्त, कानून व्यवस्था हरीश चन्दर, एवं समस्त पुलिस उपायुक्त व सहायक पुलिस आयुक्त मौजूद रहे।

# कुलपति ने इटावा परिसर में स्थित दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय का किया औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



चन्द्र शेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनन्द कुमार सिंह ने शनिवार को इटावा परिसर में स्थित दुग्ध प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं मत्स्य महाविद्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने दोनों महाविद्यालयों के शिक्षक एवं विद्यार्थियों से बात करते हुये शिक्षकों को महाविद्यालयों में छात्रों की पढ़ाई पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि छात्र हित में कार्य करने से इन महाविद्यालयों की गिरती साख को बचाया जा सकता है। उन्होंने संकाय अधिष्ठाता डॉ.एन.के.शर्मा को छात्र-छात्राओं के साथ निरंतर संवाद जारी रखने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि वह अनुशासन में रहकर अपने मॉ-बाप, अपने शिक्षक, अपने विश्वविद्यालय एवं समाज का गौरव बढाने का कार्य करें।

कुलपति ने अधिष्ठाता डॉ.एन.के. शर्मा एवं उप-कुलसचिव डॉ.पी.के.एस. भदौरिया को कहा कि छात्र-छात्राओं को कोई असुविधा होने पर उसे मेरे संज्ञान में लाया जाए।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता एवं उप कुलसचिव ने कुलपति को बुके एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

# सभी मतदाताओं को करना चाहिए शत-प्रतिशत मतदान



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

लोकसभा चुनाव में हमारे सभी मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए आगे आना चाहिए। यह बात डिस्ट्रिक्ट आर्चरी एसोसिएशन कानपुर के महासचिव राजा भरत अवस्थी ने 13 तारीख को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर कहीं। उन्होंने कहा कि देश की सबसे बड़ी पंचायत लोकसभा के सदस्य के चुनाव में एक तीरंदाज़ की तरह सटीक निशाना लगाते हुए देश के नवनिर्माण के लिए एक सशक्त सरकार को चुने जो जनता जनार्दन के हितों की रक्षा, सुरक्षा, शिक्षा, स्वास्थ, सम्मान व उन्नति कर सके।

# योगी के जनसभा की तैयारियों का डीएम व एसपी ने लिया जायजा

**जन एक्सप्रेस। अमेठी**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रस्तावित जनसभा कार्यक्रम के मद्देनजर शनिवार को जिलाधिकारी निशा अनंत व पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने थाना क्षेत्र गौरीगंज स्थित जनसभा स्थल व हैलीपैड का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बताते चलें कि रविवार को मुख्यमंत्री योगी का जनपद मुख्यालय गौरीगंज में जनसभा कार्यक्रम प्रस्तावित है। शान्ति, सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के दृष्टिगत कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रशासन मुस्तैद है। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक हरेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**कस्बा गौरीगंज में रूट डायवर्जन**

रविवार को मुख्यमंत्री के जनसभा कार्यक्रम की वजह से यातायात व्यवस्था संचालन हेतु कस्बा गौरीगंज में आने वाले भारी वाहनों व हल्के वाहनों को वैकल्पिक मार्ग से जाना होगा। प्रतापगढ़, रायबरेली सुल्तानपुर से आने वाले भारी वाहनों ट्रक, ट्रेलर, टैंकर, डम्फर आदि का जनपद मुख्यालय गौरीगंज कस्बे में प्रवेश निषेध रहेगा। इस दौरान सुलतानपुर की ओर से आने वाले जो भारी वाहन रायबरेली की तरफ जाना चाहेंगे,उनको मुंशीगंज चौराहा पर डायवर्ट कर मुसाफिरखाना की ओर भेजा जायेगा। जहां से मुसाफिरखाना हाइवे से चलकर जगदीशपुर-जायस मोड़ से बायें मुड़कर गोरियाबाद होते हुए जायस कस्बे से दाहिने रायबरेली की ओर भेजे जायेंगे। रायबरेली की ओर से आने वाले जो वाहन सुलतानपुर की तरफ जाना चाहेंगे उनको जायस-जगदीशपुर मोड़ से बायें मोड़कर गोरियाबाद होते हुए तेतारपुर मोड़ जगदीशपुर मोड़ हाइवे पर दाहिने मोड़कर मुंशीगंज चौराहा से बायें सुलतानपुर की ओर भेजा जायेगा। जायस की ओर से आने वाले हल्के वाहन गांधीनगर तिराहे से बायें होकर दयालापुर तिराहे से होकर नेता रोड से बायें मुड़कर मुसाफिरखाना से सुलतानपुर की ओर जायेंगे। जायस की ओर से आने वाले हल्के वाहन जो गौरीगंज होकर जामो व जगदीशपुर जाना चाहेंगे उनको कस्बा गौरीगंज के मुसाफिरखाना तिराहा से नेता रोड से मोड़कर जामो व जगदीशपुर की ओर भेजा जाएगा। प्रतापगढ़ की ओर से आने वाले भारी वाहन सैंठा तिराहा से ककवा की तरफ डायवर्ज किये जायेंगे। जनसभा कार्यक्रम में आने वाले वाहनों को पार्किंग स्थल तक आने दिया जाएगा।

## स्पोर्ट्स हब के रूप में हो रहा है विकसित राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** राजर्षि रामपाल सिंह वैदिक इंटर कॉलेज में यह योग प्रशिक्षण कार्यशाला मेक आइडिया मेडिटेशन योग संस्थान द्वारा कराया गया, सात दिवसीय योग प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ समापन कॉलेज में 7 दिन से चल रहा योग प्रशिक्षण कार्यशाला का आज दिनांक 10 मई को सकुशल समापन हुआ समापन में मुख्य अतिथि के रूप में जिला क्रीड़ा अधिकारी रायबरेली श्री धीरेंद्र पुरुषोत्तम जी तथा मीडिया बंधु भी उपस्थित रहे जिला क्रीड़ा अधिकारी रायबरेली द्वारा सभी को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किया गया इस मौके पर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता श्री मंगल चरण रावत शारीरिक शिक्षक मोहम्मद अनीस शारीरिक शिक्षिका सुश्री अंशिका सिंह भी उपस्थित रही। योग प्रशिक्षण के साथ-साथ मार्शल आर्ट की क्लासेस भी वैदिक इंटर कॉलेज में लगातार कराई जा रही हैं अमित कुमार ताइक्वांडो कोच के द्वारा लगातार बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है अजय सिंह चंदेल सचिव खेल विभाग माध्यमिक शिक्षा रायबरेली नहीं जानकारी दी कि गर्मियों की छुट्टी में भी इस प्रांगण में विभिन्न खेल के कैंप आयोजित किए जाएंगे।

# अवैध रूप से संचालित नर्सिंग होम का चिकित्सकों की टीम ने किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जनपद के सिकन्दर पुर क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित हो रहे नर्सिंग होम का चिकित्सकों की टीम ने औचक निरीक्षण किया। इससे दिन भर क्षेत्र में हड़कंप मचा रहा। चिकित्सकों की टीम ने अवैध रूप से संचालित हो रहे संचालकों से स्पष्टीकरण मांगा है।

सिकन्दर पुर क्षेत्र में मुख्य चिकित्सा अधिकारी को लगातार अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित होने की शिकायतें मिल रही थी। मुख्य चिकित्साधिकारी के निर्देश पर सीएचसी प्रभारी अकबरपुर डा नूर अहमद के नेतृत्व में तीन सदस्यीय चिकित्सकों की एक टीम ने शनिवार को अवैध रूप से संचालित हो रहे कई नर्सिंग होम का औचक निरीक्षण किया। चिकित्सकों की टीम ने सिकंदरपुर में किस्मत टेंट हाउस के बगल में चल रहे डॉ. कृष्णावती के नर्सिंग होम पर पहुंचकर मेडिकल से संबंधित जरूरी दस्तावेज मांगे। तो वह कोई कागजात नहीं दिखा सकी। यहां पर प्रसव व अन्य मेडिकल उपकरण उपलब्ध मिले। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है उक्त नर्सिंग होम पर प्रसव से लेकर गर्भपात कराने तक सभी अवैध गतिविधियां संचालित होती है।

वहीं टीम ने सैदापुर के पास संत कबीर इंटर कॉलेज के बगल में स्थित शिवम क्लिनिक पर चेकिंग अभियान चलाया। यहां पर मेडिकल स्टोर की आड़ में डॉक्टर गुल्ली मरीजों का इलाज करते हुए मिले चिकित्सको ने डॉ. गुल्ली से क्लीनिक सम्बंधित कागजत और डिग्री मांगा तो वह कुछ नहीं दिखा सके। वहीं मेडिकल स्टोर चलाने के लिए फार्मेसी से संबंधित कोई कागजात नहीं मिला। इन्हीं के नीचे बेसमेंट में नर्सिंग होम चला रही डॉ. कविता से चिकित्सकों ने मेडिकल से संबंधित कागजात मांगे तो वह कुछ नहीं दिखा सकी। यहां पर प्रसव अन्य मेडिकल से संबंधित कार्य कराए जाने से संबंधित उपकरण मिले। चिकित्सकों की टीम ने उक्त तीनों संचालकों को फटकार लगाते हुए स्पष्टीकरण मांगा है। सीएचसी अधीक्षक अकबरपुर डॉ. नूर अहमद ने बताया कि तीन नर्सिंग होमो का निरीक्षण किया गया। संचालकों की तरफ से मेडिकल से संबंधित जरूरी दस्तावेज उपलब्ध न करने जाने के कारण नर्सिंग होम संचालकों को नोटिस जारी किया गया है। और मुख्यचिकित्सधिकारी को सुचित किया गया है आगे विधिक कार्यवाही की जाएगी।

# ब्राह्मणों के ही नहीं सभी वर्गों के हैं परशुराम

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**




राजनीति से प्रेरित लोग भले ही भगवान परशुराम को सिर्फ ब्राह्मणों काअगुवा बता रहे हो, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। भगवान परशुराम ने समाज के सभी वर्गों का संरक्षण किया था उन्हें एक वर्ग से बांधना उचित नहीं है। यह बातें अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित राम अनुज तिवारी ने शुक्रवार को अयोध्या भीखापुर तथा सदर ब्लाक के बहादुरा गांव में भगवान परशुराम जयंती के शुभ अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी में कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान विष्णु के छठवें अवतार भगवान परशुराम ने समाज को आताताइयों से बचाया था सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय महामंत्री आचार्य राधेश्याम मिश्र, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी व कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रामकृष्ण द्विवेदी ने दीप प्रज्वलन व भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण करके भव्य एवं दिव्य कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिलाध्यक्ष यदुनंदन मिश्र व विवेक मिश्र ने अतिथियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा मुफ्त दवा का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मांडवी तिवारी, पारिजात त्रिपाठी व सुप्रिया शुक्ला ने भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मंच का संचालन देवकुमार मिश्र ने किया। इस अवसर पर सतीश पांडेय, डॉ जय गुरुदेव शुक्ल, क्षीरेश्वर दत्त मिश्र, जयप्रकाश तिवारी, ओमप्रकाश मिश्र, सत्यदेव मिश्र, घनश्याम मिश्र, अंबरीश पांडेय, धीरेंद्र पांडेय, संतोष पांडेय, मुकेश तिवारी, वीरेंद्र प्रसाद पाठक, देवनारायण तिवारी गरौली, रुपेश तिवारी, अवकेस तिवारी, अरस दुबे, शिव प्रसाद उपाध्याय, श्रीनाथ उपाध्याय, राजकरण तिवारी, राधेश्याम उपाध्याय, कौशलेश तिवारी, दुर्गेश पांडेय, रामकृपाल शुक्ल, संजय मिश्र, अमरनाथ शुक्ल, अजय कुमार मिश्र, डा प्रभाव त्रिपाठी, सर्वेश सिंह, अमरेश तिवारी, कौशलेश तिवारी, मुकेश, सचिन शुक्ल, संतोष,अजय, अरुण, पंकज पांडेय, राकेश प्रताप सिंह, रामजी, बलबीर सिंह, दीपक सिंह सर्वेश पांडेय सुनील पांडेय आदि मोजूद रहे।

## सांसद ने दर्जन गांवों में चौपाल के माध्यम से जनता से सम्पर्क व संवाद किया

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** सांसद लल्लू सिंह ने मिल्कीपुर विधान सभा के आधा दर्जन गावों में चौपाल के माध्यम से जनता से सम्पर्क व संवाद किया। ढ़ेमा वैश्य, रूरूखास, पलिया लोहानी, देवनपारा, गणेशपुर, पलिया प्रताप शाह में आयोजित चौपाल में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों की मौजूदगी रही। चौपाल स्थल पर पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा सांसद का माला पहना कर स्वागत किया गया।आयोजित चौपाल में सासंद लल्लू सिंह ने कहा मोदी सरकार ने बिचौलियों को हटा कर योजनाओं का लाभ सीधा बैंक खाते में दिया है। जिससे योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्र लाभार्थियों को मिला है। किसान सम्मान निधि से किसानों को आर्थिक मजबूती मिला है। कन्या विद्या धन, सुकन्या समृद्वि योजना, बेटी पढाओ-बेटी बचाओ योजनाओं से महिलाओं का उत्थान हुआ है। पीएम आवास योजना के माध्यम से लोगों को आवास दिए गए है। अयोध्या का अभूतपूर्व विकास किया गया है। अयोध्या आज विश्व की धार्मिक राजधानी के रूप में उभरी है।

# एनएसपीएस त्रिपुला में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस और मातृ दिवस पर आयोजित हुए विभिन्न कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली**




न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेन्ड्री स्कूल त्रिपुला, रायबरेली में आयोजित कार्यक्रमों में जहां एक ओर 'मातृ दिवस' पर माँ के ममतामयी स्वरूप को याद किया गया तो वहीं 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विद्यार्थियों को भारत के विकास में वैज्ञानिक उपलब्धियों और आधुनिक तकनीकों के विषय में जानकारी दी गयी।

मातृ दिवस पर विद्यालय के छात्र मानस, अदिति, इशिका एवं आस्था के गीत ने भावविभोर किया तो छात्रा आराध्य, भव्या, और इशानी द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर असफिया और अपणा ने माँ पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि मनुष्य को प्रेम की जरूरत थी जिसे माँ ने दिया, हिफाजत की जरूरत थी उसे माँ ने दिया, बरकत की जरूरत थी उसको भी माँ ने दिया, इस तरह ईश्वर माँ को बनाकर स्वयं बेरोजगार हो गया।

इसी क्रम में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक ने विद्यार्थियों को बताया कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई के नेतृत्व में पोखरण परमाणु परीक्षण के सफल प्रयास के आधार पर मनाया जाता है, जिसकी शुरुआत वष 1999 से हुई। आज के ही दिन त्रिशूल मिसाइल का सफल परीक्षण, और स्वदेशी रूप से विकसित विमान हंसा का पहला उड़ान परीक्षण भी हुआ। वतर्मान समय में प्रौद्योगिकी के बिना विकसित जीवन की परिकल्पना संभव नहीं। हम सब प्रौद्योगिकी विकास में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करके ही समृद्धशाली राष्ट्र का सपना साकार कर सकते हैं। कायर्कम का संचालन छात्र युगांक और वेदांत ने किया।

प्रधानाचाय शिवलखन प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि माँ ही सृष्टि का आधार होती है। उसके द्वारा ही यह बाल उपवन पुष्पित-पल्लवित होता है। उन्होंने बताया कि हमें अपने माता-पिता का सम्मान व सेवा जीवन भर करना चाहिए और हम अपने संस्कारों से यह सिद्ध करें कि हमारे देश में वृद्धाश्रमों की कोई आवश्यकता नहीं है। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि हम वैज्ञानिकों और इंजीनियरों को सम्मानित करने के लिए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस मनाते है। इस वष (2024) की थीम 'स्कूल टू स्टाटर्अप्स -इग्नाइटिंग यंग माइंड्स टू इनोवेट ' है जिसका लक्ष्य नवाचार और स्टाटर्अप संस्कृति को प्रेरित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य मो. फैज़ान खान, शिवकरन पाल, शाहीन खान, धर्मेंद्र शुक्ला, अभिषेक श्रीवास्तव, आरजू यादव, रामदेव, अभिषेक भारद्वाज, पिंकी जायसवाल एवं गिरीश श्रीवास्तव सहित सभी शिक्षक/ शिक्षिकाएं, विद्यार्थी एवं शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी के मिशन विकसित भारत 2047 में तय करनी होगी सहभागिता: डॉ. अरुण

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में भाजपा द्वारा आयोजित चिकित्सक सम्मेलन में मुख्य अतिथि वन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना ने कहा कि मोदी सरकार के नेतृत्व में देश पहले से ज्यादा सुरक्षित और निर्णायक बना बल्कि दुनिया में देश ने नेतृत्व का एक नया अध्याय जोड़ा। कोविड प्रबंधन में जन-भागीदारी और सरकार के प्रबंधन की प्रशंसा पूरी दुनिया में हो रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार के कार्यकाल में धारा 370 का निरस्तीकरण, अयोध्या का अभूतपूर्व विकास व प्रभु रामलला का विराजमान होना, तीन तलाक का खात्मा, नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसी कई उपलब्धियां बनी जो इतिहास में स्वार्णाक्षरों में अंकित की जाएगी। पीएम मोदी के मिशन विकसित भारत 2047 में हम सभी को अपनी सहभागिता तय करनी होगी। 4 जून को भारत को भगवामय करने का हम सभी को संकल्प लेना है।

सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में अयोध्या को विश्व मानचित्र पर स्थापित किया है। अयोध्या में आने वाला हर तीर्थयात्री यहां से एक सुखद अनुभव लेकर वापस जाता है। शहर में सुगम यातायात के लिए 4 लेन सड़के तथा 6 रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण किया गया है। एयर कनेक्टिविटी के लिए एयर पोर्ट व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का अयोध्या रेलवे स्टेशन का निर्माण हुआ है। आईएमए की अध्यक्ष डा मंजूषा पाण्डेय ने कहा पीएम मोदी ने चिकित्सा क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया है। कोविड काल में सरकार का प्रबंधन की प्रशंसा पूरे विश्व ने की है।इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने पर वन मंत्री माल्यार्पण कर तथा अंग वस्त्र पहना कर स्वागत किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता डा नानक सरन व संचालन डा. पंकज श्रीवास्तव ने किया। मौके पर डा बांके बिहारी मणि त्रिपाठी, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, डा अफरोज खान, डा. एसएम द्विवेदी, डा नानक सरन, डा सईदा रिजवी, डा एफबी सिंह, डा एसके पाठक, डा एसबी सिंह, डा केएन कौशल, डा महेश सुरतानी, डा चितरंजन वर्मा, डा आरडी भुवन, डा अनिल जायसवाल, डा वीके गुप्ता, डा आनंद गुप्ता, डा पीयूष गुप्ता, सहित अन्य चिकित्सक व पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## मतदान दिवस व मतदान के एक दिन पूर्व किसी भी प्रकार का राजनैतिक विज्ञापन प्रकाशित कराने की लेनी होगी अनुमति

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 मतदान के दिन और उसके एक दिन पूर्व राजनैतिक दल, अभ्यर्थी, संगठन या व्यक्ति द्वारा प्रिंट मीडिया से संबंधित प्री-सर्टिफिकेशन राजनैतिक विज्ञापन से संबंधित मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने बताया कि लोकसभा 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में पांचवे चरण में 20 मई 2024 को मतदान होना है। ऐसी स्थिति में 19 एवं 20 मई की तिथियों में कोई भी राजनैतिक दल, अभ्यर्थी, संगठन या व्यक्ति द्वारा प्रिंट मीडिया में राजनैतिक विज्ञापन प्रकाशित कराया जाता है तो मीडिया प्रमाणन एवं मॉनिटरिंग समिति (एम0सी0एम0सी0) की पूर्व में अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

# छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने नुक्कड़ सभा कर राहुल गांधी के लिए मांगे वोट

**जन एक्सप्रेस। रायबरेली।**



छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने शनिवार को रायबरेली की डलमऊ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत बसंतपुर कटोरिया, लोदीपुर उन्नौवा, नारासवान, मालियापुर, पूरे गुरबख्श मजरे खलीलपुर, तेलियानी, बदरवा, कठगर आदि क्षेत्रों में नुक्कड़ सभा कर कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के पक्ष में वोट करने की आम जनता से अपील की। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता भूपेश बघेल ने कहा कि डंके की चोट पर अगर कोई लड़ाई लड़ रहा है तो एकमात्र व्यक्ति है वो राहुल गांधी जी हैं। वो चुनौती दे रहे हैं कि मोदी जी आ जायें किसी मंच में किसी सभा में मैं बहस करने को तैयार हूँ लेकिन वो यह भी जोड़ते हैं राहुल जी की मैं मोदी जी को जानता हूँ कि वो आयेगें नहीं क्योंकि तानाशाह डरपोक ही होता है। डराने की, दबाने की कोशिश। ये देश संत महात्माओं का देश है। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि एक तरफ सैद्धांतिक लड़ाई है और दूसरी तरफ आर्थिक लड़ाई है। नौजवान खाली बैठे हैं उनके पास कोई काम नहीं है। उन्होंने विश्वास जताया कि राहुल गांधी इस लोकसभा चुनाव में बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे। उनके साथ बिहार के मुकेश राय, पंजाब से भूपेंदर सिंह तूरी, पूर्व विधायक राजस्थान अशोक सिंह, मदन सिंह परिहार सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण कर लगाई फटकार

**जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर**



जनपद में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार द्वारा लगातार जनपद में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उपकेंद्र हेल्थ वेलनेस सेंटर सहित टीकाकरण केंद्रो पर पर आम आदमी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आएं दिन औचक निरीक्षण कर रहे हैं और उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दे रहे हैं उसी क्रम में

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकंदरपुर का मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजकुमार ने औचक निरीक्षण किया। यहां तमाम अनियमिताएं मिलने पर उन्होंने मौजूद मेडिकल स्टाफ को कड़ी फटकार लगाई। और आगे से आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया वहीं बगल में प्राथमिक विद्यालय रुस्तमपुर अशरफ पट्टी में हो रहे टीकाकरण का निरीक्षण किया। और एएनएम रोली पाल से टीकाकरण से संबंधित बेसिक जानकारी मांगी तो वह कुछ नहीं बता सकी। इस पर उन्होंने फटकार लगाते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## बूथों पर टोली बनाकर करें जनसम्पर्क: मधु शर्मा

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** लोक सभा चुनाव कार्यालय पर अयोध्या विधान सभा चुनाव प्रबंध समिति आयोजित की गई। बैठक में अयोध्या विधान सभा की प्रवासी व पूर्व जिलाध्यक्ष मथुरा मधु शर्मा ने शक्ति केन्द्र, मंडल की समिति से सांगठनिक रिर्पोट लिया। शक्ति केन्द्र प्रभारियों को बूथ समितियों से समन्वय बनाने को कहा। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ से ही चुनाव में विजय प्राप्त की जा सकती है। हर घर हर मतदाता तीन बार सम्पर्क अभियान के तहत सभी बूथों पर टोली बनाकर जनसम्पर्क करें। टोली में बूथ के प्रभावशाली व्यक्तियों को भी सम्मिलित करें। बूथों पर पार्टी द्वारा तय किए गए 20 कार्य को सभी बूथों पर पूर्ण करें। लाभार्थियों से सम्पर्क करने के लिए विशेष अभियान चलाएं।

# भाजपा व बसपा के नेताओं को समाजवादी पार्टी की दिलाई सदस्यता

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**



इंडिया गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने केंद्रीय कार्यालय सहादतगंज पर भाजपा एवं बसपा के नेताओं को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस अवसर पर इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा कि इन सभी नेताओं को समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर लोकसभा चुनाव में इसका फायदा समाजवादी पार्टी को मिलेगा। श्री प्रसाद ने कहा आज जो लोग शामिल हो रहे हैं उनके मान सम्मान में समाजवादी पार्टी सदैव उनके साथ खड़ी रहेगी। श्री प्रसाद ने कहा की इस बार लोकसभा चुनाव में फैजाबाद से गठबंधन प्रत्याशी जीतकर केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी। श्री प्रसाद ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव द्वारा किए गए विकास कार्य को जनता आज भी याद कर रही हैं। समाजवादी पार्टी की सदस्यता लेने वाले मुख्य रूप से बीडीसी सुरेंद्र कोरी बबलू संजय वर्मा विवेक वर्मा राजू वर्मा राजमोहन मौर्य सौरभ वर्मा आदि लोग शामिल रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से अयोध्या विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष अशोक वर्मा मौजूद रहे।

## विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किए

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा चुनाव में प्रचार को गति देने तथा गठबंधन दलों से समन्वय बनाने के लिए विभिन्न विधानसभाओं में प्रभारी नियुक्त किए गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए जिला कांग्रेस प्रवक्ता सुनील कृष्ण गौतम रानू ने बताया अयोध्या विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी श्रीमती रेनू राय, रुदौली विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी बृजेश रावत तथा मिल्कीपुर विधानसभा का प्रभारी दिनेश शुक्ला को बनाया गया है। इसी क्रम में प्रदेश प्रवक्ता गौरव तिवारी वीरू को मीडिया कोऑर्डिनेटर तथा एडवोकेट गिरीश तिवारी को लीगल सेल का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बताया कि उपरोक्त सभी प्रभारियों नियुक्तियां प्रदेश अध्यक्ष अजय राय द्वारा की गई है और निश्चित रूप से आगामी लोकसभा चुनाव में नवनियुक्त प्रभारी के अनुभव का लाभ गठबंधन प्रत्याशी को मिलेगा।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 38°C | 26°C |
| कानपुर | 39°C | 27°C |
| देहरादून | 33°C | 22°C |
| नई दिल्ली | 38°C | 27°C |

# यूपी में नमो ड्रोन दीदी को लेकर बनी कार्ययोजना

## योजना के तहत संबंधित विभागों को सौंपे गए दायित्व, ड्रोन दीदी के चयन से लेकर प्रशिक्षण तक की दी गई जिम्मेदारी

* डिस्ट्रिक्ट लेवल पर योजना के क्रियान्वयन के लिए कमेटी गठित, राज्य स्तर पर भी कमेटी के गठन का प्रस्ताव
* पीएम मोदी का महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट है नमो ड्रोन दीदी, महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है मकसद



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

पीएम मोदी की महत्वाकांक्षी योजना नमो ड्रोन दीदी को उत्तर प्रदेश में आगे बढ़ाने के लिए कार्ययोजना तैयार हो गई है। इसके तहत संबंधित विभागों को उनके दायित्व सौंप दिए गए हैं, जबकि डिस्ट्रिक्ट लेवल पर योजना के क्रियान्वयन के लिए कमेटी का गठन कर दिया गया है तो वहीं राज्य स्तर पर समिति का गठन भी प्रस्तावित है। इसके साथ ही ग्राम्य विकास विभाग को राज्य स्तर पर नोडल नामित किए जाने का भी प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि नमो ड्रोन दीदी योजना मोदी सरकार का एक इनोवेटिव प्रयास है। इसे योगी सरकार ने भी पूरी तत्परता के साथ प्रदेश में क्रियान्वित किया है। इस योजना के माध्यम से महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके तहत महिलाओं को सरकार की ओर से ड्रोन उड़ाने, डेटा विश्लेषण और ड्रोन के रखरखाव से जुड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही, कृषि क्षेत्र में ड्रोन के उपयोग से उर्वरक, कृषि रक्षा रसायन एवं पानी की मात्रा में बचत तथा छिड़काव व्यय में भी कमी आएगी। कार्ययोजना के तहत ग्राम्य विकास विभाग को चयनित क्लस्टरों में एनआरएलएम महिला समूहों का चयन करने का दायित्व दिया गया है। इसके अतिरिक्त चयनित महिला समूह की एक सदस्य का ड्रोन पायलेट हेतु भी चयन किया जाएगा। साथ ही, ड्रोन पायलट के मानदेय का निर्धारण, ड्रोन से छिड़काव हेतु किराए का निर्धारण, चयनित समूह के ड्रोन से संबंधित वित्तीय लेखा-जोखा का पर्यवेक्षण और अनुदान एवं ऋण से संबंधित कार्यवाही में सहायता की जिम्मेदारी भी होगी। वहीं, कृषि विभाग को जनपद स्तर पर फसलवार क्लस्टर्स का चयन करने, उर्वरकों एवं कृषि रक्षा रसायनों की उपलब्धता कराने, कृषि निवेश आपूर्तिकर्ता कंपनियों से समूहों का समन्वय और केवीके के वैज्ञानिकों द्वारा ड्रोन के उपयोग की तकनीकी गाइडेंस एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी निर्वहन करने के निर्देश दिए गए हैं।

### 5125 हेक्टेयर में उर्वरक और रक्षा रसायन छिड़काव की योजना

देश में वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि में कुल 15 हजार ड्रोन उपलब्ध कराए जाने हैं, जिनमें से 500 ड्रोन उर्वरक कंपनियों द्वारा नि:शुल्क उपलब्ध कराए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में 114 ड्रोन एनआरएलएम महिला एसएचजीस को वर्ष 2023-24 में वितरित किए जा चुके हैं। उत्तर प्रदेश में लीड फर्टिलाइजर कंपनी इफको को योजना के लिए क्रियान्वयन एजेंसी नामित किया गया है, जिसने 114 ड्रोन दीदी को प्रशिक्षित भी कर दिया है। प्रदेश के समस्त राजकीय कृषि प्रक्षेत्रों में खरीफ सीजन में 2200 हेक्टेयर एवं रबी सीजन में 2925 हेक्टेयर कुल 5125 हेक्टेयर क्षेत्रफल में नेनो यूरिया, नैनो डीएपी एवं कृषि रक्षा रसायनों का ड्रोन से छिड़काव की योजना है। इससे संबंधित एसओपी जल्द तैयार हो जाएगी। ड्रोन के माध्यम से वेस्ट डिकंपोजर का पराली प्रबंधन में प्रयोग हो सकेगा।

### इफको कराएगी ड्रोन दीदी की ट्रेनिंग

ड्रोन महिला पायलटों के प्रशिक्षण के लिए इफको को ड्रोन आपूर्तिकर्ता कंपनी से समूहों का समन्वय कराना, चयनित ड्रोन दीदी पायलटों को 15 दिवसीय प्रशिक्षण कराना, ड्रोन की मरम्मत एवं सर्विसिंग के लिए मैकेनिक की ट्रेनिंग कराने के साथ ही ड्रोन उपलब्ध कराने वाली समस्त कंपनियों से समन्वय स्थापित करना होगा। 2023-24 में इफको फूलपुर केंद्र पर वितरित 114 ड्रोन की महिला पायलटों का प्रशिक्षण संपन्न कराया जा चुका है। इसी तरह, आरसीएफ को कंपनी के द्वारा ड्रोन क्रय के लिए समय से फंड की उपलब्धता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### बेखौफ चोरों ने मोबाइल व नगदी पर किया हाथ साफ

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** पारा कोतवाली क्षेत्र में चोरों का बोलबाला दिन ब दिन बढ़ता जा रहा है। कमिश्नरेट लखनऊ की पारा कोतवाली क्षेत्र के सरोसा गांव में बेखौफ चोरों ने नगदी व मोबाइल फोन चोरी कर फरार हो गए। जानकारी के अनुसार सरोसा गांव निवासी गोविंद कुमार पुत्र देशराज ने बताया कि बीते शुक्रवार की रात्रि करीब 1 से 2 के बीच घर के बगल से बांस के सहारे चोर उसके घर के अंदर आए और अज्ञात बेखौफ चोरों ने दो मोबाइल फोन वन प्लस 12आर और इंफिनिक्स व नगद घर में रखे 50,000 रुपए पर हाथ साफ कर दिया। जिसको लेकर पीड़ित ने पारा कोतवाली के साथ - साथ जनसुनवाई पोर्टल पर भी लिखित शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है।

### अमित शाह आज पहुंचेंगे प्रतापगढ़, रायबरेली और गोंडा

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 12 मई को प्रतापगढ़, रायबरेली, गोण्डा दौरे पर रहेंगे। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह दोपहर 12 बजे नगर पंचायत हीरागंज, नायर देवी धाम, महेशगंज, प्रतापगढ़ में आयोजित कौशाम्बी लोकसभा की जनसभा को सम्बोधित करेंगे तथा दोपहर 01 बजे राजकीय इण्टर कॉलेज मैदान, रायबरेली में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके पश्चात् दोपहर 03 बजे शहीदे आजम सरदार भगत सिंह इण्टर कालेज टॉमसन इण्टर कालेज, सिविल लाइन, गोण्डा में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

### चारबाग में कैमरे न होने से अपराधियों के हौसले बुलन्द

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** थाना नाका के अंतर्गत दुर्गापुरी मेट्रो स्टेशन के निकट जी. आर. पी. मोड़ पर पुलिस की तीसरी आँख अर्थात कैमरों का न होना बेखौफ अपराधियो के हौसलों को बढ़ावा दे रहे है। चारबाग में नत्था तिराहे पर तथा थाना आलमबाग के क्षेत्र मवैया तक कैमरे लगे हुये है। परन्तु महत्वपूर्ण मेट्रो स्टेशन दुर्गापुरी, पानदरीबा को जोड़ने वाले जीआरपी मोड़, कैब-वे स्टेशन तक कहीं भी कैमरे नहीं लगे हुये है। साथ ही इस एरिया में सन्नाटा होने के कारण रात के समय यह स्थान जरायम अपराधियों की ऐशगाह भी बन जाता है। आये दिन यहां गुजरने वाले यात्रियों से लूटपाट की छोटी मोटी घटनायें होती रहती है अभी हाल ही में जी.आर.पी मोड़ के पास रात के समय बाइक सवार लुटेरों ने चारबाग से ई-रिक्शे में बैठकर आलमबाग बस अड्डे जा रही महिला को अपना निशाना बनाया था। जिन्हें पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें लगातार दबिश दे रही ! लेकिन लुटेरे अभी भी पुलिस की पकड़ से दूर है ! पीड़ित छोटी घटनाओं की सूचना भी पुलिस को नहीं देकर हालात से समझौता कर लेता है। लेकिन यदि इस क्षेत्र में कैमरे लगे होते तो पुलिस का कार्य आसान हो जाता और लुटेरे अब तक पकड़े जा चुके होते। पुलिस प्रशासन के लिये कैमरे तीसरी आंख का कार्य करते है। इसी से अपराधियों के हौसले भी पस्त होते है। लखनऊ नत्था तिराहे के पास कैमरे लगाए गए है उसके आगे जाने पर थाना आलमबाग क्षेत्र के मवैया चौराहे पर कैमरे लगे है! इस बीच रोडवेज बस अड्डे से आगे जी. आर.पी मोड से लेकर दुर्गापुरी स्टेशन कैब-वे 6 तक कहीं कैमरे नहीं लगे है !यदि जी. आर.पी मोड़ पर कैमरे लगे होते तो लुटेरे आसानी से पकड़ में आ जाते! जी. आर.पी मोड़ की निगरानी करने करने के लिए पुलिस प्रशासन को कैमरे लगवाने की सख्त ज़रूरत है! तभी अपराधियों के हौसले पस्त होंगे।

### राहुल और अखिलेश 17 को रायबरेली और अमेठी में करेंगे ज्वाइंट मीटिंग

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** रायबरेली और अमेठी लोकसभा सीटों पर जीत के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी नुक्कड़ सभाएं कर कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील कर रही हैं। इस सीटों पर अब राहुल गांधी और अखिलेश यादव भी संयुक्त जनसभा कर कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाएंगे। राहुल-अखिलेश 17 मई को रायबरेली और अमेठी में संयुक्त जनसभा करेंगे। अमेठी में गांधी परिवार के करीबी रहे किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है और रायबरेली में राहुल गांधी खुद प्रत्याशी हैं।2019 के चुनाव में भाजपा की स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी को 55000 वोटों से पराजित कर दिया था। एक बार फिर से कयास लगाए जा रहे थे कि इस सीट पर राहुल गांधी प्रत्याशी होंगे लेकिन राहुल ने रायबरेली से नामांकन दाखिल किया।बीते चुनाव में रायबरेली में सोनिया गांधी ने जीत दर्ज की थी। भाजपा ने रायबरेली सीट पर दिनेश प्रताप सिंह को प्रत्याशी बनाया है। दोनों ही सीटों पर पांचवे चरण में 20 मई को मतदान होगा।

### तेज हवाओं की वजह से भड़की आग, कई पेड़ झुलसे

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के आईआएम रोड के पास कूड़े के ढ़ेर में आग लग गई। थोड़ी ही देर में विकराल रूप पकड़ लिया। वहां से गुजर रहे लोगों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंची दमकल टीम ने आग पर काबू पा लिया। फायर सेफ्टी ऑफिसर पुष्पेंद्र यादव ने बताया कि घटना शनिवार दोपहर 12 बजे की है। आग की सूचना के बाद 2 टीम रवाना की गईं। आग से किसी तरह का नुकसान नहीं हुआ। किस वजह से आग लगी इसकी जानकारी नहीं हो पाई। तेज हवा की वजह से आग फैल गई। आसपास के पेड़ों को नुकसान पहुंचा है। लेकिन फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पा लिया है।

### बदला मौसम, चली धूल भरी आंधी-बारिश की सम्भावना

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** राजधानी लखनऊ और उससे सटे इलाकों में शनिवार को अचानक मौसम बदल गया। सुबह हल्की धूप के बाद दोपहर 11 बजे के बाद अचानक आंधी चलने लगी। ऐसे में तेज हवा की वजह से आम लोगों को गर्मी से राहत मिली है। बता दें कि शनिवार सुबह हल्की धूप के बाद 25 से 30 किलोमीटर की रफ्तार से आंधी शुरू हो गई। हवा के तेज झोंको के साथ उड़ी धूल से लोगों को वाहन चलाने में खासी परेशानी हुई। लखनऊ के शहरी और ग्रामीण इलाकों में तेज हवा और धूल भरी हवाओं का चलना जारी है। फिलहाल कई दिनों की भीषण गर्मी के बाद लोगों को राहत मिली है। इसके अलावा अगले 3 दिनों में लखनऊ समेत आसपास के जिलों में बारिश होने की संभावन भी जताई जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों में लखनऊ के साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में गरज-चमक के साथ बूंदाबांदी हो सकती है। दरअसल, मौसम विभाग का कहना है कि लखनऊ में अभी बादल छाए रहेंगे और धूप निकलेगी लेकिन गर्मी का असर कम रहेगा। वहीं अगले 2 से 3 दिनों तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा।

# न तो संविधान खतरे में और न ही लोकतंत्र: केशव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सलोन रायबरेली में अमेठी लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी स्मृति ईरानी के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। श्री मौर्य ने कहा कि सपा सरकार का था नारा, खाली प्लाट हमारा। जिस गाड़ी में सपा का झंडा, उस गाड़ी में बैठा गुंडा। उन्होंने कांग्रेस व सपा समेत इंडी गठबंधन पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि यह भ्रष्ट लोगों का गठबंधन है। इन लोगों ने देश और समाज को लूटने का कार्य किया है। इनके शासनकाल में भ्रष्टाचार चरम पर रहा और अपराधियों को संरक्षण देने का काम किया गया। उन्होंने कहा कि राहुल और अखिलेश की जोड़ी फ्लॉप हो चुकी है। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा पैसा जनता के खाते में पहुंच रहा है। अगर कांग्रेस पार्टी और महाठगबंधन के लोग होते तो गरीबों का हक का पैसा मिलजुल कर खा गए होते। केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के लोग अफवाह फैला रहे हैं कि संविधान खतरे में है। लोकतंत्र खतरे में है लेकिन हकीकत यह है कि न तो संविधान खतरे में है और न ही लोकतंत्र खतरे में है। खतरे में है तो राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं का राजनैतिक भविष्य खतरे में है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वादों को पूरा करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटा दिया। भव्य राममंदिर का निर्माण हो गया। श्री मौर्य ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध एयर और सर्जिकल स्ट्राइक 56 इंच के सीने की दम की बदौलत होता है। पाकिस्तानी फाइटर प्लेन को खदेड़ते हुए हमारे जांबाज कैप्टन अभिनंदन पाकिस्तानी सीमा में पहुंच गए थे। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को फोन कर चेतावनी दी कि अगर 48 घंटे के भीतर हमारा कैप्टन सही सलामत भारत नहीं पहुंचता है, तो विश्व के नक्शे से हमेशा-हमेशा के लिए पाकिस्तान का नामो निशान मिटा देंगे। विश्व देख रहा था कि अभिनंदन शान से भारत लौटे।

# सपा के पूर्व-मंत्री समेत कई विपक्षी नेता भाजपा में शामिल

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ में सपा, बसपा और कांग्रेस के कई नेता भाजपा में शामिल हुए। शनिवार को प्रदेश बीजेपी ऑफिस में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने सभी को भाजपा की सदस्यता दिलाई। इसमें सपा के सचिव प्रदीप सिंह बब्बू, पूर्व मंत्री मतेश सोनकर, पूर्व एमएलसी संजय कुमार मिश्रा, कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता जीशान हैदर समेत कई बड़े चेहरे शामिल हैं। पूर्व मंत्री मतेश सोनकर ने कहा कि अखिलेश यादव कुछ चुनिंदा लोगों को सपोर्ट करते हैं। पहले पार्टी की जो विचारधारा थी वह अब नहीं रही। इस दौरान डिप्टी सीएम ने कहा भाजपा पर लोगों का भरोसा बढ़ा है। भाजपा 400 पार के साथ तीसरी बार सत्ता में आ रही है। समाजवादी पार्टी के सचिव रहे प्रदीप सिंह बब्बू ने चार दिन पहले पार्टी से इस्तीफा दिया था। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर अनदेखी और चुनिंदा लोगों को सपोर्ट करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव उन लोगों से घिरे हैं, जिनसे पार्टी के निर्णयों पर विपरीत असर पड़ता है। जमीनी कार्यकर्ता सपा और अखिलेश से दूर होते जा रहे हैं। पार्टी लोहिया और नेताजी (मुलायम सिंह यादव) की समाजवादी नीतियों और सिद्धांतों से दूर होती जा रही है। पूर्व मंत्री मतेश चंद्र सोनकर कौशांबी से समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता माने जाते हैं। वे भी समाजवादी पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी ज्वाइन कर लिए हैं। उन्होंने राष्ट्रीय महासचिव पर खुद और सोनकर समाज की उपेक्षा का आरोप लगाया है। उन्होंने सोनकर समाज से सपा को वोट न करने की अपील की है। सोनकर घ्सिराथू विधानसभा क्षेत्र से साल 1996 से लेकर 2007 तक लगातार दो बार विधायक रहे। बसपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री मतेश चंद्र रहे। सपा में कौशांबी संसदीय सीट से टिकट के प्रबल दावेदार थे। पार्टी ने सभी को दरकिनार कर राष्ट्रीय महासचिव इंद्रजीत सरोज के बेटे पुष्पेंद्र सरोज को उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसके बाद से ही मतेश सोनकर नाराज चल रहे थे। जीशान हैदर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में प्रवक्ता और मीडिया संयोजक थे। 2022 में पार्टी से उन्हें निष्कासित कर दिया गया था। इस फैसले के बाद जीशान ने मोर्चा खोल दिया। विधानसभा में करारी हार के बाद उन्होंने एक लेटर में लिखा था कि- प्रियंका गांधी के आस-पास के सिपहसालार ने नैया डूबा दी है। जीशान हैदर के भाई अब्बास हैदर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। पिछले साल लखनऊ के डालीगंज में स्थित आलाया अपार्टमेंट के गिरने से जीशान के भाई अब्बास हैदर की पत्नी और जीशान की मां की मौत हो गई थी। इसके बाद योगी सरकार की तरफ से बिल्डर पर कार्रवाई की गई थी। कांग्रेस से निकाले जाने के बाद जीशान हैदर पॉलिटिक्स में एक्टिव नहीं थे, लेकिन अब एक बार फिर उन्होंने एक्टिव पॉलिटिक्स में कदम रखा है। सूत्रों की मानें तो लोकसभा चुनाव के खत्म होने के बाद जीशान हैदर को अल्पसंख्यक मोर्चा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी जा सकती है।

### इंस्टाग्राम स्टार का पिस्टल लहराते वीडियो वायरल, पुलिस ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

सोशल मीडिया पर रील बनाने के लिए लोग किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं, भले ही इसके लिए उन्हें कानून के तहत सजा ही क्यों न हो जाये। ताजा मामला इंस्टाग्राम स्टार सिमरन यादव से जुड़ा है। इनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में सिमरन हाथ में पिस्तौल लेकर उसे लहराते हुए डांस कर रही हैं। एक एक्स यूजर ने लिखा, लखनऊ की इंस्टाग्राम स्टार सिमरन यादव हाईवे पर पिस्तौल लहराकर और समाज में अपने समुदाय की ताकत दिखाने के लिए वीडियो वायरल करके कानून और आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन कर रही हैं।

# मीडिया चुनाव हराता, जिताता नहीं, माहौल बनाता

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

* अमेठी में किशोरीलाल और रायबरेली में राहुल कैंडिडेट मगर हीरो प्रियंका

लोकसभा चुनाव मेंरायबरेली और अमेठी में कांग्रेस के प्रत्याशी हैं राहुल गांधी और किशोरी लाल शर्मा लेकिन असल सियासी श्हीरोश् प्रियंका गांधी ही हैं। प्रियंका गांधी बोलती हैं तो लोग सुनते हैं और मीडिया की निगाहें भी बराबर उनकी ओर लगी रहती हैं। राहुल गांधी को लेकर खूब बयानबाजी हुई, कोई कह रहा था कि डर कर भाग गए तो कोई कह रहा था कि कांग्रेस निस्तेज हो गई है।लेकिन अंतिम समय मे राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने आकर सियासी माहौल को गर्म कर दिया।अब सवाल स्मृति ईरानी से हो रहे हैं, जवाब की बारी उनकी है।उन्हें घेरने के लिए प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली और अमेठी में मौजूद हैं। मीडिया के फोकस के नजरिए से प्रियंका ने बढ़त बना ली।आखिरी वक्त में उन्होंने अमेठी से अपने प्रतिनिधि किशोरी लाल शर्मा को आगे किया है लेकिन लड़ाई की कमान खुद के हाथ में रखी हैं। प्रियंका के प्रचार अभियान की बदौलत गांधी परिवार अमेठी चुनाव के केंद्र में बना हुआ है। नतीजे उनकी वोट खींचने की क्षमता बताएंगे।अमेठी-रायबरेली में नामांकन के आखिरी दिन सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा वहां पहुंचे थे।सोनिया और राहुल वापस चले गए, जबकि प्रियंका वहां सक्रिय हैं। वो एक अग्छी वक्ता हैं, भाई राहुल गांधी से जुदा अंदाज में शांत-संयत तरीके से श्रोता से खुद को जोड़ लेती हैं। भीड़ खींचती हैं और मीडिया की चहेती हैं।सवालों से कतराती नहीं हैं और कुछ ऐसा बोलती हैं, जो सुर्खी बन जाती है।लंबे समय से सोनिया रायबरेली से अनुपस्थित थीं। राहुल गांधी ने भी अमेठी से दूरी बना ली थी। विपक्ष लापता था तो सत्ता के लिए अपनी ही बॉलिंग पर छक्के लगाने के लिए खुला मैदान था।अब प्रियंका की मोर्चेबंदी ने इसे रोका है और मुकाबले का माहौल बनाया है।स्मृति ईरानी ने अमेठी को खूब समय दिया और मेहनत भी की है। स्मृति 2014 में हारीं फिर भी मंत्री बनीं,इससे उन्हें ताकत मिली। पांच साल स्मृति ने अमेठी के बहाने राहुल गांधी और परिवार पर निशाने साधे।राहुल गांधी ने अमेठी से दूरी बनाई और स्मृति ने आरोपों की बौछार जारी रखी।2024 में आखिरी वक्त तक कांग्रेस के उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस और फिर राहुल अथवा प्रियंका नहीं बल्कि किशोरी लाल शर्मा के उम्मीदवार बनाए जाने के बाद उम्मीद की जा रही थी कि स्मृति की लड़ाई आसान हो गई। प्रचार के केंद्र में प्रियंका के आने के बाद स्मृति के लिए चुनौती बढ़ी है।चुनाव प्रचार की मौजूदा व्यवस्था में पोस्टर, बैनर, होर्डिंग कुछ नहीं हैं। न माइक हैं और न शोर-शराबा।मई की प्रचंड गर्मी, तीखी धूप, सूनी सडकें है। नुक्कड़ सभाएं और रोड शो इस सन्नाटे को तोडने की कोशिश करते हैं।असल मे चुनाव मीडिया पर ही नजर आ रहा है। मीडिया वोट नहीं दिला सकता लेकिन माहौल बनाता है। मीडिया में बने चेहरे खुद उम्मीदवार न होने पर भी अपने उम्मीदवार को लड़ाई में खड़ा कर देते हैं।अमेठी में प्रियंका इसमें सफल होती दिख रही है। उत्तर प्रदेश में निस्तेज हो चुकी कांग्रेस गांधी परिवार की बदौलत अमेठी और रायबरेली में मौजूदगी बनाए है। प्रियंका के अमेठी-रायबरेली पहुंचते ही मीडिया के उन पर फोकस की वजह स्मृति ईरानी खुद भी हैं।जब तब मीडिया और उससे जुड़े लोगों को वे निशाने पर लेती रही हैं।राहुल के खिलाफ 2019 की जीत तक उनका आक्रामक अंदाज सत्ता से संघर्ष की बदौलत सराहा गया।अमेठी में गांधी परिवार पर जीत दर्ज करके उनका कद बढ़ा।केंद्र और राज्य में अपनी सरकारें और खुद मंत्री होने की बदौलत वो क्षेत्र में कुछ कर सकीं लेकिन इस सक्रियता के साथ ही असंतोष और शिकायतों के स्वर भी बढ़े है। मीडिया उन्हें सहज, सरल और फ्रेंडली नहीं पाता। मीडिया के चुभते सवालों के जवाब की जगह उस पर पलटवार का चलन बढ़ा है। स्मृति भी कोई मौका नहीं छोड़तीं।राहुल गांधी भी उसी रास्ते पर चलते हैं लेकिन प्रियंका का अंदाज अलग है। उनकी छवि पार्टी के पिछड़ने पर भी मीडिया को उनकी ओर आकर्षित करती है।रायबरेली-अमेठी के चुनाव प्रचार में दमदार उपस्थिति के बाद भी प्रियंका भाई राहुल गांधी और सहयोगी किशोरी लाल शर्मा के लिए कितनी मददगार साबित होती हैं, इसकी उत्सुकता वोटों की गिनती तक बनी रहेगी। रायबरेली की अलग तस्वीर है वहां राहुल गांधी उम्मीदवार हैं। अमेठी कम वक्त में किशोरी लाल शर्मा के मुकाबले में आ गये हैं, इसकी बड़ी वजह प्रियंका की मौजूदगी मानी जा रही है।

# चुनाव संविधान और समाजवादी मूल्यों का एक नया 'राष्ट्रीय आंदोलन है: अखिलेश यादव

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं को दिए संदेश में कहा कि यह चुनाव संविधान, समाजवादी मूल्यों, आरक्षण और मान-सम्मान-स्वाभिमान का एक नया 'राष्ट्रीय आंदोलन है। उठिए, देश के भाग्य और भविष्य को बदलने के आंदोलन का हिस्सा बनिए। सपा प्रमुख ने एक्स पर लिखे एक संदेश में कहा कि, यह चुनाव संविधान, समाजवादी मूल्यों, आरक्षण एवं मान-सम्मान-स्वाभिमान का एक नया 'राष्ट्रीय आंदोलन है। देश और समाज आपको पुकार रहा है। उठिए, देश के भाग्य और भविष्य को बदलने के आंदोलन का हिस्सा बनिए। उन्होंने कहा कि साथ ही मतदान से लेकर परिणाम तकय बूथ से लेकर स्ट्रांग रूम तकय गिनती से लेकर जीत का सर्टिफिकेट मिलने तक अपलक सतर्क, सचेत और चौकन्ने रहकर अपने वोट की रक्षा करें। उन्होंने कहा कि सत्ताधारियों के किसी भी तरह के डर और दबाव में न आएं, दमनकारी लोगों का नाम-फोटो लेकर चुनाव आयोग में शिकायत के लिए सीधे भेजें या आसपास के समाजवादी सिपाहियों से संपर्क करें। साथ ही हमारी ये अपील और आह्वान याद रखें रू 'मतदान भी, सावधान भी। अखिलेश ने अपने संदेश में कहा, प्रिय समाजवादियों, 2024 का लोकसभा चुनाव एक ऐतिहासिक चुनाव है, जो संविधान और समाजवादी मूल्यों की रक्षा-संरक्षा का चुनाव है। इसलिए इस चुनाव में आपसे अतिरिक्त सक्रिय सहयोग की अपेक्षा और आग्रह है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की जीत समाजवादी सिद्धांतों के लिए अब तक किए गए आपके संघर्षों की जीत होगी।

### आज शहर के अंदर भारी वाहनों की रहेगी नो इंट्री

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

देश के गृहमंत्री अमित शाह के जनसभा कार्यक्रम को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। जनसभा के दिन 12 मई को शहर के अंदर भारी वाहनों की नो इंट्री रहेगी। उन्नाव, सुल्तानपुर, फतेहपुर समेत अन्य जिलों से आने वाले भारी वाहनों के रूट डायवर्जन के लिए ट्रैफिक पुलिस तैयारी कर रही है। पुलिस का मानना है कि ऐसा होने से शहर में जाम की समस्या नहीं होगी और आवागमन बेहतर तरीके से चलेगा। जनसभा में कार्यकर्ताओं को पहुंचने में दिक्कत भी नहीं होगी। 12 मई को गृहमंत्री अमित शाह राजकीय इंटर कॉलेज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

# इंडी गठबंधन सांसद प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के विरुद्ध एफआईआर की मांग

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ से इंडी गठबंधन के सांसद प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा ने बीते गुरूवार को रॉयल होटल स्थित विधायक निवास में की गई प्रेस कांफ्रेंस में देश के रक्षामंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के पुत्र पर सार्वजनिक रूप से आरोप लगाया था कि मौजूदा सांसद के बेटे अपने आवास पर सपा से जुड़े सभी बिल्डरों को बुलाकर धमका रहे हैं.आरोप यह भी था कि चुनाव में सपा की आर्थिक मदद करने पर बिल्डरों को उनके अपार्टमेंट सील कराने की धमकी दी गई। है. इस समाचार का प्रकाशन भी बीती 10 मई के हिंदी दैनिक नव भारत टाइम्स कानपुर संस्करण के पेज 6 पर ÷सपा प्रत्याशी ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा, पार्टी से जुड़े बिल्डरों को धमका रहे रक्षा मंत्री के बेटे÷ शीर्षक से हुआ था. इंडी गठबंधन के सांसद प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के इन आरोपों के आधार पर राजधानी के राजाजीपुरम क्षेत्र निवासी कंसलटेंट इंजिनियर संजय शर्मा ने सूबे के गृह विभाग, डीजीपी कार्यालय और लखनऊ कमिश्नरेट के अधिकारियों को शिकायत भेजकर संज्ञान लेने और विधि-अनुसार कार्यवाही करने की मांग की है। संजय ने अपनी शिकायत में लिखा है कि रॉयल होटल स्थित विधायक निवास में हुई प्रेस कांफ्रेंस में मौजूदा सांसद के बेटे पर अपने आवास पर सपा से जुड़े सभी बिल्डरों को बुलाकर धमकाने और चुनाव में सपा की आर्थिक मदद करने पर बिल्डरों को उनके अपार्टमेंट सील कराने की धमकी देने के रविदास मेहरोत्रा के सार्वजनिक रूप से लगाए गए आरोप यदि सही हैं तो ये आरोप भारतीय दंड संहिता एवं चुनाव आचार संहिता के तहत कारित किये गए गंभीर आपराधिक कृत्य हैं जिनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही किया जाना आवश्यक है। अधिकारियों के साथ-साथ सूबे के राज्यपाल और सीएम को भी भेजी गई इस शिकायत के मार्फत संजय ने अनुरोध किया है कि प्राथमिक प्रमाण के साथ की जा रही उनकी इस शिकायत पर पुलिस महकमे द्वारा इंडी गठबंधन के सांसद प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा से मौजूदा सांसद के बेटे द्वारा सपा से जुड़े सभी बिल्डरों को अपने आवास पर बुलाकर धमकाने और चुनाव में सपा की आर्थिक मदद करने पर बिल्डरों को उनके अपार्टमेंट सील कराने की धमकी देने के आरोपों के सम्बन्ध में साक्ष्य मांगे जाएँ और पर्याप्त प्राथमिक साक्ष्य प्राप्त होने पर मौजूदा सांसद के बेटे के खिलाफ सुसंगत कानूनों की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके वैधानिक कार्यवाही की जाये एवं यदि इंडी गठबंधन के सांसद प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा मौजूदा सांसद के बेटे पर लगाए गए आरोपों के सम्बन्ध में साक्ष्य देने में असमर्थ रहते हैं तो रक्षा मंत्री और मौजूदा सांसद राजनाथ सिंह के बेटे पर मिथ्या आरोप सार्वजनिक रूप से लगाने का आपराधिक कृत्य करने के लिए इंडी गठबंधन के सांसद प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा के खिलाफ सुसंगत कानूनों की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करके वैधानिक कार्यवाही कराई जाये और कृत कार्यवाही से उनको अवगत कराया जाए।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

## भारत के पास तिब्बत के रूप में है ऐसा ब्रह्मास्त्र, चीन की सारी चालबाजियों को पल भर में कर देगा परास्त

**फिलीपींस में भारत की ब्रह्मोस मिसाइल पहुंच गई है और वहां की सैना उसकी तैनाती करेगी। फिलीपींस में अमेरिका ने अपनी नई टायफून मिसाइल प्रणाली तैनात कर रखी है। फिलीपींस में अमेरिका को चार बेस का एक्सेस मिला हुआ है। चीन के करीब जापान पर भी अमेरिका का बेस है। ऑस्ट्रेलिया-सिंगापुर में अमेरिका ने अपना बेस बना रखा है। थाईलैंड और साउथ कोरिया में अमेरिकी सेनाएं तैनात हैं। चीन के करीब गुआम में भी अमेरिका का बेस है। इन जगहों से वक्त पड़ने पर कभी भी अमेरिका चीन पर हमला कर सकता है।**

*चीन आजकल परेशान है। बताया जा रहा है कि वह भारत के रवैये से डरा हुआ है। दुश्मन का डरा होना और परेशान रहना ज्यादा बेहतर है। इससे वह अपनी समस्या सुलझाने में लगेगा। अपने दुश्मन देशों को तंग नहीं करेगा। उन पर दबाव-धौंस नहीं दिखाएगा। कभी चीन का व्यवहार हमें परेशानी कर रहा है। वह सीमापर घुसपैंठ करता। क्षेत्र के अंदर आए भारत के भाग में जमता और सौदेबाजी करता। किंतु अब ये बदलता भारत है। बकौल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब भारत दुश्मन को उसके घर में घुसकर मार रहा है। परिणाम है कि आज चीन की आंखों में आंखे डालकर बात की जा रही है। सूचनाएं हैं कि चीन भारत की ब्रह्मोस से डरा हुआ है जब से भारत का शक्तिशाली ब्रह्मोस मिसाइल चीन के करीब तैनात की हैं और चीन के दुश्मन फिलीपींस को दी हैं, तबसे चीन दहशत में हैं। चीन ब्रह्मोस का काट नहीं निकाल पा रहा है। वह जानता है कि उसके सारे हथियार भी एक बार फायर की गई ब्रहमोस को नहीं रोक सकते। ब्रह्मोस की काट निकालने के लिए चीन फिलीपींस को डराने के की कोशिश में जुटा है। चीन ने फिलीपींस के बेहद करीब अपने ड्रोन को भेजा है ताकि फिलीपींस डर जाए। लेकिन चीन का ये कदम बताता है कि असली डर फिलीपींस को नहीं बल्कि चीन को है क्योंकि अब साउथ चाइना सी के बिल्कुल करीब अमेरिकी सेनाएं भी आ गई हैं। भारत पहले ही चीन के शत्रु देश वियतनाम की पीपुल्स नेवी को अपना आधुनिक युद्धपोत आईएनएस कृपाण का हस्तांतरण कर चुका है। इस युद्ध पोत पर आधुनिक मिसाइल तैनात हैं। दरअसल अब तक चीन भारत को घेरने में लगा था। वह भारत के दुश्मन देशों को आधुनिक अस्त्र-शस्त्र की आपूर्ति करने में लगा था। अब ऐसा उसके साथ हो रहा है तो वह परेशान है। चीन भारत में अशांति फैलाने वाले नक्सलाइड, मिजों एव अन्य आंतकियों को आधुनिक शस्त्रों की आपूर्ति करता रहा है। सूचनाएं रही हैं कि उन्हे प्रशिक्षण भी दे रहा है। ऐसे में समय की मांग है कि भारत अब चीन के विरूद्ध चल रहे तिब्बत के पूर्ण स्वतंत्रता के आंदोलन का खुलकर समर्थन करें। जरूरत पड़ने पर तिब्बती के आजादी के आंदोलन के लड़ाकों को शस्त्र के साथ प्रशिक्षण भी दे। भारत की नहीं चीन के रवैये से दुनिया के लगभग सभी देश परेशान हैंइसी कारण फिलीपींस और अमेरिकी सेना का साझा युद्धाभ्यास हाल में शुरू हुआ। इस मिलिट्री ड्रील में जापान की सेनाएं भी शामिल हो रही हैं। 16000 हजार सैनिक साझा युद्धभ्यास में शामिल हैं। सबसे बड़ी बात कि फ्रांस और ऑस्ट्रेलिया के सैनिक भी कुछ दिन में इस ज्वाइंट एक्सरसाइज से रहेंगे। मतलब पांच देश चीन को घेरने के लिए एक साथ होंगे। इस ड्रील में समुद्री और हवाई हमलों का अभ्यास किया जाएगा। भारत के ब्रह्मोस देने के बाद से चीन परेशान है। अभी तो ब्रह्मोस तैनात भी नही हुई होंगी कि चीन परेशान है। वह फिलीपींस पर द्रोण उड़ाकर उसे धमका रहा है। सवाल है कि क्या ड्रोन के जरिए चीन ब्रह्मोस के बारे में जानकारी जुटाना चाहता है। सवाल तो ये भी है कि क्या चीन उस ठिकाने का पता लगाना चाहता है, जहां फिलीपींस ब्रह्मोस को तैनात करेगी। चीन ने ड्रोन के अलावा समंदर में मिलिट्री ड्रील के जरिए भी फिलीपींस को आंख दिखाने की कोशिश की है। चीन की नौसेना ने साउथ चाइना सी में लड़ाकू विमानों और युद्धपोत से मिसाइलें दागकर फिलीपींस को डराने की कोशिश की। दो दिन के अंदर चीन के ये ये कदम बताते हैं कि चीन ब्रह्मोस मिसाइल की तैनाती से भयभीत है।*

---

एक्सप्रेस आलेख

**सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है।**

## स्वास्थ्य रक्षा में सबसे महत्वपूर्ण है नर्सों का योगदान



योगेश कुमार गोयल

**फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है।**

दया और सेवा की प्रतिमूर्ति फ्लोरेंस नाइटिंगेल को आधुनिक नर्सिंग की जन्मदाता माना जाता हैं, जिनकी आज हम 204वीं जयंती मना रहे हैं। प्रतिवर्ष उन्हीं की जयंती को 12 मई को अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के रूप में मनाया जाता है और इस विशेष अवसर पर स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत नर्सिंग कर्मियों के योगदान को नमन करना बेहद जरूरी है। 'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी, जो प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस के अवसर पर प्रदान किए जाते हैं। फ्लोरेंस नाइटिंगेल एक बेहद खूबसूरत, पढ़ी-लिखी और समझदार युवती थी। उन्होंने अंग्रेजी, इटेलियन, लैटिन, जर्मनी, फ्रैंच, इतिहास और दर्शन शास्त्र सीखा था तथा अपनी बहन और माता-पिता के साथ कई देशों की यात्रा की थी। मात्र 16 वर्ष की आयु में ही उन्हें अहसास हो गया था कि उनका जन्म सेवा कार्यों के लिए ही हुआ है। हालांकि उस दौर में नर्सिंग को एक सम्मानित व्यवसाय भी नहीं माना जाता था, इसलिए उनके माता-पिता का मानना था कि धनी परिवार की लड़की के लिए वह पेशा सही नहीं है। दरअसल वह ऐसा समय था, जब अस्पताल बेहद गंदी जगह पर होते थे और वहां बीमार लोगों की मौत के बाद काफी भयावह माहौल हो जाता था। 1850 में फ्लोरेंस ने जर्मनी में प्रोटेस्टेंट डेकोनेसिस संस्थान में दो सप्ताह की अवधि में एक नर्स के रूप में अपना प्रारम्भिक प्रशिक्षण पूरा किया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति उनके सेवाभाव को देखते हुए आखिरकार उनके माता-पिता द्वारा वर्ष 1851 में उन्हें नर्सिंग की आगे की पढ़ाई के लिए अनुमति दे दी गई, जिसके बाद उन्होंने जर्मनी में महिलाओं के लिए एक क्रिश्चियन स्कूल में नर्सिंग की पढ़ाई शुरू की, जहां उन्होंने मरीजों की देखभाल के तरीकों और अस्पतालों को साफ रखने के महत्व के बारे में जाना। फ्लोरेंस का नर्सिंग के क्षेत्र में पहली बार अहम योगदान 1854 में क्रीमिया युद्ध के दौरान देखा गया। उस समय ब्रिटेन, फ्रांस और तुर्की की रूस से लड़ाई चल रही थी और सैनिकों को रूस के क्रीमिया में लड़ने के लिए भेजा गया था। युद्ध के दौरान सैनिकों के जख्मी होने, ठंड, भूख तथा बीमारी से मरने की खबरें आई। युद्ध के समय वहां उनकी देखभाल के लिए कोई उपलब्ध नहीं है। ऐसे में ब्रिटिश सरकार द्वारा फ्लोरेंस के नेतृत्व में अक्तूबर 1854 में 38 नर्सों का एक दल घायल सैनिकों की सेवा के लिए तुर्की भेजा गया। फ्लोरेंस ने वहां पहुंचकर देखा कि किस प्रकार वहां अस्पताल घायल सैनिकों से खचाखच भरे हुए थे, जहां गंदगी, दुर्गंध, दवाओं तथा उपकरणों की कमी, दूषित पेयजल इत्यादि के कारण असुविधाओं के बीच संक्रमण से सैनिकों की बड़ी संख्या में मौतें हो रही थी। फ्लोरेंस ने अस्पताल की हालत सुधारने के अलावा घायल और बीमार सैनिकों की देखभाल में दिन-रात एक कर दिया, जिससे सैनिकों की स्थिति में काफी सुधार हुआ। उनकी अथक मेहनत के परिणामस्वरूप ही अस्पताल में सैनिकों की मृत्यु दर में बहुत ज्यादा कमी आई। उस समय किए गए उनके सेवा कार्यों के लिए ही सभी सैनिक उन्हें आदर और प्यार से 'लेडी विद द लैंप' कहने लगे थे। दरअसल जब चिकित्सक अपनी ड्यूटी पूरी करके चले जाते, तब भी वह रात के गहन अंधेरे में हाथ में लालटेन लेकर घायलों की सेवा के लिए उपस्थित रहती थी। 1856 में युद्ध की समाप्ति के बाद जब वह वापस लौटी, तब स्वयं महारानी विक्टोरिया ने पत्र लिखकर उनका धन्यवाद किया। उसके कुछ ही माह बाद रानी विक्टोरिया से उनकी मुलाकात हुई और उनके सुझावों के आधार पर ही वहां सैन्य चिकित्सा प्रणाली में बड़े पैमाने पर सुधार संभव हुआ और वर्ष 1858 में रॉयल कमीशन की स्थापना हुई। उसके बाद ही अस्पतालों की सफाई व्यवस्था पर ध्यान देना, सैनिकों को बेहतर खाना, कपड़े और देखभाल की सुविधा मुहैया कराना तथा सेना द्वारा डॉक्टरों को प्रशिक्षण देने जैसे कार्यों की शुरूआत हुई। सेवाभाव से किए गए फ्लोरेंस नाइटिंगेल के कार्यों ने नर्सिंग व्यवसाय का चेहरा ही बदल दिया था, जिसके लिए उन्हें रेडक्रॉस की अंतर्राष्ट्रीय समिति द्वारा सम्मानित किया गया। मरीजों, गरीबों और पीड़ितों के प्रति फ्लोरेंस की सेवा भावना को देखते हुए ही नर्सिंग को उसके बाद महिलाओं के लिए सम्मानजनक पेशा माना जाने लगा और उनकी प्रेरणा से ही नर्सिंग क्षेत्र में महिलाओं को आने की प्रेरणा मिली। फ्लोरेंस के अथक प्रयासों के कारण ही रोगियों की देखभाल तथा अस्पताल में स्वच्छता के मानकों में अपेक्षित सुधार हुआ। 90 वर्ष की आयु में 13 अगस्त 1910 को फ्लोरेंस नाइटिंगेल का निधन हो गया, जिनकी कब्र सेंट मार्गरेट गिरजाघर के प्रांगण में है। उनके सम्मान में ही उनके जन्मदिवस 12 मई को 'अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस' के रूप में मनाए जाने की शुरूआत की गई।



**'लेडी विद द लैंप' के नाम से विख्यात नाइटिंगेल का जन्म 203 वर्ष पहले 12 मई 1820 को इटली के फ्लोरेंस शहर में हुआ था। भारत सरकार द्वारा वर्ष 1973 में नर्सों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को सम्मानित करने के लिए उन्हीं के नाम से 'फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार' की स्थापना की गई थी।**

---

### एक्सप्रेस कविता

*तेरे मायके जाने के बाद, पूरा घर एक कोने में सिमट के रह गया है, सीढीया ऊपर जाने वाली ऊपर नहीं जाती, नीचे आने वाली, नीचे नहीं आती, यूं तो बिस्तर डबल बेड का है, पर सिकुड़कर एक तरफ ही रह गया, वह खिड़की के पर्दे जिनके रंग खुशनुमा और रंगीले हुआ करते, आज वो सिमटे हुए सादे और सफेद रंग के सपाट दिखाई देते हैं, खिड़की से कमरों में आती थी, शीतल बयार, आज उष्ण हवाएं अंदर आकर झुलसा देती है तुम्हारे रहते दीवारों के रंग खिले खिले होते, आज उदास और फीके, और रीते से हैं, और तो और रसोइ में बर्तनों की, आपस मे बतकही बन्द है, चीनी,चायपत्ती कोनो में छुप कर, हाथ आने से बचते है, सच तुम्हारे माँ के घर जाने से, इतना बड़ा घर एक छोटे से कोने में सिमटकर रह गया है।*

संजीव ठाकुर

### एक्सप्रेस ज्ञान

*आज अपना सर्वोत्तम संभव जीवन जियो। हर दिन एक उपहार है और लोगों को उन्हें मिले प्रत्येक दिन का अधिकतम लाभ उठाने का प्रयास करना चाहिए*

---

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | पंचमी 26:04 तक |
| नक्षत्रः | आर्द्रा 10:26 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | रविवार |
| योगः | धृति, 08:33 |
| सूर्योदयः | 05:33 |
| सूर्यास्तः | 19:01 |
| चंद्रमाः | मिथुन राशि में |
| राहुकालः | 17:20-19:01 |
| विक्रमी संवत्: | 2081 |
| शक सम्वतः | 1945 |
| मासः | वैशाख |
| शुभ मुहूर्तः | 11:53-12:41 |

### जन एक्सप्रेस

**चल रही तलाश !**

*बनें नए समीकरण ।
चल रही तलाश ।।
लाना अलग चेहरे ।
जगी ऐसी प्यास ।।
करना सब नवीन है ।
आए नई बहार ।।
चाह रहे हम करने को ।
जनता पर उपकार ।।
किए यदि सुधार ।
तय मिलना है फल ।।
कार्यकर्ताओं को ।
मिल जाए कुछ बल ।।
रणनीति ही ऐसी ।
है हमने बनाई ।।
उब गए हैं हम ।
हुई जो जगहंसाई ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

## गर्मियों में त्वचा संबंधी समस्याओं से बचने के लिए अपनाएं नेचुरल तरीके, मिलेगा फायदा

**गर्मियों** में त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए लोग तरह-तरह के ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ट्रीटमेंट का सहारा लेते हैं। ज्यादातर ब्यूटी प्रोडक्ट्स में हानिकारक केमिकल्स का इस्तेमाल होता है, जिससे कई बार लोगों को स्किन एलर्जी की समस्या भी हो जाती है। इसके साथ ही त्वचा हो ग्लोइंग बनाने वाले ट्रीटमेंट्स न सिर्फ जेब पर भारी होते हैं बल्कि इनका कुछ खास असर स्किन पर दिखाई भी नहीं देता है। तेज धूप वाले इस चिलचिलाती गर्मी के मौसम में स्किन से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए आप नेचुरल उपायों को आजमा सकते हैं, जिनसे न केवल स्किन अच्छी होगी बल्कि इनके कोई साइड इफेक्ट्स भी नहीं होते हैं।

**मुंहासों के लिए एलोवेरा का इस्तेमाल:** मुंहासों की समस्या गर्मी के मौसम में बढ़ जाती है, ऐसे में औषधीय गुणों से भरपूर एलोवेरा का इस्तेमाल लाभदायक साबित हो सकता है। एंटी-बैक्टीरियल गुणों से भरपूर एलोवेरा जेल को सीधे ही आप मुंहासों पर लगा सकते हैं। इसके इस्तेमाल से स्किन पर होने वाले बैक्टीरियल संक्रमण को कंट्रोल करने में भी मदद मिलती है। एलोवेरा का



इस्तेमाल से त्वचा मॉइश्चराइज होती है और दाग-धब्बे भी कम होते हैं।

**टैनिंग के लिए टमाटर और शहद का इस्तेमाल:** इन दिनों चिलचिलाती धूप निकल रही है, जिससे लोग टैनिंग के शिकार हो रहे हैं। तेज धूप में निकलते ही सूरज के संपर्क में आने वाला शरीर का हिस्सा गहरे रंग का होने लगता है, जो कि देखने में भद्दा लगता है। टैनिंग के कारण चेहरे की खूबसूरती कम हो जाती है। इससे छुटकारा पाने के लिए आप टमाटर और शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। विटामिन ष्ट के साथ कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर टमाटर स्किन पर लगाने के लिए बेहद लाभदायक होता है। इसके लिए 2 चम्मच टमाटर के पल्प में आधा चम्मच शहद मिलाकर पेस्ट तैयार करें और फिर इस पेस्ट से त्वचा को मसाज करें और फिर सूखने के बाद ताजे पानी से धोएं।

**ऑयली स्किन के लिए मुल्तानी मिट्टी:** गर्मियों में ऑयली स्किन वालों को काफी समस्या होती है, ऐसे में आप मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग कर सकते हैं। मुल्तानी मिट्टी त्वचा के एक्स्ट्रा तेल को अच्छी तरह से अवशोषित करती है, जिससे त्वचा हेल्दी नजर आती है। इसके साथ ही मुल्तानी मिट्टी पोर्स को साफ करती, जिससे पिंपल्स और मुंहासों की समस्या कम होती है। मुल्तानी मिट्टी में मौजूद मिनरल्स और गुण त्वचा को ग्लोइंग बनाने में मदद करते हैं और डेड स्किन सेल्स को हटाने में सहायक होते हैं। हफ्ते में 2 से 3 बार मुल्तानी मिट्टी का प्रयोग करने के आपको फायदा मिलेगा।

**स्क्रब करने के लिए बेसन का इस्तेमाल:** गर्मियों में स्किन को हेल्दी बनाने के लिए आप बेसन का इस्तेमाल स्क्रब के तौर पर कर सकते हैं। बेसन त्वचा की गहराई से सफाई करता है और मृत कोशिकाओं को हटाकर स्किन को साफ करता है। इसके साथ ही बेसन ऑयली स्किन की समस्या को भी कम करने में मदद करता है। बेसन त्वचा के अतिरिक्त तेल को अवशोषित करता है, जिससे ऑयली स्किन की समस्या दूर हो सकती है।

---

एक्सप्रेस विशेष

## मुसलमानों को आरक्षण देने पर अड़ी कांग्रेस



रमेश शर्मा

**वामपंथी स्वयं को धर्म निरपेक्ष होने का दावा करते हैं लेकिन मुसलमानों के हित संरक्षण और सनातन परंपराओं पर हमला करने में वे सेकुलरिज्म भूल जाते हैं। यदि वामपंथी धारा को सेकुलरिज्म का स्मरण होता तो केरल में मुस्लिम आरक्षण लागू न होता।**

**इन राज्यों ने मुस्लिम समाज के जिन लोगों को आरक्षण दिया गया, उन्हें ओबीसी वर्ग में जोड़ दिया गया। इन राज्यों में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, केरल और कर्नाटक हैं। कर्नाटक में पिछली बार जब भाजपा सरकार में आई थी तो उसने मुसलमानों को आरक्षण सुविधा बंद कर दी थी। लेकिन अब कर्नाटक में पुनः कांग्रेस सरकार आ गई और मुस्लिम आरक्षण आरंभ हो गया।**

**स्वाधीनता** संघर्ष में असहयोग आंदोलन के साथ खिलाफत आंदोलन को जोड़कर कांग्रेस ने मुस्लिम तुष्टीकरण की जो नींव रखी थी। वह आज भी यथावत है। स्वतंत्रता के बाद मुस्लिम पर्सनल लॉ के माध्यम से मुसलमानों को धार्मिक विशेषाधिकार, बक्फ बोर्ड को संपत्ति के अतिरिक्त अधिकार देने जैसे निर्णय के बाद अब कांग्रेस एससी, एसटी और ओबीसी के आरक्षण कोटे में कटौती करके मुसलमानों को आरक्षण देने की ओर बढ़ रही है। दक्षिण भारत के चार प्रांतों और पश्चिम बंगाल में यह योजना लागू हो चुकी है। अब कांग्रेस ने राष्ट्रीय स्तर भी लागू करने का संकेत दे दिया है। देश की अठारहवीं लोकसभा चुनाव प्रचार में मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा गरमा गया है। भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आरोप है कि कांग्रेस ओबीसी, एससी और एसटी कोटे में कटौती करके मुस्लिम समाज को आरक्षण देना चाहती है। यद्यपि कांग्रेस के वचनपत्र में मुसलमानों को आरक्षण देने की स्पष्ट घोषणा नहीं है। लेकिन कांग्रेस के ताजा घोषणापत्र में अल्पसंख्यकों के अधिकार पर एक बिन्दु ऐसा है जिसमें मुस्लिम आरक्षण का स्पष्ट संकेत है। कांग्रेस सरकारों ने पहले भी मुस्लिम तुष्टीकरण के अनेक ऐसे निर्णय लिए हैं जो उनके घोषणापत्रों में नहीं थे। फिर भी निर्णय हुए। 1954 में पं जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने कानून बनाकर बक्फ बोर्ड के गठन और संपत्ति के जो अधिकार दिये गये, और समय समय पर बक्फ बोर्ड के अधिकारों को और सशक्त किया। यह कांग्रेस के चुनाव घोषणापत्र में नहीं था। इसी प्रकार एक महिला शाहबानो के गुजारा भत्ता देने के लिए अदालत का निर्णय आया। राजीव गांधी जी के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने 1986 में संविधान में संशोधन करके यह निर्णय अप्रासंगिक कर दिया था। यह भी कांग्रेस के घोषणापत्र में नहीं था। तब यह आवश्यक नहीं है कि भविष्य में तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस और उनके सहयोगी दल कोई निर्णय लें वह घोषणापत्र में हो ही। फिर भी 2024 के घोषणापत्र में एक बिन्दु ऐसा है जिसमें मुस्लिम आरक्षण देने के वचन की स्पष्ट झलक मिल रही है। कांग्रेस ने इस बार चुनाव घोषणापत्र को वचनपत्र नाम दिया है। इसमें वचन दिया गया है कि अल्पसंख्यकों को शिक्षा, स्वास्थ्य, नौकरी, लोकनिर्माण विभाग के अनुबंध, और कौशल विकास में भागीदारी सुनिश्चित की जायेगी। सहयोग करना एक बात है और सुनिश्चित करना बिल्कुल दूसरी बात। भागीदारी सुनिश्चित तो केवल संविधान या सरकार के निर्णय के द्वारा ही संभव हो सकती है। दूसरा इसमें अल्पसंख्यक शब्द का उपयोग किया गया है। कांग्रेस और कुछ सरकारों का इतिहास गवाह है कि वे भले अल्पसंख्यक शब्द का उपयोग करते हों पर इसका लाभ सदैव मुस्लिम समाज को ही मिला है। जबकि मुस्लिम समाज भारत में दूसरी बड़ी आबादी है। अल्पसंख्यकों की श्रेणी में तो पारसी, सिख, बौद्ध और जैन आते हैं। भारत में इनकी आबादी मुसलमानों से बहुत कम है फिर भी अल्पसंख्यक कल्याण की विशेष योजनाओं का लाभ पारसी, जैन या सिखों को कभी नहीं मिलता। भारत में सात प्रांत ऐसे हैं जिनमें हिन्दू अल्पसंख्यक हैं फिर भी उन्हें अल्पसंख्यक कल्याण योजनाओं का लाभ नहीं मिलता। भारत के दो प्रांतों कश्मीर और लक्ष्यद्वीप में मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, इन राज्यों में भी अल्पसंख्यकों के लिए निर्धारित योजनाओं का लाभ उन्हे ही मिलता है। अल्पसंख्यक कल्याण की योजनाओं का लाभ पारसी, जैन सिख आदि वास्तविक अल्पसंख्यकों की बजाय भारत की दूसरी बड़ी आबादी होने के बावजूद केवल मुसलमानों को मिले, यह सब रास्ते कांग्रेस सरकार के दौर में ही बने। इसलिए कांग्रेस के ताजा वचनपत्र के शब्दों में यही संकेत मिलता है। वचनपत्र की शब्दावली के अतिरिक्त एक कारण और भी है। दक्षिण भारत में कांग्रेस नेतृत्व की राज्य सरकारों और केरल की वामपंथी सरकार ने बहुत पहले ही मुसलमानों को आरक्षण देना शुरू कर दिया है। वर्ष 2009, 2014 और 2019 के इन राज्यों के चुनाव प्रचार के दौरान केन्द्रीय स्तर भी मुस्लिम समाज को आरक्षण देने का आश्वासन दिया था। अभी जिन प्रांतों में मुस्लिम आरक्षण लागू हुआ वहा आरक्षित वर्गों के लिए निर्धारित कोटे में ही सेंध लगाई गई है। आरक्षण लागू करने की अधिकतम सीमा पचास प्रतिशत है जो एससी एसटी और ओबीसी के लिए निर्धारित है। यदि किसी अन्य वर्ग को आरक्षण की सूची में शामिल किया जाता है तो एससी एसटी और ओबीसी के कोटे में ही कटौती होगी। दूसरा धार्मिक आधार पर मुस्लिम समाज को आरक्षण देना संविधान की मूल भावना के भी विपरीत है। भारत का संविधान धर्म निरपेक्षता का संदेश देता है। इसमें धर्म के आधार पर किसी को आरक्षण नहीं दिया जा सकता। यह संविधान की भावना के विरुद्ध है।

# सपा बसपा नहीं पाएगी टिक अजय मिश्रा टेनी मारेंगे हैट्रिक

**✻ जबरदस्त उत्साह अपार जन समूह दे रहा संकेत अयय मिश्रा टेनी के प्रति लोगों का प्यार स्नेह देख विरोधियों के हौसले पस्त भाजपा मस्त, जीत की ओर**

**जन एक्सप्रेस । सुनहरा**





लखीमपुर खीरी। शनिवार को भारतीय जनता पार्टी खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने विधानसभा निघासन के विकासखण्ड निघासन के ग्राम खमरिया कोईलार, बाबापुरवा, खैरटिया, हरसिंहपुर, धर्मापुर, रामपुर, सुर्जीपुरवा, मुर्गहा, बल्लीपुर, शिवलालपुरवा तथा तहसील निघासन में अधिवक्ताओं से जनसम्पर्क किया एवं निघासन के ऊषा इवेन्ट गार्डेन में आयोजित किसान मोर्चा सम्मेलन में भी रहे। भारतीय जनता पार्टी खीरी लोकसभा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी ने किसान मोर्चा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सबको जैसी जानकारी है आप लोगों ने मुझे लगभग 17 साल से पहले जिला पंचायत सदस्य बनाया,उसके बाद विधायक बनाया और दस साल से मैं सांसद हूं। इस दौरान बहुत सारे काम जब मैं जिला पंचायत का सदस्य था तो जिला पंचायत के सदस्य की हैसियत से जो संभव था वह बहुत सारे काम किए गए। आपके गांव में शायद उसी समय रास्ता तिकुनियां के लिए बना था ऐसे अलग-अलग समय में विधानसभा में जब रहा तो उस तरह से काम हुए। लोकसभा में और बड़ा सबसे बड़ा चुनाव होता है सबसे बड़ी पंचायत अपने देश की इसलिए बहुत सारे परिवर्तन आए लेकिन अगर विशेष कर आप सब देखो तो 2014 के बाद बहुत सारा परिवर्तन हुआ। 2014 से पहले गांव में सुविधा के नाम पर बहुत कुछ नहीं होता था। राशन कार्ड एक होता था दो-चार इंडिया मार्का हैंडपंप और कहीं एक दो रास्ता खड़ंजा। बिजली आती नहीं थी, ऐसी स्थितियां 2014 से पहले थी। 2014 के बाद जो बदलाव आया पहले राशन कार्ड होता था तो उसमें पहले कार्ड ही होता था राशन के लिए आपको कोटेदार को ढूंढना पड़ता था। गांव वाले कोटेदार को ढूंढा करते थे कि कोटा कब बंटेगा। दो-तीन महीने में एक बार बंटता था। अब आपको कोटेदार बुला करके गल्ला देते है। तो आप लोगों को कोटेदार खुद बुला करके अनाज देते हैं एक समय था जब कोई सभा होती थी तो कोटेदार लोग मीटिंग में नहीं आते थे।

इस वजह से कि कोई सवाल ना पूछने लगे लेकिन अब कोटेदार भी सम्मानित स्थिति में मीटिंग में भी आते हैं क्योंकि सबको अनाज भी दे रहे हैं और सरकार चार साल से फ्री अनाज भी दे रही है और आगे भी फ्री अनाज मिलता रहेगा इसकी भी घोषणा कर दी गई है। दूसरी बात इंडिया मार्का हैंडपम्प की, मैंने बताया पहले तो पानी पीने के लिए वही होते थे अब आपके लखीमपुर जिले में हर गांव के लिए पानी की टंकी स्वीकृत हो गई।

600 से ज्यादा गांव में बन गई और बाकी शेष गांवों में बन रही है।

इसके साथ ही उन्होंने विधानसभा निघासन के विकासखण्ड निघासन के ग्राम खमरिया कोईलार, बाबापुरवा, खैरटिया, हरसिंहपुर, धर्मापुर, रामपुर, सुर्जीपुरवा, मुर्गहा, बल्लीपुर, शिवलालपुरवा तथा तहसील निघासन में अधिवक्ताओं से जनसम्पर्क किया।

## पंचतत्व में हुए विलीन शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रेम शंकर अग्रवाल, बड़े पुत्र ने दी मुखाग्नि

**✻ अंतिम संस्कार में हजारों की संख्या में लोगों ने दी नम आंखों से श्रद्धांजलि**

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रेम शंकर अग्रवाल का लगभग 80 साल की आयु में शुक्रवार को आकस्मिक निधन हो गया था।वह बीते काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे।शुक्रवार की शाम करीब सवा छह बजे उन्होंने अपने पंजाबी कालोनी आवास में अंतिम सांस ली,वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रेम शंकर अग्रवाल पंच तत्वों में विलीन हो गए।वह करीब 80 वर्ष के थे जिनका निधन शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे हृदय गति रुक जाने के कारण आकस्मिक निधन हो गया था।सामाजिक जीवन में उनके श्रेष्ठ आदर्शो को याद करते हुए उनकी अंतिम यात्रा ससम्मान गाजे बाजे के साथ संपन्न हुई। उनके जाने से नगर क्षेत्र में एक वरिष्ठ समाजिक व्यक्तित्व के योद्धा को खो दिया है उनकी कमी हमेशा शहर को महसूस होती रहेगी और उनकी जगह कोई पूर्ण नहीं कर पाएगा। उनके अंतिम दर्शनार्थ के लिए सामाजिक, राजनीतिक कार्यकर्ता, व्यापारी सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों द्वारा नम आंखों से श्रद्धांजलि अर्पित की गई और वरिष्ठ जनों ने उनके आवास पर गहरा शोक प्रकट करते हुए कहा कि हमने आज एक मजबूत स्तंभ खो दिया है। मूसाराम शिवराम दास ग्रुप के प्रमुख और शहर के प्रतिष्ठित व्यापारी प्रेम शंकर अग्रवाल का शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे हृदय गति रुक जाने से आकस्मिक निधन हो गया था जिनका अंतिम संस्कार शनिवार को दोपहर करीब 1 बजे किया गया। उनके बड़े बेटे दिनेश अग्रवाल ने उन्हें मुखाग्नि दी। हालांकि इस दौरान उनके दोनों बेटे दिनेश अग्रवाल एवं देश दीपक अग्रवाल के साथ परिवार के सभी सदस्य अंतिम संस्कार में शामिल हुए। उनके पार्थिव शरीर को लखीमपुर के मुक्ति धाम लाया गया जहां उन्हें मुखाग्नि दी गई। उनकी अंतिम यात्रा शहर के निज निवास पंजाबी कालोनी से निकलकर सेठघाट पहुंची जहां उनका विधि विधान से अंतिम संस्कार किया गया। उनके अंतिम दर्शनार्थ के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## युवक का फंदे से लटकता मिला शव

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

शनिवार को अपनी ससुराल में रह रहे पीलीभीत के 45 वर्षीय युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। उसका शव पेड़ से लटका बरामद हुआ है। परिजन हत्या कर शव लटकाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पीलीभीत जिले के थाना सेहरामऊ उत्तरी के गांव खआंडेपुर निवासी 45 वर्षीय मनोज की ससुराल पलिया कोतवाली के गांव लालापुर ठाका में है। वह कई वर्षों से अपनी ससुराल में ही रह रहा था। शनिवार की सुबह उसका शव गांव के बाहर पेड़ से लटका मिला। उसके गले में रस्सी का फंदा कसा हुआ था।

शव लटका होने की खबर मिलने पर परिवार और ससुराल के लोग मौके पर पहुंचे। शव देख उनमें चीख पुकार मच गई। परिजन हत्या कर शव लटकाने की आशंका जाहिर कर रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

## 2 अभियुक्तों को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस । भीरा खीरी**

थाना भीरा पुलिस ने गांव पहाड़ापुर निवासी उमेश कुमार की मौत के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। शनिवार को चालान कर पुलिस ने दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया।घटना तीन अप्रैल 24 की रात करीब 12 बजे हुई थी। गांव पहाड़ापुर निवासी उमेश कुमार घर पर अकेला था। तभी गांव के कुलदीप पांडेय, कीर्ति पांडेय और अनुराग सक्सेना उसके घर में घुस गए थे और लाठी-डंडों व धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया था। बाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने इस मामले में घायल उमेश कुमार की बहन नेहा पांडेय की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने शनिवार को आरोपी कुलदीप पांडेय व अनुराग सक्सेना को गिरफ्तार कर चालान भेजा है।अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उप निरीक्षक चेतन तोमर, उप निरीक्षक रामबाबू शर्मा, हेड कांस्टेबल शिवकुमार गंगवार, हेड कांस्टेबल कुलदीप कुमार, कांस्टेबल मोहित कुमार की सराहनीय उपस्थिति रही।

## भारत-नेपाल सीमा सील, आवागमन बंद

**जन एक्सप्रेस । बहराइच**

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले में चौथे चरण के अंतर्गत 13 मई को होने वाले मतदान को देखते हुए भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा पर आवागमन बंद कर शुक्रवार को बॉर्डर सील कर दिया गया है। शाम 5:00 बजे से 13 मई सोमवार की शाम मतदान होने तक पूरी तरह से बंद रहेगा। इस दौरान इमरजेंसी सुविधाओं पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा। सेवा से जुड़े वाहनों का आवागमन सुचारु रूप से चालू रहेगा। इस दौरान एसएसबी और पुलिस के जवान लोगों की सघन जांच करते नजर आए। बता दें कि जिले में करीब 110 किलोमीटर लंबी नेपाल की खुली सीमा लगती है।

भारत-नेपाल सीमा पर सीमा क्षेत्र में प्रतिदिन रुपईडीहा से नेपालगंज व नेपालगंज से रूपईडीहा लगभग एक लाख लोगों की आवाजाही रहती है। सीमा सील होने से रूपईडीहा में शुक्रवार की शाम सन्नाटा पसर गया। भीड़भाड़ न होने के चलते कस्बा में मौजूद दुकानों पर ग्राहकों की कमी देखी गई।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष विजय कुमार मित्तल कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल महामंत्री संजय कुमार का कहना है कि भारत नेपाल सीमा के बंद हो जाने के कारण मतदान से पूर्व लाखों रुपये का व्यापार बाधित होता है।

सीमावर्ती क्षेत्र से पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल के ग्राहकों के द्वारा खाद्य सामग्री, परिधान और रोजमर्रा की वस्तुएं खरीदी जाती हैं जो उनके बजट में सस्ता पड़ता है।

सीमा क्षेत्र में पुलिस बल व एसएसबी के द्वारा विशेष रूप से सतर्कता बरती जा रही है।

कमांडेंट गंगा सिंह उदावत ने बताया कि रूपईडीहा में तैनात सहायक कमांडेंट सौरभ रंजन, महिला निरीक्षक अनीता कुमारी, सहायक उप निरीक्षक बिपलब घोष, आदि जवानों के द्वारा सीमा पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है।

### इमरजेंसी सेवाओं के लिए जारी होंगे पास

डीएम मोनिका रानी ने बताया कि 13 मई को होने वाले मतदान को ध्यान में रखते हुए सीमावर्ती क्षेत्र नेपाल के बॉर्डर को 10 मई की शाम से 13 मई को मतदान समाप्ति तक पूरी तरह सील कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सील अवधि के दौरान मेडिकल इमरजेंसी में पास जारी करने के लिए एसएसबी कमांडेंट के 42वीं व 59वीं वाहिनी द्वारा नामित सहायक सेना नायक स्तर के प्रतिनिधि को आवश्यक कार्य के लिए आवागमनम करने हेतु एसडीएम नानपरा व मिहींपुरवा और पुलिस क्षेत्राधिकारी को पास जारी करने के लिए अधिकृत किया गया है।

### जवानों ने रूट मार्च कर जताया सुरक्षा का अहसास

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मटेरा, दरगाह शरीफ सहित अधिकतर थानों की पुलिस ने क्षेत्र में पैरामिलिट्री फोर्स, एसएसबी आदि टीमों के जवानों के साथ रूट मार्च कर लोगों में सुरक्षा का अहसास कराया। चुनाव में गडबड़ी करने वाले अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की बात कही।

### सीमा बंद होने से वाहनों की लगी कतार

भारत नेपाल सीमा बंद होने से वाहनों की लंबी लंबी लाइनें लग गई। सुरक्षाबल इमरजेंसी सुविधाओं वाले वाहनों को ही आवागमन करने दे रहे है। जिसमें ऐबुलेंस, रोजमर्रा की जरूरी चीजों से जुड़े खाद्य पदार्थ आदि शामिल है।

### इमरजेंसी सुविधाएं रहेंगी चालू

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सिविल पुलिस द्वारा छह बैरियर बनाए गए हैं। जो मुख्य रूप से नेशनल हाईवे 927 स्थित मिशन स्कूल के पास रंजीत बोझा, पचपकड़ी, शिवपुरा, निबिया, मुंशी पुरवा आदि क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेंगे। वहीं इमरजेंसी सुविधाओं वालों वाहनों का आवागमन जारी रहेगा।

## मार्निंग वॉकर ग्रुप गांधी पार्क के सदस्यों ने ली मतदान की शपथ

**✻ मतदान करने हित प्रेरित करने की शपथ ली।**

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

सजग नागरिक और जागरूक मतदाता सदैव अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक रहता है इसका जीता जागता उदाहरण प्रस्तुत किया मार्निंग वॉकर ग्रुप गांधी (कंपनी बाग) पार्क के सदस्यों ने, जिन्होंने प्रातः भ्रमण, योग और व्यायाम के बाद आगामी तेरह मई को अवश्य मतदान करने की शपथ ली। स्थानीय गांधी (कंपनी बाग) पार्क में प्रातः भ्रमण - व्यायाम को आने वाले समस्त सदस्यों ने आगामी चुनावों में न केवल स्वयं मतदान करने अपितु अन्य को भी मतदान करने हित प्रेरित करने की शपथ ली। समाजसेवी राम मोहन गुप्त द्वारा सभी को मतदान करने, अपने परिजनों एवं परिचितों को 13 मई को बगैर चूक किए मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। इससे पूर्व पार्क की कई गंदी बेचों की धुलाई और सफाई करके भी मार्निंग वॉकर ग्रुप के सदस्यों ने अपनी जागरूकता और सक्रिय नागरिक होने का परिचय दिया। इस अवसर पर आर एस शर्मा, शलभ अवस्थी, राम मोहन गुप्त, धीरज धवन, अखिलेश शुक्ला, चंद्र कुमार अवस्थी, शरद गुप्ता, शिरोमणि सिंह कनौजिया, अखिल गुप्ता, नरेश चंद्र जलोटा, संजीव गुप्ता सहित मार्निंग वॉकर ग्रुप के साथी एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे।

## मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं ने एक रैली निकाली

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**




आदर्श सरस्वती बाल विद्या मंदिर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं ने एक रैली निकाली और विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के संरक्षक अरविंद पांडे ने अपने संबोधन में शिक्षक शिक्षिकाओं छात्र-छात्राओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया उन्होंने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए प्रत्येक नागरिक को मतदान करना आवश्यक है

जिससे देश में लोक कल्याणकारी सरकार का गठन आप अपने मतदान के माध्यम से कर सकेंगे यह अवसर 5 वर्षों में एक बार आता है इसलिए सर्वप्रथम मतदान करना चाहिए उक्त अवसर पर प्रधानाचार्य महेंद्र वर्मा ने कहा कि आप सभी लोग अपने घर जाकर के मतदान के लिए निवेदन करेंगे और पास पड़ोस के भी लोगों को जागरूक करने का काम करेंगे। उक्त अवसर पर विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं चंदा दीक्षित साहिब शिवा बानो दरक्षा परवीन मुस्कान रचना चौधरी आकाश तिवारी अरुण कुमार सहित समस्त छात्र-छात्राएं एवं अभिभावक बंधु उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पति को जेल क्या हुई पत्नी हो गई फरार

जन एक्सप्रेस । गोला गोकरननाथ खीरी। नगर के एक मोहल्ला मथुरा नगर में निवास करने वाले एक व्यक्ति को किसी मामले में दो साल की सजा हो गई थी। बताते हैं इसी बीच उसके संबंध किसी व्यक्ति से हो गए और वह माल जेवर समेट कर फरार हो गई। पति जेल से छूट कर घर पहुंचा तो उसे पत्नी नहीं वहां ताला लगा हुआ मिला। पीड़ित पति ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसे एक मामले में दो साल की जेल हो गई थी। कुछ दिनों तक पत्नी मिलाई करने जेल में जाती रही परंतु उसके बाद उसने जाना बंद कर दिया था। जब वह जेल से छूटकर घर पहुंचा तो पता चला कि उसकी पत्नी घर का कीमती सामान कीमत करीब पांच लाख रुपए का समेट कर अपने प्रेमी के साथ फरार हो गई है। पति ने प्रेमी के खिलाफ नामजद तहरीर देकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है। इस मामले में कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह का कहना है की महिला यदि विवाहित है तो मामला परिवारवाद का हो जाता है। ऐसे मामलों में पुलिस मुकदमा पंजीकृत नहीं कर पाती है। उन्होंने ऐसे किसी मामले की जानकारी होने से भी इनकार किया है।

### युवती ने किया सुसाइड,कमरे में लटकी मिली

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिले में बिलग्राम थाना क्षेत्र के चौधी पुरवा गांव में एक 15 वर्षीय किशोरी ने घर के कमरे में अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना के बाद मृतका के परिवार जनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। इसके बाद घटनास्थल पर पहुंचे पुलिस ने मृतका के शव का पंचनामा भरने के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और अग्रिम विधि कार्रवाई में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी ममता पुत्री राम रतन निवासी ग्राम चौधरी पूर्व कटनी छिबरामऊ ने अपने घर के कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जब परिजनों ने कमरा खोल के देखा तो किशोरी फंदे पर लटकी हुई थी। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना को लेकर परिजन भी कुछ ठीक से नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस हर पहलू से मामले की तफ्तीश में जुटी हुई है। प्रभारी निरीक्षक नारायण कुमार कुशवाहा ने बताया कि किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### लोकसभा चुनाव में तहसील में बनाया गयापोलिंग बूथ कास्टिंग कंट्रोल रूम

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी। लोकसभा चुनाव में पोलिंग बूथ वेब कास्टिंग का कंट्रोल रूम तहसील परिसर में बनाया गया है।गोला तहसील गोला के क्षेत्र के 222 मतदान केदो के 441 पोलिंग बूथ में से 250 बूथों की बेव कास्टिंग होगी। एसडीएम रत्नाकर मिश्रा ने बताया कि डीएम के नेतृत्व में निष्पक्ष निर्वाचन के उद्देश्य से तहसील के कक्ष संख्या 6 में कंट्रोल रूम बनाया गया है।जहां सीसीटीवी कैमरा पर मतदान पर निगरानी रखी जाएगी। तीन टेलीविजन और तीन लैपटॉप के जरिए कंट्रोल रूम तैयार किया गया है।व्यवस्था में नायब तहसीलदार भानु प्रताप सिंह,नायब नाजिर कुशाग्र कौशर सहित कई कर्मचारी अधिकारी लगे हैं।

## मजदूरों से भरी डीसीएम पलटी, दो की मौत

**✻ छह महीने बाद मजदूरी करके मेरठ से लौट रहे थे घर, ड्राइवर को झपकी आने पर हादसा**

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**



मजदूरी करके छह महीने बा घर आ रहे मजदूरों की डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी की गाड़ी के परखग्चे उड़ गए। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा ड्राइवर को झपकी आने पर हुआ। पुलिस ने घायलों को अस्पताल भेजकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

थाना सिंगाही क्षेत्र के टांडा गांव निवासी ठेकेदार प्रताप आसपास के गांवों से मजदूरों को गन्ने की छिलाई कराने के लिए छह महीने पहले मेरठ लेकर गए थे। गन्ने की छिलाई का काम पूरा होने के बाद सभी मजदूर डीसीएम से अपने घर वापस आ रहे थे, तभी रास्ते में असम हाईवे के पास श्रमिकों से भरी डीसीएम अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। डीसीएम में आगे बैठी थाना सिंगाही क्षेत्र के गांव नौरंगाबाद निवासी मासूम रेशमा (10) और बथुआ टांडा निवासी शबीना (30) की मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे में दो दर्जन पीछे बैठे मजदूर गंभीर घायल हो गए। रेशमा व शबीना की मौत की खबर सुनने के पर छह महीने बाद उनके घर वापसी की जो खुशी थी वो मातम में बदल गई। शबीना के घर आय का कोई दूसरा श्रोत नहीं था, न ही इनके पास पर्याप्त जमीन थी और न ही काम करने का कोई जरिया। बाहर काम करने के लिए जाने पर अग्छी दिहाड़ी मिलती थी, इसलिए शबीना अपने पति इश्तियाक के साथ मजदूरी के लिए बाहर जाया करती थी। मजदूरी में जो पैसे बचते थे, उन्हीं पैसों से शबीना का घर चलता था। वहीं रेशमा गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में पढ़ती थी।रेशमा के माता पिता बेहद गरीब हैं, जिस दिन ये मजदूरी करने नहीं जाते उस दिन इनके घर चूल्हा नहीं जलता था। इन समस्याओं के चलते रेशमा के माता पिता भी अपने पूरे परिवार के साथ मजदूरी करने के लिए मेरठ गए थे। उन्हीं के साथ रेशमा भी गई थी, मगर उसे क्या मालूम था की उसका ये सफर आखरी है। सिंगाही थाना क्षेत्र के रहने वाले अभिषेक, श्यामू, धर्मेंद्र, संजू देवी, अल्ताफ, रंगीलाल, इस्तियाक, कुन्नू, गौतम, अजमानो, सद्दाम, शमा, अलनुमा, मुबारक अली, मसरूम, कदीर, राजवी, मामा, नसरुद्दीन, पुष्पा देवी, शाइना, शादाब, रुबीना, इख्त्याज आदि घायल हैं। अस्पताल में इनका इलाज चल रहा है।

## चौथे चरण के मतदान का प्रचार प्रसार थमा, 13 मई को होगा मतदान

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में होने वाले मतदान को लेकर प्रचार प्रसार शनिवार की शाम 5 बजे थम गया। अब 13 मई को चौथे चरण के मतदान को लेकर वोटिंग होगी। देश की 96 और प्रदेश की 13 सीटों पर ये मतदान सोमवार को होगा। चौथे चरण में हरदोई जनपद की हरदोई सुरक्षित और मिश्रिख सुरक्षित लोकसभा भी शामिल है। इन सीटों पर गुजरे दो दिन से किसी भी वीआईपी की मूवमेंट नहीं हुई। हालांकि चुनाव में प्रचार प्रसार के लिए यूपी सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव, बीएसपी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती सहित देश के गृह मंत्री अमित शाह पहुंचे थे। जिन्होंने अपने अपने तर्क दावों और वादों से जनता को रिझाने की कोशिश की। हालांकि जनता पर इन भाषणों का कितना असर हुआ, ये मतगणना में वोट खुलने के बाद स्पष्ट हो सकेगा। हरदोई में चौथे चरण के मतदान को लेकर प्रदेश के तमाम मंत्रियों और नेताओं ने यूं तो कई रैलियां कीं। लेकिन प्रमुख चेहरों की बात करें तो सबसे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मिश्रिख लोकसभा में आने वाले मल्लावां कस्बे में जनसभा को संबोधित किया और अगले ही रोज हरदोई लोकसभा के शाहबाद में सीएम योगी ने जनसभा को संबोधित किया। इसके बाद 8 मई हरदोई और मिश्रिख के लिए अहम रही। जहां मिश्रिख लोकसभा के अंतर्गत आने वाले माधौगंज कस्बे में बसपा सुप्रीमो मायावती, हरदोई के सीएसएन में गृह मंत्री अमित शाह, सांडी में अखिलेश यादव और मिश्रिख के संडीला में अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया और अपने अपने प्रत्याशियों के समर्थन में वोट मांगे। 2014 के बाद पहला ऐसा चुनाव है, जिसने प्रधानमंत्री मोदी कार्यक्रम हरदोई में नहीं लगा।

## अमीन ने फंदे से लटककर दे दी जान

**जन एक्सप्रेस । शाहजहाँपुर**

थाना सदर बाजार क्षेत्र के मोहल्ला सुभाषनगर निवासी सिंचाई विभाग के सेवानिवृत्त अमीन रामसेवक श्रीवास्तव (62) ने फंदे से लटककर जान दे दी। कोरोना के चलते पत्नी की मौत होने के बाद वह मानसिक रूप से अस्वस्थ चल रहे थे। रामसेवक बृहस्पतिवार की रात खाना खाने के बाद कमरे में सोने के लिए चले गए थे। इस बीच कमरे में तहमद को कुंडे में डालकर फंदा बनाने के बाद लटककर उन्होंने जान दे दी। रात करीब डेढ़ बजे परिजन जागे तो शव लटका देखकर चीख-पुकार मच गई। रात में पुलिस को सूचना दी गई। सदर थाना प्रभारी रवींद्र सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने बताया कि करीब तीन साल पहले कोरोना के चलते पत्नी सोमवती का निधन हो गया था, तभी से वह गुमसुम रहने लगे थे। वह अपने पीछे तीन बेटे व एक बेटी को छोड़ गए हैं।

## हाईवे पर बाइक सवार दो शिक्षकों को तेज रफ्तार कार ने रौंदा, एक की मौत

**जन एक्सप्रेस । बरेली**

बरेली के नवाबगंज क्षेत्र में बाइक से स्कूल जा रहे दो शिक्षकों को पीछे से तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे एक शिक्षक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी शिक्षक गंभीर घायल हो गया। राहगीरों ने घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। इधर, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया।

पीलीभीत के थाना जहानाबाद क्षेत्र के चांदडांडी गांव निवासी हरगोपाल खेती किसानी के साथ बरेली-पीलीभीत हाईवे पर विशनपुर गांव के पास स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षक थे।

शनिवार को वह अपने साथी सुरेंद्र कुमार निवासी मंकरदापुर के साथ बाइक से स्कूल जा रहे थे। हाईवे पर विशनपुर गांव के पास पीछे से आई कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे हरगोपाल की मौके पर ही मौत हो गई। सुरेंद्र कुमार गंभीर घायल हो गए। घायल को राहगीरों ने अस्पताल पहुंचाया। घटना के बाद मौका मिलते ही चालक कार को लेकर फरार हो गया है।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम को भेज दिया।

हादसे के बाद मृतक की पत्नी मंगलवती और बेटी मिथलेश, सुमन का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

### दो बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

फतेहगंज पश्चिमी में गैस गोदाम के पास हाईवे से कस्बा को जाने वाले मार्ग पर दो बाइक आमने सामने से भिड़ गई। जिससे दोनों बाइक पर बैठे छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के दौरान कृष्णपाल नाम के युवक की मौत हो गई, जबकि चार गंभीर घायल है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा

**जन एक्सप्रेस/बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मेहरौना के रहने वाले व्यास यादव अपने पुत्री रीना की शादी बघौचघाट थाना के कंठीपट्टी निवासी पंकज यादव से किया है। दोनों से दो बेटे भी हैं। आरोप है कि शादी के कुछ दिनों के बाद से ही पंकज और उसके घरवाले दहेज के लिए रीना को प्रताड़ित करने लगे। आए दिनों रीना को मारा पीटा करते हैं। रीना ने इसकी जानकारी अपने मायके वालों को दी ।इसे लेकर दोनों पक्षों में कई बार पंचायत भी हुई लेकिन ससुराल वालों के व्यवहार में कोई बदलाव नहीं हुआ। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति पंकज यादव, उसके पिता नंदलाल यादव, मां दुलारी देवी और भाई चंचल यादव के खिलाफ आईपीसी की धारा डीपी एक्ट और 498(ए) के तहत मुकदमा दर्ज किया।

### मालवीय पीजी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी।** कस्बे के मदन मोहन मालवीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सत्र 2024-2025 हेतु बीए, बीएससी, एमए तथा एमएससी प्रथम सेमेस्टर की प्रवेश प्रकिया प्रारम्भ हो रही है। जिसमें 'प्रोस्पेक्टस एवं पंजीकरण फार्म' वितरण तथा जमा करने का कार्यक्रम 16मई से 31मई तक चलेगा। यह जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने दी है, उन्होंने बताया है कि प्रथम प्रवेश सूची का प्रकाशन 1 जून को होगा। प्रथम सूची के छात्रों का प्रवेश 3 जून से 5 जून तक लेना होगा ।द्वितीय प्रवेश सूची का प्रकाशन 12 जून को होगा। द्वितीय सूची के छात्रों का प्रवेश 13 जून से 14 जून तक होगा। तृतीय प्रवेश सूची का प्रकाशन 1 जुलाई को होगा। तृतीय सूची के छात्रों का प्रवेश 2 जुलाई को होगा। इच्छुक अभ्यर्थी महाविद्यालय में स्वयं उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया निर्धारित नियमानुसार पूर्ण करें।

### तैर कर नदी पार करने की होड़ में डूबा

**जन एक्सप्रेस/कपरवार/बरहज।** राप्ती के संगम तट पर भैंस चराने वाले कपरवार और बड़हलगंज कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम पटना के दर्जन भर युवक नदी में स्नान कर रहे थे। युवकों में तैर कर नदी पार करने की होड़ लगी। इसी बीच पटना निवासी अमन यादव (20) पुत्र सोमनाथ यादव नदी के मध्य धारा में तेज प्रवाह में फंस कर डूबने लगा। उसके चिल्लाने की आवाज सुनकर साथी युवक बचाने के लिए लौटे, लेकिन तब तक अमन नदी की गोद मे समा गया।

### तीसरे चरण के मतदान तक विपक्ष ने मान ली हार: राघवेंद्र द्विवेदी

**जन एक्सप्रेस/देवरिया।** तीसरे चरण के मतदान तक हताश हो चुके विपक्ष के नेता अब भगवान राम पर टिप्पणी करने लगे हैं। कोई कहता है कि राम मंदिर बेकार है तो कोई कहता है कि राम मंदिर से जनता को क्या लाभ है। उक्त बातें 2024 के लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) में शामिल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रवक्ता राघवेंद्र द्विवेदी ने देवरिया -66 से लोकसभा प्रत्याशी शशांक मणि त्रिपाठी के लिए कर रहे लगातार जनसंपर्क में कही। श्री द्विवेदी ने कहा कि आतंकवादियों की पैरवी करने वालों को तो राम मंदिर बुरा ही लगेगा। सरकार में रहते हुए आज के विपक्ष ने राम जन्मभूमि पर आतंकी हमला करने वालों के खिलाफ, आज देश में हो रही कार्रवाई और यूपी में माफिया के खिलाफ हो रहे एक्शन जैसे कड़े कदम उठाए होते तो संकट मोचन मंदिर और कचहरी पर पर आतंकी हमले नहीं होते। उन्होंने कहा कि तब आतंकवाद पर घुटना टेकने की नीति का दुष्परिणाम रहा कि इन हमलों में हजारों लोगों को जान गंवानी पड़ी।

# खनन माफियाओं पर सख्त हुआ तहसील प्रशासन

## जेसीबी मशीन सहित दो ट्रैक्टर ट्रॉली किया सीज

**जन एक्सप्रेस । आनन्दनगर महराजगंज**

फरेंदा तहसील क्षेत्र के खेतों से अवैध मिट्टी खनन जारी है। जेसीबी व लोडर मशीन द्वारा खेतों से मिट्टी खनन धड़ुले से किया जा रहा है। ट्रैक्टर ट्रॉलियों में मिट्टी भरकर मुख्य मार्गों से गंतव्य तक पहुंचाई जा रही है परंतु जिम्मेदार तमाशबीन बने हुए है। कृषि भूमि से खनन कर अधिकतर मिट्टी कारोबारी के पास जा रही है। कारोबारी विभागीय मिलीभगत से रॉयल्टी की चोरी कर रहें हैं। फरेंदा तहसील क्षेत्र के छितही, फुलवरिया, कम्हरिया, गोपलापुर, बड़हरा, बनकटी, बजरडीहा, गिरधरपुर इसी तरह पुरन्दरपुर क्षेत्र के जंगल शाहपुर, फरेनी, ताल्ही, भगवानपुर, जललगढ़ व बृजमनगंज क्षेत्र में मिश्रवलिया, गुजरवालिया, बंगला चौराहा सहित सैकड़ों सरकारी गैर सरकारी जमीनों पर खनन का धंधा जोरों पर चल रहा है। इसमें विभागीय अधिकारियों की संलिप्तता से इन्कार नहीं किया जा सकता है। जिम्मेदारों की इस अनदेखी के कारण राजस्व को भारी हानि पहुंच रही है। भले ही शासन-प्रशासन की ओर से अवैध खनन पर लगाम लगाने का दावा किया जा रहा हों, लेकिन धरातल पर खनन का धंधा खूब फल-फूल रहा है और खनिज संपदा के साथ-साथ राजस्व को चूना लगाया जा रहा है तो वहीं पर्यावरण को भी प्रदूषित करने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ा जा रहा है।





### तहसील प्रशासन ने पकड़ा जेसीबी मशीन सहित दो ट्रैक्टर ट्राली

अवैध मिट्टी खनन की मिल रही अनवरत शिकायतों का संज्ञान लेते हुए फरेंदा तहसीलदार ने खनन माफियाओं पर की कार्रवाई, मिट्टी खनन कर रहे जेसीबी मशीन सहित दो ट्रैक्टर ट्राली पकड़ कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बता दें कि तहसील प्रशासन द्वारा जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्राली पकड़े जाने की सूचना पर जनपद के खनन माफियाओं में खलबली मच गई है खनन कार्य में लगे सभी ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी खाली कर भागते नजर आए।

### राजस्व निरीक्षक व हल्का लेखपाल के रहमो-करम पर हो रहा खनन

बताते चलें कि तहसील क्षेत्र में रात्रि के लगभग 8 बजे शुरु होकर सुबह 4 बजे तक अवैध तरीके से मिट्टी खनन का कार्य किया जाता है। सूत्रों के अनुसार राजस्व विभाग के हल्का लेखपाल के मिलीभगत से अवैध खनन का कार्य किया जाता है। हाल वहीं है कि 'जब सैंया हमार कोतवाल तो डर काहे का' वही हाल खनन माफियाओं का है, आखिर इन खनन माफियाओं पर प्रशासन क्यों नहीं कार्यवाही कर पा रहा है, क्या प्रशासन के ऊपर खनन माफिया भारी पड़ रहे हैं, अथवा उनके डर से प्रशासन कार्यवाही नहीं कर पा रहा है।

### अवैध रूप से खनन कर रहे लोगों पर की जाएगी कार्रवाई: एडीएम

फरेंदा उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि,कहीं भी अवैध खनन नहीं हो रहा है। सभी जगहों पर खनन करने वाले लोगों ने परमिट ले रखा है। बिना रॉयल्टी जमा कराए ईंट भट्ठा वाले मिट्टी की खुदाई करते हैं, ऐसी शिकायतें आई हैं, जांच कराई जा रही है। कामर्शियल कामों के लिए अनुमति की जरूरत होती। ईंट भट्ठे के लिए परमिशन अनिवार्य होता है। इसमें भी मानक से अधिक गहराई की खुदाई होती है तो किसान को तत्काल शिकायत करनी चाहिए है। कुम्हार को गिला मिट्टी तालाब से लेकर आते है उनके लिए कोई परमिशन की आवश्यकता नहीं होती है।

### खनन अधिकारी व पुलिस की मिलीभगत से होता है अवैध मिट्टी खनन

स्थानीय पुलिस व खनन अधिकारी से साठगांठ कर माफिया मिट्टी का खनन दिन-रात कर रहे हैं ।जब भी शिकायत पर जांच होती है, उसे साठगांठ से दबा दी जाती है। बचने के लिए तर्क दिया जाता है कि उस जगह पर पहले से 16 फीट गड्ढा था, इस वजह से 20 फीट गहरा हो गया। यानी झूठे तर्क से नियम-कानून को खारिज कर अवैध खनन का खेल जारी रखा जाता है। प्रति ट्राली आठ सौ से एक हजार की दर से ब्रिकी की जा रही है ।सिस्टम से जुड़ा है पूरा गिरोह खनन विभाग के एक कर्मचारी ने नाम नहीं लेने के शर्त पर बताया कि इस तरह के अवैध खनन के खेल में सबसे अहम भूमिका खनन विभाग की होती है। विभाग की अनुमति के बिना यह संभव है ही नहीं। इसके लिए बाकायदा सरकारी सिस्टम से जुड़ा एक गिरोह काम करता है। विभाग का एक बाबू तय करता है कि कैसे और किसे परमिशन देनी है। इसके अलावा एक आदमी को परमिशन मिलते ही उसकी आड़ में कई अन्य लोग जेसीबी से खनन कैसे करेंगे, यह भी वही तय करता है। फिर, संबंधित विभागों को साधा जाता है। खनन के लिए परमिशन लेने वाले को ऐसी जगह से मिट्टी निकालनी होती है, जहां पर कोई सड़क, सार्वजनिक मार्ग, भवन या सार्वजनिक संपत्ति का नुकसान न हो तहसील प्रशासन कार्रवाई करने में है फिसड्डी ,जिला प्रशासन ने तहसील स्तर पर नोडल खनन अधिकारी भी नियुक्त किया है उसके बावजूद भी खनन माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर मिट्टी खनन का कार्य कर उसे बेचने का कार्य जोर-शोर से किया जा रहा है और तहसील प्रशासन राजस्व विभाग अथवा खनन विभाग मिट्टी खनन रोकने में नाकाम है।

## एसडीएम ने सीज किए मिट्टी लदे दो डंपर

# जन एक्सप्रेस की खबरों का हुआ असर, अवैध खनन पर हुई कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस । गोरखपुर**

भ्रष्टाचार, अपराध और जनसमस्याओं की खबरों को निरंतर प्रमुखता से प्रकाशित कर रहे राष्ट्रीय हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस की खबरों का हुआ असर, खनन माफियाओं पर तहसील प्रशासन ने कड़ा रुख अख्तियार कर मिट्टी लदे दो डंफर सीज कर दिया है। दस मई 2024 के अंक में तहसील प्रशासन की मिलीभगत से मिट्टी खनन जोरों पर नामक शीर्षक से तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया था, और खनन माफिया प्रशासन में अपना पैवा बिठाने में लग गए थे परंतु तहसील प्रशासन ने अपनी फंसती गर्दन बचाने के लिए फौरी कार्रवाई करने में जुट गया। मामला पीपीगंज थाना क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन कर? रहे खनन माफियाओं का है जहां स्थानीय पुलिस व राजस्व विभाग ने अवैध खनन के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए थाना क्षेत्र के कानापार में मिट्टी से लदे दो डंपरों को पकड़कर सीज कर दिया है। डंफर सीज की कार्रवाई उप जिलाधिकारी कैंपियरगंज द्वारा मिली अवैध खनन की शिकायत के बाद की गई है। राजस्व विभाग ने बताया भरोहिया ब्लॉक के कानापार में मिट्टी लादकर जा रहे दो डंपरों को रोक कर परमिट दिखाने को कहा गया। परमिट न होने पर दोनों गाड़ियों को पकड़ कर पीपीगंज पुलिस द्वारा सीज कर दिया गया है। जैसे ही खनन माफियाओं को खबर लगी राजस्व विभाग के द्वारा दो गाड़ीयों को सीज कर दिया गया है आसपास अवैध रूप से खनन कर रहे गाड़ियों से मिट्टी गिराकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने बताया कानापार तिघरा भरोहिया के आसपास के क्षेत्र में रात में विना परमिट के मिट्टी खनन किया जा रहा है।

### खनन माफियाओं को चेतावनी है यह कार्रवाई



नायब तहसीलदार कैंपियरगंज ने बताया कि यह कार्रवाई अवैध खनन माफियाओं के लिए यह एक बड़ी चेतावनी है। नायब तहसीलदार जंगल कौड़िया हंसराज ने कहा राजस्व विभाग अवैध खनन को रोकने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और पर्यावरण को होने वाले नुकसान को रोकने में हमेशा तत्पर है।

## विद्यार्थी परिषद ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**जन एक्सप्रेस । कैंपियरगंज**

लोकसभा क्षेत्र गोरखपुर के विधानसभा क्षेत्र कैंपियरगंज के मछलीगांव नगर इकाई में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कार्यकर्ताओं द्वारा 1 जून को होने वाले चुनाव में हर व्यक्ति को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक करते हुए पत्रक वितरित किया गया।




विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री अजय नायक ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि 1 जून को सत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य पूरा करना है इस लोकतंत्र के पर्व पर सब मिलकर मतदान करें।

मतदाता जागरूकता अभियान में मुख्य रूप से प्रांत सदस्य राहुल, रूपेश,लक्ष्मण, बिट्टू पासवान, सौरभ, संदीप, राज, शेषनाथ, मुकेश, अवधेश, गुंजन पासवान सहित सैकड़ों युवा शामिल रहे।

## स्कूली वाहन पेड़ से टकराया, बच्चे घायल

**जन एक्सप्रेस । सुरौली**

शनिवार की सुबह शहर के सीसी रोड स्थित प्रेम जागृति विद्या पीठ का वाहन स्कूली बच्चों को लेने सरौरा की तरफ गया था। वह बच्चों को लेकर स्कूल आ रहा था। इस दौरान रूद्रपुर रोड पर सरौरा चौराहे के पास स्कूली वाहन पेड़ से टकरा गया। इसमें आधा दर्जन से अधिक बच्चियां घायल हो गई। इस घटना में जोकहां निवासी नंदिनी का हाथ टूट गया, जबकि इसी गांव निवासी अर्चना के गर्दन और सिर में गंभीर चोट आई हैं। हादसे के बाद वैन में सवार बच्चों में चीख पुकार मच गई।राहगीरों की मदद से बच्चों को बाहर निकाला गया। घटना की सूचना मिलने पर विद्यालय कर्मियों ने सभी घायल बच्चों को शहर के प्राइवेट अस्पताल में लाया गया। जहां पर नंदिनी और अर्चना को छोड़कर अन्य श बच्चों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। जबकि उक्त दोनों बच्चियों का प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। थानाध्यक्ष सुरौली अनिल कुमार ने बताया कि प्रेम जागृति विद्यापीठ की स्कूल वैन अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। वैन मे सत्रह बच्चे सवार थे। चार बच्चों को चोटें लगी, जिन्हें अभिवावक ईलाज के लिए देवरिया ले गए। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

### बाइक पर पेड़ गिरने से प्रधान की मृत्यु, आवागमन रहा प्रभावित

**जन एक्सप्रेस/खुखुन्दू।** खुखुंदू के कोल्हुआ गांव के रहने वाले सेवानिवृत्त सेना के जवान जनार्दन यादव ग्राम प्रधान थे। वह ग्राम पंचायत के कार्य से बाइक से सलेमपुर विकास खंड कार्यालय गए थे। वह अकेले ही बाइक से घर लौट रहे थे। अभी वह भरथुआ-भटनी मार्ग वपर धोबी गांव के समीप पहुंचे थे कि अचानक हवा के चलते हरा पेड़ टूट कर उनके ऊपर ही गिर गया, जिससे बाइक क्षतिग्रस्त हो गई और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। आवागमन बाधित हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने सड़क से पेड़ हटवा कर आवागमन बहाल कराया।

# चुनावी बहस के दौरान मारपीट में घायल हुए बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत



### शव रखकर परिजन किये सड़क जाम, प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन के 1 घंटे बाद सड़क जाम हुआ समाप्त

**❋ चार लोगो के खिलाफ हत्या सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज**

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के नेबुआ नौरंगिया थाना के बघपरना गांव मे शुक्रवार की रात में चुनावी बहस का विरोध करना एक बुजुर्ग को मंहगा पड़ गया।नाराज चार लोगो ने घर मे घुसकर बुजुर्ग व दो पुत्र एक पुत्री को लाठी डंडा व लोहे के राड से मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। जिला अस्पताल मे शनिवार सुबह इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई, नाराज परिजनों ने शव को थाना गेट के बगल सड़क पर रखकर जाम कर हत्या आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के साथ गिरफ्तारी की मांग करने लगे। एक घंटे बाद प्रभारी निरीक्षक के आश्वासन पर सड़क जाम खत्म हुआ। पुलिस शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मे शांती व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार नेबुआ नौरंगिया थाना के ग्राम सभा बघपरना मे शुक्रवार देर रात्रि को राधेश्याम पाठक उम्र 60 वर्ष घर के बाहर टहल रहे थे। उसी दौरान कुछ लोग आपस मे चुनावी बहस कर रहे थे, जिसमे उन्होंने ने विरोध जताया तो उक्त लोगो ने गाली देते हुए उन्हे जान से मारने की नियत से ललकारते हुए लाठी डंडा व लोहे का राड लेकर घर मे घुसकर मारने पीटने लगे, अपने पिता को बचाने पहुचे अमित पाठक, अखिलेश व रितू को भी मारपीटकर घायल कर दिया। लोगो की भीड़ इकट्ठा होता देखकर हमलावर मौके से भाग निकले। घायलों को एम्बुलेंस से इलाज के लिए सीएचसी नेबुआ नौरंगिया ले जाया गया जहां हालत गंभीर देखतें हुई जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया वहा से भी मेडिकल कालेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया,जहां इलाज के दौरान सुबह 5 बजे मौत हो गई। जिसके बाद परिवार के लोग शव को लेकर गांव के लोगो के साथ थाने के गेट पर पहुच गए और पिपरा बलकुडिया मार्ग को जाम कर दिया। और आरोपितो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी गिरफ्तारी की मांग करने लगे। प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह अपने पुलिस बल के साथ परिजनों को काफी समझाने बुझाने व उनकी मांगो को पूरा करने का आश्वासन देकर सड़क जाम समाप्त कराया। पुलिस आरोपित शम्भू चौधरी, अंकित चौधरी, नितेश, अभिषेक चौधरी के खिलाफ हत्या का प्रयास व हत्या सहित अन्य धाराओं मे मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव मे शांति व्यवस्था के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।



### एडीशनल के निर्देश पर आरोपितो की गिरफ्तारी के लिए चार टीम गठित

बघपरना गांव मे चुनावी बहस का विरोध करने पर एक बुजुर्ग के साथ तीन को चार लोगो द्वारा मारपीट कर घायल कर दिया गया। जहां इलाज के दौरान बुजुर्ग की मौत हो गई। आक्रोशित परिजनो ने कार्रवाई के लिए सडक जाम कर दिया था और ब्रहामण महासभा के जिलाध्यक्ष महेंद्र पांडेय व पदाधिकारियों ने भी उनके समर्थन मे उतरकर उनकी मांगो को जल्द पूरा करने का मांग कर रहे थे, एडीशनल एसपी रितेश कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर उनकी मांगो को जानने के बाद आरोपितो को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने के लिए चार टीम गठित कर दिया है। इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि एडिशनल एसपी महोदय के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार टीम लगाई गई हैं और मुकदमे में विवेचना के दौरान एक और व्यक्ति का नाम बढ़ाया दिया जाएगा। गांव मे शांती व्यवस्था के लिए पुलिस की निगरानी है।

## जी एम एकेडमी में धूमधाम से मनाया गया राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस

**जन एक्सप्रेस । सलेमपुर**

नगर के जी एम एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस का आयोजन बड़े ही धूमधाम से हुआ।प्रोद्यौगिक दिवस के अंतर्गत विद्यालय के आठवीं से बारहवीं तक के बच्चों ने कंप्यूटर से संबंधित अनेकों मनमोहक मॉडल प्रस्तुत किए। बच्चों ने इंटरनेट से जुड़े सभी कार्य के संचालन जैसे गूगल, ईमेल, जी मेल, एचटीपीपी, वेबसाइट का निर्माण, सर्वर आदि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपने प्रोजेक्ट के माध्यम से बड़ा ही रोचक प्रकाश डाला।बच्चों ने इसी क्रम में विभिन्न तरह के ऐप, हार्डवेयर की असेंबलिंग एवं इसकी लाइव वर्किंग भी दिखाया। पीजीटी कंप्यूटर अभिषेक मौर्य ने बताया कि ये सभी बच्चे बहुत ही ऊर्जा के साथ इन सभी कार्यों को बहुत ही लगन के साथ पूर्ण कर इतनी छोटी उम्र में सबको आश्चर्यचकित कर दिए हैं, आने वाले चांद दिनों में अपने अभूतपूर्व कार्यों द्वारा यही बच्चे अपने साथ साथ संस्था एवं अपने राष्ट्र का नाम रोशन करेंगे।विद्यालय के प्रधानाचार्य मोहन द्विवेदी ने बच्चों के उत्साह के साथ ही कंप्यूटर अध्यापक के साथ साथ अन्य सभी अध्यापकों की सराहना करते हुए कहा कि आज पूरा पाषाण काल से विकास करते करते हमारा राष्ट्र आज दैनिक जीवन के सभी क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी के बल पर अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। वर्ष 1998 में डा. एपीजे अब्दुल कलाम एवं डा.आर चिदंबरम के सफल प्रयास से पोखरण परमाणु परीक्षण के बाद भारत विश्व के सबसे बड़े परमाणु हथियार वाले देशों की कड़ी में अपना अहम स्थान बना लिया, तब से भारत प्रति वर्ष 11 मई को प्रौद्योगिक दिवस मनाता है। टेक्नोलॉजी के विकास ने आज पूरी दुनिया को अपने मुट्ठी में कर लिया है। बिना टेक्नोलॉजी के हम आज जीवन की परिकल्पना भी नही कर सकते। यह टेक्नोलॉजी ही है, जिसके माध्यम से हम चांद तक पहुंच कर विश्व के इतिहास में भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। हमे गर्व है अपने इन नए भारत के निर्माताओं पर जिनकी टेक्नोलॉजी के बल पर हम एक दिन बुलंदियों को छू सकेंगे। इसी के साथ श्री द्विवेदी ने सभी अध्यापक अध्यापिकाओं, छात्र एवं छात्राओं के मंगलमय जीवन की कामना करते हुए राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस की शुभकामना व्यक्त की।

## टैंकर ने बाईक सवार को रौदा, मौके पर हुई मौत

**जन एक्सप्रेस । कुशीनगर**

जिले के थाना हाटा अंतर्गत तितला क्रासिंग के पास विती रात अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को रौंदा कर मौके से फरार हो गया मौके पर बाईक सवार की मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार सुकरौली विकास खंड के ग्राम पंचायत महादंनपुर सिहुलिया के आदिश्वर तिवारी पुत्र नागेंद्र तिवारी उम्र (38 वर्ष) की राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर तितला क्रासिंग के नज़दीक देर रात में टैंकर की चपेट में आने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची सुकरौली पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर अत्यंत हेतु भेज दिया।

बताते चलें सिहुलिया के रहने वाले भाजपा नेता आदिश्वर तिवारी पेशे से



वकील भी थे। कल रात 9 बजे किसी काम से महुआरी की तरफ जा रहे थे। अभी वह तितिला क्रॉसिंग के पास पहुँचे ही थे कि अज्ञात टैंकर की ठोकर की चपेट में आने से उनकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई।

## लोन नहीं चुकाने पर भूमि हुई नीलाम

### श्रीराम फाइनेंस का लोन नहीं चुकाने पर, न्यायालय ने दिया निर्देश

**जन एक्सप्रेस । महराजगंज**

श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी का लोन नहीं चुकाने पर कर्जदार के जमीन की नीलामी कोर्ट के आदेश पर हुआ। महराजगंज जिला न्यायालय द्वारा यह ऐतिहासिक फैसला पहली बार कंपनी के प्रति भुगतान को लेकर आया है। निचलौल क्षेत्र के लक्ष्मीपुर एकडंगा निवासी वीरेंद्र भारती द्वारा श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड कंपनी से 90 हजार रुपए लोन लिया गया था जिसका भुगतान नहीं करने और उनके खिलाफ कोर्ट द्वारा बार-बार जारी हुए नोटिस को नजरंदाज करने एवं कोर्ट के आदेश की अवहेलना करना महंगा पड़ गया। विधिक सलाहकार शिवम त्रिपाठी एवं पैनल



अधिवक्ता हेमंत कुमार पांडेय ने बताया कि 90 हजार रुपए श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड से उपरोक्त निवासी व्यक्ति द्वारा लिया गया था जो बार-बार कंपनी के लोन का पैसा भुगतान नहीं देने पर कंपनी के द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ याचिका दायर की गई थी जिसके अंतर्गत सिविल प्रक्रिया संहिता का आदेश 21 नियम 66 की प्रक्रिया के तहत माननीय न्यायालय के आदेश पर बीते दिन 3.2 डिसमिल भूमि राजस्व विभाग व बैंक के अधिकारियों की संयुक्त टीम की मौजूदगी में वीरेंद्र भारती की जमीन की नीलामी कर कंपनी को भुगतान कराया गया।

### चलती कार में दुष्कर्मः किशोरी के साथ दरिंदगी

**आगरा।** किशोरी के साथ पड़ोसी युवक ने दरिंदगी की। वो उसे बहलाकर अपने साथ ले गया। चलती कार में दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बीच सड़क पर छोड़ दिया। किशोरी फटे कपड़े और नंगे पैर पुलिस थाने पहुंची, तो उसकी हालत देख पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। आगरा के बाह थाना क्षेत्र में एक किशोरी के साथ दरिंदगी की गई। पड़ोस में रहने वाला युवक किशोरी को बहाने से अपने साथ ले गया था। उसने किशोरी को एक कार में बिठाया। इसके बाद चलती कार में उसके साथ दुष्कर्म किया। कार चालक ने आरोपी का सहयोग किया। आरोपियों ने उसे बीच सड़क पर छोड़ा और भाग निकले। किशोरी राहगीरों की मदद से थाने पहुंची। पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।
किशोरी ने पुलिस को बताया कि पड़ोस में रहने वाला युवक उसे अपने साथ ले गया था। बलरई क्षेत्र में उसने कार चालक के सहयोग से उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बीच रास्ते पर ही छोड़ दिया। किशोरी के कपड़े फटे हुए थे, उसके पैरों में चप्पल तक नहीं थी। वो राहगीरों की मदद से थाने पहुंच सकी। वहीं सूचना मिलने पर किशोरी के पिता भी थाने पहुंच गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पड़ोसी विजेंद्र उर्फ विंदा सहित दो के खिलाफ थाने में रिपोर्ट दर्ज की।

## गजब का कारनामा

# फर्जी अनुमति पत्र दिखाकर खोद डाली सड़क टेलीकॉम कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

टेलीकॉम कंपनी ने फर्जी अनुमति पत्र दिखाकर सड़क खोद डाली। इस बात की जानकारी होने के बाद नगर निगम ने कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। आगरा के मोती कटरा, बांस दरवाजा, कचहरी घाट समेत पुराने शहर की सड़कों को टेलीकॉम कंपनी ने खोद डाला। कंपनी ने जो अनुमतिपत्र दिखाया, वह प्रशासन की जांच में फर्जी निकला। इस पर नगर निगम ने काम रुकवाने के साथ थाना छत्ता में कंपनी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। साथ ही एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। शहर की सड़कों को फर्जी अनुमति पत्र दिखाकर खोदा जा रहा है। नई बनी करोड़ों रुपये की सड़कों को खोदने पर नगर निगम के पार्षद रवि माथुर, राकेश जैन और अनुराग चतुर्वेदी ने काम रुकवाया तो कंपनी ने एडीएम सिटी कार्यालय से जारी अनुमति पत्र दिखा दिया। शुक्रवार को एडीएम सिटी कार्यालय से जानकारी की गई तो पत्र फर्जी पाया गया। एडीएम सिटी कार्यालय से उस तारीख को टेलीकॉम कंपनी को कोई अनुमति ही जारी नहीं की गई।

**मामला बेहद गंभीर**

नगर निगम के उपसभापति रवि बिहारी माथुर ने बताया कि फर्जी अनुमति पत्र दिखाकर सड़कों को खोदना बेहद गंभीर मामला है। सड़क खुदाई की सभी अनुमतियों की समीक्षा की जाए और जो नुकसान किया गया है, उनकी भरपाई की जाए। जो जमानत राशि जमा की गई है, उसे जब्त कर लिया जाए।




**रात में बंद कराई गई खुदाई**

मोती कटरा, बांस दरवाजा, कचहरी घाट में सड़कों की खुदाई कर रही टेलीकॉम कंपनी का काम पार्षदों की शिकायत पर रात में ही रुकवा दिया गया था। नगर निगम के अधिशासी अभियंता ने एक लाख रुपये जुर्माने की सिफारिश के साथ छत्ता थाने में टेलीकॉम कंपनी भारती एयरटेल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दी है। एडीएम सिटी ऑफिस ने स्पष्ट कर दिया कि 25 अप्रैल को उनके कार्यालय से रोड कटिंग की कोई अनुमति जारी नहीं की गई।

**मारुति सिटी में खोदी 2 करोड़ की सड़क**

पुराने शहर की तरह ही टेलीकॉम कंपनियों ने शमसाबाद रोड स्थित मारुति सिटी पर नई बनी सड़क को खोद डाला। इसका निर्माण दो करोड़ रुपये से नगर निगम ने हाल में ही कराया है। चुनाव आचार संहिता लगने से ऐन पहले ही इस सड़क का निर्माण स्वीकृत किया गया था, जिसके बाद सड़क निर्माण हुआ, लेकिन टेलीकॉम कंपनियों ने खोदकर पहले जैसा कर दिया। पार्षद की शिकायत पर नगर आयुक्त अंकित खंडेलवाल ने जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

**जिओ इन्फोकॉम पर एक लाख रुपये जुर्माना**

मोती कटरा के पार्षद राकेश जैन ने अनुमति के बिना खुदाई करने पर जिओ इन्फोकॉम की शिकायत की। नगर निगम के चीफ इंजीनियर बीएल गुप्ता ने बताया कि पूर्व में भी नगर निगम ने काम करने पर चेतावनी दी थी। फिर से काम करने पर नगर निगम ने जिओ इन्फोकॉम पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और कंपनी के प्रतिनिधि को चेतावनी दी है कि दोबारा खुदाई करने पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पर्यावरण नियमों की उड़ीं धज्जियां, मीट इकाइयों में बंद मिले बायो फिल्टर-ईटीपी प्लांट, कार्रवाई होगी

**अलीगढ़।** प्रशासन, पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने मथुरा बाईपास स्थित स्लाटर हाउसों की जांच -पड़ताल की। जांच में कई खामियां देखने को मिली हैं। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। अलीगढ़ महानगर में संचालित मीट इकाइयों एवं स्लाटर हाउस में पर्यावरणीय नियमों का पालन नहीं हो रहा है। 9 मई देर रात शहर के चार स्लाटर हाउसों की संयुक्त जांच की गई। जिसमें बड़े पैमाने पर खामियां देखने को मिलीं। इकाइयों के भीतर बदबू को समाप्त करने वाला बायो फिल्टर कई स्थानों पर बंद मिला। पानी डिस्चार्ज करने के लिए लगाए गए ईटीपी प्लांट सही से काम करते नहीं मिले। इनमें से तीन इकाइयों के पानी का नमूना जांच के लिए लखनऊ भेजा गया है। प्रशासन, पुलिस, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड व पशु चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम ने मथुरा बाईपास स्थित स्लाटर हाउसों की जांच -पड़ताल की। संयुक्त जांच में यहां खामियां देखने को मिली हैं। इसकी विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी इं.राधेश्याम के अनुसार अलदुआ, अलतबारक, एचएमए व फेयर मीट फैक्टरी की जांच की गई है। कई फैक्टरियों में बदबू कम करने के लिए लगाया गया बॉयो फिल्टर गड़बड़ मिला है। कुछ स्थानों पर बॉयो फिल्टर बंद की स्थिति में मिला। ईटीपी प्लांट अपनी पूरी क्षमता के साथ संचालित होते हुए नहीं मिले। नालों में पानी बिना शोधित किए डिस्चार्ज करने के मामले भी सामने आए हैं। अदलदुआ, अतबारक, एचएमए से पानी का नमूना टीम ने संकलित किए हैं। पानी के नमूनों को जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी फेयर मीट फैक्टरी के पानी का नमूना जांच को भेजा गया था। पिछले तीन माह से स्लाटर हाउसों में पर्यावरणीय नियमों के उल्लंघन के मामले सामने आ रहे हैं। पहले चर्बी की दुर्गंध से शहर के लोग परेशान थे और उसके बाद स्लाटर हाउस संचालकों ने चर्बी सीधे नालों में डाल दी। इसको लेकर हाथरस डीएम व आगरा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी ने नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद स्थानीय स्तर पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने नालों की जांच कराई थी तो उसमें चर्बी मिली थी। नालों की सफाई कराई गई। आठ स्लाटर हाउस संचालकों ने अलीगढ़ ड्रेन समेत एक अन्य नाले में चर्बी तीन माह पहले डाली थी। पानी बिना शोधित किए प्रवाहित कर नाले गंदे कर दिए थे। जिसके कारण पानी में ऑयल व चर्बी जम गई थी। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने जांच कर नोटिस दिया तो नाले साफ करा दिए गए। हालांकि इस मलबे को नाले में कहां डाला गया इसकी जानकारी नहीं हो सकी है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग अब नाले से निकले मलबे के निस्तारण की जांच करेगा। इसमें नोटिस जारी किए जाएंगे। 9 मई शाम को जांच को गए अफसरों को नाले साफ मिले हैं।

### बनेगा 22 किमी लंबा रेलवे फ्लाईओवर, सर्वे पूरा, इन गांव में जल्द शुरू होगा जमीन अधिग्रहण

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** यह अलीगढ़ जिले का सबसे लंबा फ्लाईओवर होगा। इसके निर्माण पर करीब 1250 करोड़ रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य वर्ष 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। रेलवे ने कोल एवं गभाना तहसील के 20 गांवों की करीब 114.1 हेक्टेयर जमीन को अधिग्रहीत करने की तैयारी कर ली है। रेल बजट में प्रस्तावित हरदुआगंज-दाऊद खां रेलवे स्टेशन के मध्य 22 किलोमीटर लंबे फ्लाईओवर के निर्माण के लिए जल्द ही प्रस्तावित जमीन का अधिग्रहण शुरू हो जाएगा। इसके लिए रेलवे व राजस्व विभाग का संयुक्त सर्वे पूरा हो चुका है। संभावना है कि लोकसभा चुनाव के लिए लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता हटने के बाद किसानों की जमीन का अधिग्रहण शुरू हो जाएगा। इसके बाद प्रस्तावित फ्लाईओवर का निर्माण शुरू होगा। यह जिले का सबसे लंबा फ्लाईओवर होगा। इसके निर्माण पर करीब 1250 करोड़ रुपये की लागत आएगी। निर्माण कार्य वर्ष 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। अभी रेलवे अफसरों की ओर से फ्लाईओवर के डिजाइन में कुछ बदलाव कराया जा रहा है, इसके बाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू होगी। रेलवे ने कोल एवं गभाना तहसील के 20 गांवों की करीब 114.1 हेक्टेयर जमीन को अधिग्रहीत करने की तैयारी कर ली है।
अलीगढ़-दाउद खां तीसरी रेल लाइन (6.9 किमी) एवं दाउद खां में फ्लाईओवर के निर्माण के लिए तहसील कोल के भू-अर्जन से प्रभावित आठ ग्रामों एवं अलीगढ़-हरदुआगंज फ्लाईओवर (22 किमी) के निर्माण के लिए तहसील कोल व गभाना के प्रभावित ग्रामों में भूमि अधिग्रहण होना है। इसके नोटिफिकेशन में उल्लिखित ग्रामों के गाटा संख्या में किस-किस काश्तकार की कितनी-कितनी भूमि एवं परिसंपत्ति मौके पर प्रभावित हो रही हैं। इसकी संयुक्त जांच राजस्व विभाग एवं रेलवे कर रहे हैं। कार्यालय के भूलेख अमीन की उपस्थिति में सर्वे पूरा कर लिया गया है। अलीगढ़ रेलवे स्टेशन पर दो प्रमुख रेल मार्ग है, जिससे यह जंक्शन बनता है। पहला नई दिल्ली-हावड़ा रेलमार्ग, दूसरा हरदुआगंज-बरेली-चंदौसी रेलमार्ग कहलाता है। हरदुआगंज -बरेली तक ब्रांच रेल लाइन है। इसी लाइन से हरदुआगंज-बरेली जाने वाली ट्रेनें चलती हैं, जो अलीगढ़ स्टेशन पर नई दिल्ली-हावड़ा मार्ग से जुड़ जाती हैं। जब हरदुआगंज से ट्रेन नई दिल्ली- हावड़ा रेल मार्ग पर आती है तो लगभग 20 से 25 मिनट तक नई दिल्ली हावड़ा रेलमार्ग व्यस्त हो जाता है और कई बार ट्रेनों को स्टेशन के आउटर पर रोकना पड़ता है। इस समस्या को देखते हुए रेलवे ने दाऊद खां से हरदुआगंज तक 22 किलोमीटर लंबा रेलवे फ्लाईओवर का निर्माण कराने का निर्णय लिया है। जिससे हरदुआगंज से आने वाली ट्रेनें सीधे दाऊद खां ट्रैक से मिल जाएंगी। यहां पर उन्हें डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर और नई दिल्ली हावड़ा दोनों रेलमार्ग मिल जाएंगे। कोलकाता की ब्रिज एवं रूफ कंपनी को निर्माण की जिम्मेदारी मिली है। इस परियोजना में कोल तहसील के 18 एवं गभाना तहसील के दो गांवों की जमीन अधिग्रहीत की जाएंगी। इसमें कोल के गांव चिरौला, दाऊद खां, पड़ियावली, नगला पानखानी, भदेसी माफी, रहमतपुर गढ़मई, कमालपुर, अली नगर, सिंधौली, बरौला-जाफराबाद, इलियासपुर, महरावल, चुआवली, बरई-सुभानगढ़ी, सिया खास, रठगांव, इमलौठ, छेरत-सुढ़ियाल एवं खेरूपुरा शामिल हैं। गभाना तहसील के गांव जमालपुर सिया और रफीपुर सिया की जमीन ली जाएगी। अलीगढ़ की यह महत्वपूर्ण परियोजना है। रेलवे फ्लाईओवर निर्माण के लिए नक्शा, ड्राइंग एवं डिजाइन समेत सारी प्रक्रियाएं पूरी कर ली गई हैं। जमीन अधिग्रहण के साथ ही इस फ्लाईओवर का निर्माण जल्द शुरू होगा। - अमित सिंह, जनसंपर्क अधिकारी एनसीआर प्रयागराज।

### यूनिवर्सिटी में ग्रीष्मावकाश घोषितः अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज के डिग्री कॉलेज रहेंगे बंद

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज जिले के महाविद्यालय राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं। कुलपति के आदेश पर विश्वविद्यालय के संबद्ध महाविद्यालयों में 18 मई से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश रहेगा। राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय में ग्रीष्मावकाश की घोषणा हो गई है। 18 से 30 जून तक विश्वविद्यालय से संबद्ध महाविद्यालय बंद रहेंगे। अलीगढ़, हाथरस, एटा और कासगंज जिले के महाविद्यालय राजा महेंद्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय से संबद्ध हैं।

## किशोर के खौफनाक इरादों से अंजान थी मां

# एक साल के बेटे को छत पर ले गया, फिर बेरहमी से मार डाला

**जन एक्सप्रेस। मैनपुरी**

मैनपुरी की कांशीराम कॉलोनी में एक साल के मासूम की हत्या के मामले में आरोपी किशोर और उसकी मां के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एक साल के जिस मासूम की हत्या की गई, उसकी मां को यकीन भी नहीं हो रहा कि इस तरह वो उसके कलेजे के टुकड़े को मार देगा। वो छत पर बेटे को खिलाने के बहाने से ले गया था।
मैनपुरी शहर की कांशीराम कॉलोनी में बृहस्पतिवार को हुई दिल दहला देने वाली घटना में आरोपी किशोर और उसकी मां के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपी किशोर ने बालक को पीटकर मार डाला था। आरोपी और उसकी मां पुलिस की हिरासत में हैं। मामला दर्ज करने के बाद शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी मां-बेटे को न्यायालय में पेश किया।
जनपद एटा के गांव थरौली चांदपुर निवासी ट्रक चालक रिंकू की पत्नी रीना 4 मई को शहर के कांशीराम कॉलोनी में परिचित साधना के घर जन्मदिन कार्यक्रम में शामिल होने आई थी। 13 माह का मासूम बेटा आर्यन भी उसके साथ था। बृहस्पतिवार की सुबह साधना का नाबालिग पुत्र आर्यन को छत पर खिलाने की बात कह कर ले गया था। वहां बच्चे की बेरहमी से पिटाई की। जिसके चलते बच्चे की मौत हो गई। इसके बाद शव को अंगोछा में लपेट कर चारपाई पर लिटा गया था। जानकारी होने के बाद रीना बच्चे को लेकर जिला अस्पताल पहुंची थी। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद आर्यन को मृत घोषित कर दिया था। आर्यन की मौत लिवर फटने की वजह से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह सामने आने के बाद पुलिस ने मृतक आर्यन के दादा भागीरथ की तहरीर पर साधना और उसके नाबालिग पुत्र के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। भागीरथ ने पुलिस को बताया कि पुत्र रिंकू अपनी पत्नी रीना और पुत्र आर्यन को साधना के धेवते के जन्मदिन के लिए 4 मई को कांशीराम कॉलोनी छोड़ गया था। आरोप लगाया कि साधना और उसके नाबालिग पुत्र ने आर्यन की पिटाई की। जिसके चलते मासूम की मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी मां-बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार नाबालिग किशोर को किशोर न्याय बोर्ड और साधना को जिला सत्र न्यायालय में पेश किया।
एक साल के मासूम की बेरहमी से पीटकर हत्या की गई। पुलिस ने आरोपी साधना उसके नाबालिग पुत्र के खिलाफ मुकदमा भी दर्ज कर लिया।

### नशा मुक्ति केंद्र में उपचार के लिए आए युवक की मौत, लाश को छोड़ भागे कर्मचारी

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** नशा मुक्ति केन्द्र में उपचार के लिए आए युवक की मौत हो गई। परिवार के लोगों का आरोप है कि पीट-पीटकर उसकी हत्या की गई है। आगरा के थाना सिकंदरा थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में आत्मविज्ञान नशा मुक्ति केंद्र में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारी युवक का शव अस्पताल में छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंचे परिवार वालों ने पीट-पीटकर मार डालने का आरोप लगाया है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।
सिकंदरा थाना क्षेत्र के बजरंग नगर में आत्मविज्ञान नशा मुक्ति केंद्र में मथुरा थाना रिफाइनरी क्षेत्र के गांव बाही निवासी 25 वर्षीय प्रशांत को 22 मार्च 2024 को भर्ती किया गया था। आज सुबह प्रशांत की मौत की सूचना घरवालों को मिली। बताया गया है कि नशा मुक्ति केंद्र का संचालक राजेंद्र शव को प्रभा अस्पताल में छोड़ कर फरार हो गया। परिजनों का आरोप ही कि उनके बेटे की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। बताया गया है कि प्रशांत तीन बहनों में इकलौता भाई थी।

# खेत में पड़ा मिला युवक का शव, पैरों से बह रहा था खून

**जन एक्सप्रेस। आगरा**

गांव महुअर के खेत में युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मौत कैसे हुई इसके बारे में जानकारी नहीं हो सकी है।
आगरा के थाना किरावली क्षेत्र के न्यू दक्षिणी बाईपास के किनारे गांव महुअर के पास सुबह-सुबह खेतों में युवक की लाश पड़ी मिली। ग्रामीणों ने जब लाश को देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की गांव के लोग पहचान नहीं कर सके। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया, लेकिन फिलहाल पुलिस के हाथ ऐसा कुछ भी नहीं लगा है, जिससे उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।
थाना किरावली क्षेत्र के गांव महुअर निवासी लोटन राजपूत ने खेत में तोरई की फसल की है। शनिवार सुबह सात बजे वह तोरई तोड़ने के लिए मजदूरों के साथ पहुंचे। सुबह उन्हें बाइक नंबर यूपी 80 डीएफ 9274 मिली। दोपहर साढ़े 12 बजे तोरई तोड़ते समय बाइक से थोड़ी दूर एक शव पड़ा मिला। यह देख उनके होश उड़ गए। शोर सुनकर मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।



सूचना पर एसीपी अछनेरा पूनम सिरोही एवं इंस्पेक्टर किरावली ज्ञानेंद्र सिंह फोर्स के साथ पहुंच गए। मृतक के पैरों में चोट के निशान मिले। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। एसीपी अछनेरा पूनम सिरोही ने बताया कि मामले में छानबीन की जा रही है। मौत के सही कारण पोस्मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगें। फिलहाल पुलिस मृतक की शिनाख्त के प्रयास में जुटी हुई है।

# आगरा में बदला मौसम का मिजाज, दोपहर में छाए बादल

**जन एक्सप्रेस। आगरा**



आगरा में पिछले कुछ दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से कुछ राहत मिली है। सुबह हवाएं चलीं तो वहीं दोपहर में बादल छाए रहने से लोगों को राहत मिली है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार हल्की बूंदाबांदी की संभावना है। आगरा में शनिवार को मौसम के मिजाज में आए परिवर्तन ने लोगों को गर्मी से राहत दी है। दिन भर बादल छाए रहे तो वहीं रविवार को हल्की बूंदाबांदी की संभावना है।
बीते दिन शुक्रवार को शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचने से शहरवासी गर्मी से बेहाल रहे। पिछले दो दिनों से तापमान 38 डिग्री से कम रहने और हवा चलने से लोग गर्मी से राहत महसूस कर रहे थे। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 40.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। न्यूनतम तापमान में भी एक डिग्री की वृद्धि हुई, यह 26.5 डिग्री सेल्सियस रहा। 7 मई को अधिकतम पारा 44.4 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा तो शहर वासी चिलचिलाती गर्मी से परेशान हो गए थे। इसके बाद हवा चलने और बादलों के चलते अधिकतम तापमान में 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई। शुक्रवार को स्थिति फिर बदली और अधिकतम तापमान में 1.6 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हुई।

### बीस दिन में छह मौत से ग्रामीण चिंतित

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** पिलखुवा। आजमपुर दहपा गांव में बीस दिन में आधा दर्जन ग्रामीणों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग बीमारी के कारण मौत होने का दावा कर रही है। एक के बाद एक लगातार मौत होने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है, वह अपने और परिवार के स्वास्थ्य को लेकर बेहद चिंतीत हैं। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने गांव में शिविर लगाकर प्रत्येक व्यक्ति के स्वास्थ्य की जांच कराए जाने की मांग की है। ग्रामीण छोटन, सोएब, इस्लामुद्दीन, भूरे, औरंगजेब ने बताया कि करीब बीस दिन में ग्रामीण जुम्मा, रियासत, आजम, अबरार, अनीस और किशोरी सायबा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी है। मृतकों को सबसे पहले शरीर पर सुजन आने के साथ ब्लड प्रेशर बढ़ने की शिकायत हुई।

# पिलखुआ से परचून का सामान लेकर गोविंदपुरम जा रहे कैंटर में लगी आग, यातायात हुआ प्रभावित

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद जिले में शॉर्ट सर्किट होने से एक कैंटर में आग लग गई। चालक ने किसी तरह कूदकर अपनी जान बचाई। बताया जा रहा है कि परचून का सामान लेकर कैंटर पिलखुआ से गोविंदपुरम जा रहा था। आग पर काबू पा लिया गया है। वहीं, घटना के दौरान यातायात प्रभावित हुआ, जिसे पुलिस ने सुचारू कराया। वेवसिटी क्षेत्र के अंतर्गत एनएच नौ डासना सदभावना कट के पास पिलखुआ से परचून का सामान लेकर गोविंदपुरम जा रहे कैंटर में शॉर्ट सर्किट होने से आग लग गई। चालक ने गाड़ी से कूदकर अपनी जान बचाई। मौके पर एनएचएआई की कंपनी एपको के क्षेत्रीय सुपरवाइजर पानी से भरा टैंकर लेकर पहुंचे, जिससे आग पर काबू पाया गया। सूचना के बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम भी घटनास्थल पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की गाड़ी के पहुंचने से पहले ही आग बुझा दी गई। गाड़ी में भरे सामान को दूसरी गाड़ी मंगाकर गोविंदपुरम भेजा गया। इस दौरान एनएच नौ पर वाहनों के पहिये भी रुक गये। फिर पुलिस ने यातायात को सुचारू कराया।
एसीपी पूनम मिश्रा ने बताया कि शनिवार दोपहर 2-30 बजे डासना एनएच नौ पर एक माल वाहक में आग लगने की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। फायर ब्रिगेड के आने से पहले एनएचएआई की कंपनी एपको के क्षेत्रीय सुपरवाइजर लोकेश कुमार पानी से भरा टैंकर लेकर मौके पर पहुंच गये और कैंटर में लगी आग को बुझाया। कैंटर चालक अरविंद कुमार पुत्र अवधेश कुमार निवासी ग्राम नगला सिमर थाना विश्वा मैनपुरी ने कैंटर से कूदकर अपनी जान बचाई।



अरविन्द कुमार ने बताया कि वह गाड़ी में पिलखुआ स्थित वेयरहाउस से परचून का सामान भरकर गोविंदपुरम लेकर जा रहा था। शॉर्ट सर्किट होने से केबिन में अचानक तेज धुआं निकलने लगा और देखते देखते आग लग गई। शुक्र रहा कि कोई हताहत होने की सूचना नहीं है।

# विनय का कातिल दक्ष बनना चाहता था डॉन, न फोटो खिंचवाता न ही बताता था असली नाम

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद के शालीमार गार्डन थाना इलाके में तीन मई की रात करीब पौने 12 बजे टाटा स्टील (प्रवेश) कंपनी के नेशनल बिजनेस हेड विनय त्यागी की लूटपाट के बाद हत्या करने वाले आरोपी अक्की उर्फ दक्ष को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया।
दक्ष उर्फ अक्की का इरादा दिल्ली-एनसीआर में अपराध की दुनिया का डॉन बनने का था। इसके लिए उसना पूरा गिरोह खड़ा कर लिया था। उसके साथियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह बेहद शातिर किस्म का अपराधी था। वह अपने ठिकाने बदलता रहता था। कभी दिल्ली में रहता था तो कभी बागपत में और कभी नोएडा में। किसी को अपना असली नाम नहीं बताता था। उसके साथियों ने बताया कि वह मोबाइल फोन रखता था लेकिन उसमें सिम कार्ड नहीं था। वह व्हाट्सएप कॉलिंग के माध्यम से ही बात करता था। बात करते ही लोकेशन बदल देता था। उसे मालूम था कि पुलिस लोकेशन का पता लगा लेती है। वह फोटो खिंचवाने से भी बचता था। गिरोह के किसी बदमाश के पास उसका फोटो नहीं है।
वह मैनपुरी का रहने वाला था लेकिन गिरोह में उसने खुद को अनाथ बता रखा था। गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उसने अपने कई नाम रख रखे थे। अक्की, अनिल, अजय... जो भी मन में आता था, वही नाम बोल देता था लेकिन असली नाम नहीं बताता था।
उसने गिरोह के बदमाशों को भी कई तरह के हथकंडे सिखा रहे थे। वारदात के बाद सभी अलग-अलग ठिकाने पर जाते थे और काफी समय पर एक-दूसरे से फोन पर संपर्क नहीं करते थे। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि अक्की के माता-पिता पहले दिल्ली-एनसीआर में रहते थे।
अक्की का जन्म दिल्ली में ही हुआ था। अक्की की मां की एक रिश्तेदार किन्नर है। इसकी जानकारी अक्की के पिता को हुई तो वे यहां से मैनपुरी चले गए। लेकिन अक्की यहीं दिल्ली में रिश्तेदार के यहां रहता था, जो किन्नर है।
यहीं रहकर गलत संगत में पड़ कर उसने नशे की लत लगाई और नशे की लत को पूरा करने के लिए गिरोह बनाकर लूटपाट करने लगा। अक्की के पास से मिला आधार कार्ड पर मैनपुरी के किशनी का पता मिला है।
नशे के लिए बना अपराधी

### टैक्सी वाहनों की पार्किंग के लिए चिह्नित होगी जमीन

**जन एक्सप्रेस/गाजियाबाद।** सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े होने वाले टैक्सी वाहनों के कारण जाम भी लगता है। यहां तक कि यह वाहन परिवहन विभाग को चूना भी लगा रहे हैं। इन वाहनों के कारण आ रही समस्याओं को देखते हुए एक बार फिर से शहर में पार्किंग के लिए जगह चिह्नित की जाएगी। शहर के गढ़ रोड पर अटल गौरव पार्क के बाहर और सडक़ के दूसरी तरफ टैक्सी वाहन खड़े रहते हैं। इसके अलावा अन्य स्थानों जैसे मेरठ रोड तिराहा, अतरपुरा चौपला पर भी यह वाहन खड़े होते हैं। सुबह से लेकर रात तक खड़े रहने वाले इन वाहनों के कारण कई बार जाम भी लग जाता है। यहां तक कि बिना टैक्सी वाहन में रजिस्ट्रेशन कराए भी इनका संचालन किया जा रहा है। जिससे परिवहन विभाग को नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# आप विधायक अमानतुल्लाह खान के घर पहुंची पुलिस, चस्पाया नोटिस, जानें क्या है माजरा

**जन एक्सप्रेस। नोएडा**

आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के घर नोएडा पुलिस पहुंची। अमानतुल्लाह के बेटे ने पेट्रोल पंप के स्टाफ से मारपीट की थी।
नोएडा के सेक्टर-95 स्थित पेट्रोल पंप पर कर्मचारियों से मारपीट करने के मामले में नोएडा पुलिस शनिवार को आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान के घर पर पहुंची है। जहां नोएडा पुलिस ने घर के बाहर दरवाजा खटखटाया। लेकिन कोई बाहर नहीं आया। इसके बाद पुलिस ने घर के बाहर ही नोटिस चस्पा दिया।
नोएडा पुलिस दिल्ली के आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्ला खान और उनके बेटे अनस की तलाश कर रही है। बुधवार को नोएडा पुलिस की टीम विधायक व उनके बेटे की तलाश में दिल्ली के बाटला हाउस स्थित घर पर पहुंची थी। जहां दोनों नहीं मिले थे। जिसके बाद पुलिस विधायक के घर पर नोटिस भेजने की तैयारी में जुट गई। मामले की जांच के लिए पुलिस की तीन टीमें गठित की गई हैं।



सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह फिलिंग स्टेशन पर आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे अनस ने मंगलवार सुबह पेट्रोल पंप के कर्मचारियों के साथ मारपीट की थी। इसके बाद विधायक अमानतुल्ला खान भी मौके पर पहुंच गए थे। दोनों ने मिलकर पेट्रोल पंप के कर्मचारियों को धमकी दी थी। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज वायरल हो गया था। कोतवाली फेज-1 पुलिस ने इस मामले में विधायक और उनके बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। इधर नोएडा पुलिस की टीम ने पीड़ित और मौके पर मौजूद लोगों के बयान दर्ज किए। इस मामले में दर्ज एफआईआर में कुछ अन्य धाराएं भी जोड़ी जा सकती है। बताया जाता है कि लोकसभा चुनाव को लेकर दिल्ली में विधायक अमानतुल्ला खान की दो जनसभाएं बुधवार को थी। लेकिन वहां भी नहीं पहुंचे। नोएडा जोन के एडीसीपी मनीष मिश्र का कहना है कि मामले की जांच जारी है।

# फूड प्वाइजनिंग से बिगड़ी छह लोगों की हालत, किशोर की मौत

- गांव में निजी चिकित्सक से उपचार, हालत बिगड़ने पर सीएचसी में कराया भर्ती
- चीफ फर्मासिस्ट ने राहुलनगर में कैंप लगाकर किया उपचार

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



**स्वास्थ्य विभाग ने कैंप कर वितरित की दवा**

फूड प्वाइजनिंग से एक ही परिवार के छह लोगों की हालत बिगड़ने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम की ओर से गांव में हेल्प कैंप का आयोजन किया। कैंप में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड के 120 मरीजों का चेकअप किया गया। मलेरिया के 23 और डेंगू के 3 मरीजों का चेकअप किया गया। टीम की ओर से बीमारी से ग्रसित मरीजों को निशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। कैंप में चीफ फार्मासिस्ट सुशांत कुमार हल्दर के साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी मौजूद रहे।



"राहुलनगर के पांच मरीजों को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया था। परिजनों ने बताया कि दुकान से खरीदी गई मैगी खाने से सभी की हालत बिगड़ी है। एक बच्चे की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया है। अन्य सभी की हालत में सुधार है।गांव कैंप कर दवाईयों का वितरण कराया गया है।

**अनिकेत गंगवार**
**प्रभारी चिकिन्साधिकारी**
**सीएचसी पूरनपुर।**

मैगी और राइस खाने से एक ही परिवार के छह लोग फूड प्वाइजनिंग का शिकार हो गए। हालत बिगड़ने पर सभी का गांव के ही निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया। शुक्रवार रात्रि सभी की हालत गंभीर हो गई। बारह वर्षीय किशोर की मृत्यु हो गई। पांच लोगों को आनन फानन में उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। एक की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।चार लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

पूरनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव राहुल नगर निवासी मुनिराज की पुत्री सीमा देवी अपने पति सोनू और बच्चों के साथ देहरादून से मायके आई हुई थी। गुरुवार शाम घर में मैगी और चावल बनाए गए। खाने के बाद सभी की हालत बिगड़ने लगी। पेट दर्द के साथ उल्टी और चक्कर आने जैसी दिक्कत शुरू हो गई। शुक्रवार एक एक कर परिवार के छह लोगों की तबीयत बिगड़ने पर गांव के ही निजी चिकित्सक के यहां उपचार कराया गया।हालत में सुधार होने पर सभी घर चले गए। कुछ देर सुधार के बाद शुक्रवार देर रात सीमा (30), पुत्र रोहन (12), विवेक (8) पुत्री, संध्या (4), भाभी संजना (22), संजू (18) की हालत बिगड़ गई।सीमा के पुत्र रोहन की गांव में ही उपचार के दौरान मृत्यु हो गई।पांच लोगों को आनन फानन में उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।

जहां संजू की हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। सीमा, संजना, संध्या, संजू का सीएचसी में प्राथमिक उपचार किया गया। स्वजनों ने किशोर का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। किशोर की मृत्यु से मां सीमा ओर पिता सोनू के साथ स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# जंगल से सटे खेत में लकड़ी बीन रहे ग्रामीण पर तेंदुए ने किया हमला, गंभीर



- ग्रामीणों ने शोर शराबा कर बमुश्किल छुड़ाया
- हालत गंभीर होने पर सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

"ग्रामीण जंगल के अंदर अवैध रूप से लकड़ी बीनने के लिए घुसा था।इसी दौरान तेंदुआ ने हमला किया है। टीम को मौके पर भेजा गया था।

**अरुन मोहन श्रीवास्तव,**
**रेंजर बरांही।**

जंगल से सटे खेत में लकड़ी बीने रहे ग्रामीण पर जंगल से निकले तेंदुआ ने अचानक हमला कर दिया। सिर में पंजा लगने से ग्रामीण गंभीर रूप से घायल हो गया। लहुलुहान हालत में सीएचसी लाया गया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां हालत गंभीर बताई जा रही है।

जंगल से बाहर निकल रहे तेंदुआ के हमलों पर विराम नहीं लग पा रहा है। हिंसक वन्यजीवों के ताबड़तोड़ हमलों की घटना से जंगल से सटे गांव के ग्रामीणों में दहशत बनी हुई है।शनिवार कोतवाली क्षेत्र के गांव पताबोझी निवासी राम बहादुर गांव के कृष्णा और रविंद्र के साथ पीटीआर की बरांही रेंज के जंगल में लकड़ी बीनने गया हुआ था। जंगल से सटे खेत में लकड़ी बीनने के दौरान अचानक झाड़ियों से निकले बाघ ने राम बहादुर पर हमला कर दिया। ग्रामीण ने शोर शराबा कर बचने का प्रयास किया।इसी बीच हमलावर तेंदुआ ने लगातार तीन बार हमला कर ग्रामीण को बुरी तरह लहुलुहान कर दिया। चीखने चिल्लाने पर पड़ोस के खेत में लकड़ी बीन रहे ग्रामीणों ने शोर शराबा कर बमुश्किल ग्रामीण को तेंदुआ चंगुल से छुड़ाया। सिर, पीठ, और हांथ में पंजा लगने से ग्रामीण बुरी तरह घायल हो गया। पटना की जानकारी पर आस पड़ोस दर्जनों ग्रामीण एकत्र हो गए।

घायल ग्रामीण को उपचार के लिए पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। परिजनों के अनुसार ग्रामीण की हालत गंभीर बताई जा रही है।

घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंचे वन विभाग के कर्मचारियों ने जानकारी जुटाई।

**विनौरा में बाघ नहीं तेंदुआ ने किया था हमला**

शुक्रवार हरीपुर रेंज के जंगल से सटे विनौर गांव के निकट गन्ने के खेत में सिंचाई कर रहे ढक्का चांट निवासी किसान जीत सिंह पर वन्य जीव ने हमला कर बुरी तरह घायल कर दिया था। घायल किसान के अनुसार बाघ ने हमला किया था। घटना की जानकारी के बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटनास्थल पर मिले पग मार्क ट्रेस किए। हरिपुर रेंज के वन क्षेत्राधिकार वीरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि घटनास्थल के पास मिले पाक मार्ग ट्रेस किए गए हैं ।किसान पर तेंदुआ के हमले की पुष्टि हुई है।

# मरीज की जेब से नगदी चोरी के आरोपी को सीएचसी में पीटा

- परिसर से साइकिल चोरी करने के दौरान मरीजों ने पकड़ा

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर



सीएचसी में दवा काउंटर पर लाइन में लगे मरीज की जेब से चोर ने सात हजार रुपए की नगदी पार कर दी। परिसर में खड़ी साइकिल चोरी करने के दौरान आरोपी को पकड़ लिया। परिसर में मौजूद मरीजों ने चोर को पड़कर जमकर धुनाई लगाई। इसके बाद कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

पूरनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीज और उनके तीमरदारों से चोरी की वारदातों पर लगाम नहीं लग पा रही है। मरीजों की आड़ में सीएचसी पहुंच रहे चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। शनिवार पूरनपुर क्षेत्र के गांव रुद्रपुर निवासी राम बहादुर दवाई लेने के लिए आए हुए थे। काउंटर से पर्चा बनवाने के बाद दवाई लेने के लिए लाइन में लग गए। इसी दौरान पहले से रेकी कर रहा चोर मरीज की के पीछे लाइन में खड़ा हो गया।मौका लगते ही मरीज की जेब में रही सात हजार रुपए की नगदी चोरी कर ली। कुछ देर बाद चोर परिसर में खड़ी साइकिल को चोरी कर ले जाने लगा। इसी दौरान साइकिल स्वामी ने आरोपी को पकड़ लिया। साइकिल चोरी की जानकारी से परिसर में खलबली मच गई। दवा लेने पहुंचे मरीज ने जेब में रुपए गायब देख तो हैरान हो गया। साइकिल चोरी के आरोपी पर शक जाहिर किया।

तलाशी लेने के दौरान आरोपी की जेब से चोरी की गई सात हजार रुपए की नगदी बरामद हो गई। इसके बाद लोगों ने सीएससी पर परिसर में ही चोर की जमकर धुनाई लगाई। पिटाई के बाद आरोपी को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया।

# भाजपा लोकसभा प्रत्याशी एवं लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का किया स्वागत

- चुनाव के बाद भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत






भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी ने भाजपा लोकसभा प्रत्याशी एवं लोग निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का भाव स्वागत किया इस अवसर पर मंत्री श्री प्रसाद ने कहा कि जिस प्रकार चुनाव में सभी सम्मानित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने मुझे अपना आशीर्वाद और सहयोग दिया वह अतुलनीय हैं। यह चुनाव मेरे जीवन का बहुत ही सुखद चुनाव रहा, आपके उत्साह और जोश ने पीलीभीत में निश्चित रूप से प्रधानमंत्री को पुनः देश का तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में देख रहा है।

विशेष रूप से पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र की सभी सम्मानित जनता का विशेष आभार व्यक्त किया।

देश और उत्तर प्रदेश में निश्चित रूप से हम विजय की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले तीन चरणों में जिस प्रकार देश में एक राष्ट्रीय भाव आम जनमानस में देखने को मिल रहा है, इससे यह जाहिर होता है कि जनता अपना आशीर्वाद स्वरूप वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में करने को आतुर है। जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि 4 जून को पीलीभीत लोकसभा एक ऐतिहासिक जीत दर्ज करने जा रही है, आप सभी ने जिस उत्साह के साथ भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का कार्य किया।

जिसका जितना आभार व्यक्त किया जाये वह कम है, इसलिए हम सब पीलीभीत लोकसभा को एक ऐतिहासिक जीत देने जा रहे हैं। मंचासीन अतिथियों में लोकसभा प्रभारी स्वष्ट डॉ सुधीर गुप्ता, पूर्व डॉ विनोद तिवारी, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, लोकसभा संयोजक दीपक अग्रवाल, जिला महामंत्री लेखराज भारती, दिनेश पटेल, महादेव ग्यान, प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा सोनू बाल्मीकि, पूरनपुर चैयरमेन शैलेन्द्र गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख महिपाल सिंह, बीसलपुर ब्लॉक प्रमुख अशोक शर्मा, जिला उपाध्यक्ष कमलेश गंगवार, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा गीता मिश्रा उपस्थित रहे। इस स्वागत एवं अभिनन्दन सभा में जिला उपाध्यक्ष तुलाराम लोधी, अमित संघर्षी, रेखा सिंह परिहार, सुषमा कुमारी, जिला मंत्री मंगली प्रसाद, जिला मीडिया प्रभारी स्वतंत्र देवल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### घर मे घुसकर मारपीट करने की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । बरखेडा। चचेरे भाई व चाचा ने भतीजे को मारपीट कर घायल कर दिया जिसका बरखेडा। थाना क्षेत्र के गांव कुरैईया ताल्लुक फूटाकुआ निवासी रामबाबू पुत्र नत्थूलाल ने थाना पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है की चाचा राम बहादुर पुत्र सालिक राम व उनके दोनो पुत्र रवि, सजन्न 07-05-24 को रात्रि लगभग 10 बजे मेरे घर में घुस आये और मुझे व मेरे पिता को लाठी-डण्ड़ो से पिटाई कर दी जिससे मेरे व मेरे पिता के गम्भीर चोटे आई है। लेकिन अब भी वह लोग गन्दी गालिया दे रहे है। उक्त लोगो के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की है। थाने से मिली तहरीर के आधार पर धारा 452, 323, 504, 506 में मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरु कर दी हैं।

### प्रतिबंधित लकड़ी कटान का सिलसिला जारी

जन एक्सप्रेस । बरखेडा। जनपद के बरखेड़ा थाना क्षेत्र में प्रतिबंधित लकड़ी कटान का सिससिला लगातार जारी है। वही लकड़ी माफिया अवैध ठेकेदार मथुरा प्रसाद ने अमखेड़ा नवादा में प्रतिबंधित गूगर, आम के हरे पेड़ों का सफाया कर दिया है। बताते चले क्षेत्र मे लंबे समय से लकड़ी माफिया हरे-भरे पेड़ों का कटान कर रहा हैं। जिसकी भनक वन विभाग को भी नही लगती है। इससे पूर्व भी आम के बाग के अबैध कटान में हो चुकी है एफआईआर। इतना ही नहीं सूबूत मिटाने के लिए जेसीबी से जड़े खुदवा रहे हैं। जब इस मामले की जानकारी वन विभाग से की गी तो बताया गया कि इस मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### चार अलग अलग जगहों से 70 लीटर कच्ची शराब बरामद, पांच गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। खुटहन। आबकारी व थाना पुलिस के संयुक्त प्रयास से सप्ताह के भीतर चार जगहों से दबिश देकर 70 लीटर अवैध कच्ची शराब सहित विक्रेताओं को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए पांचों आरोपितों को आबकारी ऐक्ट में निरुद्ध कर चलान न्यायालय भेज दिया गया। आबकारी निरीक्षक भीम तिवारी व स्थानीय थाना पुलिस के जवानों के सहयोग से गत 4 मई को डिहियां गांव के सेवई नाला के पास से शेरपुर पथरा गांव निवासी रमाकांत उर्फ कल्लू को बीस लीटर कच्ची शराब संग पकड़ लिया। इसी दिन धिरौली नानकार गांव में बंद पड़े ईंट भट्ठा से आजमगढ़ जिले के पवई थाना क्षेत्र के हेवती गांव निवासी आसोनी विश्वकर्मा और सोनू बिंद को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ हिरासत में लिया गया। 5 मई को आदिनाथ पुर गांव के सुनसान स्थल से सेढुआपारा गांव निवासी फहीम उर्फ गुड्डू को गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 20 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई।छह मई को रावतपुर गांव के मोड़ के पास डिब्बे में 20 लीटर कच्ची शराब रख उसे बेच रहे इसी गांव निवासी महेंद्र यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सभी के खिलाफ आबकारी ऐक्ट के तहत केस दर्ज कर उन्हें चलान न्यायालय भेज दिया गया।

### मिशन समर्थ के तहत दिव्यांग बच्चों की करेक्टिव सर्जरी का अभियान तीव्रता से चलाया जा रहा है: जिलाधिकारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर। जिलाधिकारी/अध्यक्ष रेडक्रास सोसाइटी रबीन्द्र कुमार मांदड़ द्वारा जनपद में शुरू की गई मिशन समर्थ के तहत दिव्यांग बच्चों की करेक्टिव सर्जरी का अभियान तीव्रता से चलाया जा रहा है। दिव्यांग बच्ची रूही यादव बरसठी, ट्विंकल रामपुर, अंजलि रामनगर, आकाश पटेल बरसठी, हनीष गौतम बरसठी का नि:शुल्क ऑपरेशन एसआर एस हॉस्पिटल में आर्थोपेडिक सर्जन डॉ0 अभय सिंह द्वारा किया गया था। पांच दिव्यांग बच्चो की सफलतापूर्वक शनिवार को सर्जरी हुई जिनको आज डिस्चार्ज किया गया। अब तक जनपद के 10 गरीब बच्चों की करेक्टिव सर्जरी हो चुकी है। जिसके क्रम में आज जिलाधिकारी रेडक्रास टीम द्वारा अस्पताल में जाकर बच्चों के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी ली गई और उन्हें बुके, चॉकलेट और फल भी दिया गया।

# दर्शनार्थियों से भरी टूरिस्ट बस पलटी, छह जिला अस्पताल रेफर







जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के केवटली कलां गाँव के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 731 पर शनिवार की सुबह दर्शनार्थियों से भरी एक टूरिस्ट बस पलट गई जिसमें सवार करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए।

जानकारी के मुताबिक मुंबई के नासिक से एक टूरिस्ट बस यूपी.65. ईटी.8995 में कुल 17 दर्शनार्थी सवार होकर वाराणसी से दर्शन करने के बाद राम जन्मभूमि अयोध्या रामलला का दर्शन करने जा रहे थे कि वह जौनपुर जनपद के सिंगरामऊ थाना क्षेत्र के बॉर्डर केवटली कलां गाँव के पास पहुचें थे वही ओवरटेक के चक्कर में ट्रेलर ट्रक के धक्के से अनियंत्रित होकर दर्शनार्थियों से भरी टूरिस्ट बस पलट गई लगभग एक दर्जन दर्शनार्थी घायल हो गए वहीं घायलों में ज्यादातर महिलाएं रहीं।

फिलहाल स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को बदलापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां डाक्टर द्वारा इलाज के दौरान पांच महिलाएं वर्षा 46 पत्नी अशोक, ताईबाई 50 पत्नी सत्यराम पंवार, सबराजी चौहान 68 पत्नी गोपीनाथ, ऊषा पेन्डाई 50 पत्नी विथवा, सुनीता जटला 60 पत्नी मधुकर, फूलचंद 60 पुत्र मेहीलाल की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है।

वही सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर पलटी बस को किनारे करवाते हुए आवागमन को चालू करवाया।

# महिला सहित चार के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

खुटहन। बड़नपुर गांव में दो पड़ोसियों के बीच महीनों से चल रहे विवाद के मामले में एक पक्ष ने दूसरे पर लाठी डंडा से हमला कर दिया। जिसमें एक बृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके भाई और बेटे को भी चोटें आईं। सभी घायलों का उपचार सीएचसी पर किया गया। गंभीर रूप से घायल बृद्ध को जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। घायल गिरीश चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने महिला सहित चार के खिलाफ जानलेवा हमला सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। गांव निवासी शिवपूजन उपाध्याय और पड़ोसी विजय सिंह के बीच महीनों से भूमि विवाद चला आ रहा था। घायल पक्ष का आरोप है कि शनिवार को विजय सिंह, रामस्वरूप सिंह, राकेश सिंह और बिंदू देवी लाठी डंडा लेकर अचानक उनके घर पहुंच अपशब्द बोलने लगे। मना कर रहे 67 वर्षीय शिवपूजन उपाध्याय पर लाठी से प्रहार कर दिया। सिर में गंभीर चोटें आने से वे गिरकर बेहोश हो गए। बचाव को आये भाई श्रीपूजन और पुत्र गिरीश चंद्र को भी पीटकर घायल कर दिए। शोरगुल सुन ग्रामीणों को जुटता देख हमलावर फरार हो गए। घायल गिरीश चंद्र की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

# कुएं में सबमर्सिबल लगाने उतर रहा था मिस्त्री, रस्सी टूटने से डूबा



जन एक्सप्रेस । वाराणसी

वाराणसी के कोतवाली थाना क्षेत्र के चौखंबा स्थित कुएं में सबमर्सिबल लगाने के दौरान रस्सी टूटने से एक मजदूर पानी में डूब गया। रात में पुलिस और एनडीआरएफ की मदद से उसकी तलाश चलती रही, लेकिन उसका पता नहीं चल सका।

चौखंबा निवासी सौरभ गुजराती के मकान में वर्षों पुराना कुआं है। कुछ दिनों से उसमें लगा सबमर्सिबल खराब था। मरम्मत के लिए चौबेपुर निवासी शिवधनी कुमार समेत तीन मिस्त्री को बुलाया गया था। तीनों रस्सी के सहारे कुएं में उतरकर सबमर्सिबल खोलकर बाहर लाए।

सबमर्सिबल ठीक करने के बाद शिवधनी वापस कुएं में उतर रहा था। इस दौरान रस्सी टूट गई और वह कुएं में गिर गया। दोनों मजदूरों के शोर मचाने पर सौरभ गुजराती के परिवार के साथ आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, लेकिन कुएं के अंदर अंधेरा होने के कारण किसी की भी हिम्मत अंदर उतरने की नहीं हुई। घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई। रात में काफी तलाश करने के बाद भी पुलिस और एनडीआरएफ को सफलता नहीं मिली।

# पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से बदमाश घायल

- 60 हजार की उच्कागिरी की घटना में आरोपी शामिल रहा।

जन एक्सप्रेस । मिर्ज़ापुर



अदलहाट। थाना क्षेत्र के फरीदपुर नया नहर पुलिया के पास शुक्रवार की शाम लगभग पौने सात बजे पुलिस मुठभेड़ में उचकागिरी के विभिन्न घटनाओं में शामिल एक बदमाश के पैर में गोली लगी। गोली लगने पर वह घायल हो गया। दो बदमाश अंधेरे का लाभ उठाकर अपने बाइक से भाग निकले। घायल बदमाश को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चुनार भेज दिया।

छत्तीसगढ़ प्रांत के जैसपुर जनपद के पत्थलगढ़ थाना अंतर्गत झख्खड़पुर गांव निवासी अरविंद कुमार नट (45) अपने दो साथियों के साथ बाइक से थाना क्षेत्र के फरीदपुर नया नहर पुलिया के पास किसी घटना को अंजाम देने के लिए खड़ा था। मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य को सूचना मिली कि जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उचक्कागिरी की घटना करने वाले किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में खड़े हैं।

सूचना पर थानाध्यक्ष फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे तो पुलिस की गाड़ी देखते ही बदमाशों ने फायर कर दिया। फायरिंग से बचते हुए पुलिस ने आत्मरक्षार्थ गोली चलाई। गोली अरविंद कुमार नट के दाहिने पैर में लगी।

वह जमीन पर गिर गया। उसके दो साथी अंधेरे का लाभ उठाते हुए बाइक से भाग गए। उसके पास से मौके पर जमीन पर एक बैग व एक तमंचा पड़ा मिला। पुलिस ने इसकी सूचना तत्काल कंट्रोल रूम मिर्जापुर व फोरेंसिक टीम को दी।

मौके पर क्षेत्राधिकारी चुनार अशोक कुमार सिंह मौके पर पहुंचे।

थानाध्यक्ष रविंद्र भूषण मौर्य ने बताया कि चुनार के कैलहट में तीन मई को हुए उचक्कागिरी की घटना में एक लाख 20 हजार व अदलहाट क्षेत्र में छह मई को हुए 60 हजार की उचक्कागिरी की घटना में आरोपी शामिल रहा।

## ट्रेन संचालन की मांग कर दर्ज कराई शिकायत

जन एक्सप्रेस । पूरनपुर

बरेली से लखनऊ और बरेली से मैलानी के मध्य पेसेंजर और एक्सप्रेस ट्रेनों के संचालन की मांग उठी हैं। इसको लेकर पूरनपुर के लोगों द्वारा लगातार रेल विभाग और शासन को पत्र भेजे जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद के सभासद अनूप कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई है। इसमें क्षेत्र के लोगों के हित में जल्द ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर संचालन कराने की मांग की गई है। पत्र में कहा गया है कि करीब छह साल बाद पीलीभीत से मैलानी रेल खंड पर कुछ ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ। इससे क्षेत्र के की जनता में खुशी की लहर दौड़ गई। लंबी दूरी की कुछ सासाहिक ट्रेनें भी चल रही हैं लेकिन बरेली से मैलानी और लखनऊ के मध्य ट्रेनें न चलने से पूरनपुर के व्यापारी, अधिवक्ताओं, छात्रों आदि को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

योगी ने सपा सुप्रीमो व कन्नौज से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी अखिलेश यादव को सुनाई खूब खरी-खरी

# कन्नौज के इत्र में बदबू फैलाती थी सपा: योगी

## मुख्यमंत्री ने कन्नौज के सांसद व लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के लिए फिर की जनसभा

* **कसा तंज: पहले का टिकट काटा, दूसरा मैदान छोड़कर भाग गया, तीसरे ने मना कर दिया, जब कोई नहीं मिला- तब सपा अध्यक्ष कह रहे कि मैं सेवा करना चाहता**
* **सपा शासन में मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का किया जाता था महिमामंडन: योगी**



**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कन्नौज में अखिलेश यादव को खूब खरी सुनाई। बोले कि वे कन्नौज से चुनाव इसलिए लड़ रहे हैं कि इंडी गठबंधन को यहां प्रत्याशी नहीं मिल रहा था। पहला को टिकट दिया, फिर उसका टिकट काट दिया। दूसरे को दिया तो वह मैदान छोड़कर भाग गया। तीसरे की घोषणा की तो वह मना कर दिया। जब कोई नहीं मिला तो सपा अध्यक्ष कह रहे हैं कि सेवा करना चाहता हूं। जब मौका था, तब कन्नौज की इत्र में बदबू फैलाने का काम कर रहे थे। हर दूसरे दिन यूपी में दंगा कराते थे। इनके शासन में बेटियों-व्यापारियों की सुरक्षा से खिलवाड़ होता था। गरीबों के हकों पर डकैती पड़ती थी। मुख्यमंत्री आवास बुलाकर दंगाइयों का महिमामंडन करते थे, लेकिन अब नए भारत का नया उप्र दंगाइयों व कर्फ्यू लगाने वालों से कैसे निपटता है, यह आप भी देख रहे होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को करिया झाला का मैदान झींझक, रसूलाबाद में आयोजित जनसभा में अपनी बातें रखीं। उन्होंने कन्नौज के सांसद व 2024 लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक को फिर से दिल्ली भेजने की अपील की। सीएम ने आमजन से आह्वान किया कि घर-घर जाकर कहिए कि हमें रामभक्त चाहिए, रामद्रोही नहीं।

### माफिया की मौत पर मातम मनाने गए थे अखिलेश

सीएम ने कहा कि सपा सरकार में प्रदेश में हर तीसरे दिन दंगे होते थे। अराजकता चरम पर थी। गुंडागर्दी का आलम यह थी कि प्रदेश की बेटियां रिश्तेदारों या छात्रावास में जाकर रहने को विवश होती थीं, लेकिन नए भारत का नया उप्र कहता है कि माफिया-अपराधी के लिए प्रदेश की धरती पर कोई जगह नहीं है। माफिया-अपराधियों को उनकी जगह बता दी गई है, फिर भी सपा की संवेदना माफिया के साथ है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि शिष्टाचार होता है। मुलायम सिंह यादव के निधन पर मैं व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष गए थे। प्रधानमंत्री ने संवेदना भी व्यक्त की थी। वहीं अखिलेश यादव ने रामभक्त, पूर्व मुख्यमंत्री-राज्यपाल कल्याण सिंह की मृत्यु पर संवेदना तक नहीं व्यक्त की, लेकिन माफिया की मौत पर मातम मनाने गए थे। इनकी संवेदना राम मंदिर, भारत, रामभक्तों, आमजन के प्रति नहीं, बल्कि माफिया, भारत के खिलाफ वक्तव्य देने वालों के प्रति है।

### सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी

सीएम योगी ने कहा कि नए भारत में सुरक्षा, गरीब कल्याण, विकास, विरासत और आस्था का सम्मान है। सपा रामभक्तों पर गोली चलाती थी, आतंकियों के मुकदमे वापस लेती थी और भाजपा राम मंदिर बनवाती है। आपने वोट देकर भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली व लखनऊ सरकार को चुना है, इसलिए आपके योगदान की बदौलत अयोध्या में 500 वर्ष के बाद भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है। प्रभु ने इस अंतराल के बाद अपनी जन्मभूमि पर होली खेली, जन्मोत्सव मनाया और उनका सूर्य तिलक भी हुआ। नई अयोध्या के दर्शन कर यह लोक धन्य हुआ। पूर्वजों की आस और संकल्प को हमने अपनी आंखों के सामने पूरा होते भी देख लिया।

### भारत और आमजन के खिलाफ षडयंत्र रच रहे हैं रामद्रोही

सीएम योगी ने कहा कि एक तरफ रामभक्त तो दूसरी तरफ रामद्रोही हैं। रामद्रोही भारत और आमजन के खिलाफ षडयंत्र रह रहे हैं। रामभक्त मोदी जी की सरकार के साथ नया इतिहास बनाना चाहते हैं। रामभक्त भारत को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत, विकसित, आत्मनिर्भर और खुशहाल भारत बनाना चाहते हैं। दिल्ली में मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत आत्मनिर्भर व विकसित बनेगा। उत्तर प्रदेश में भी विकास की असीम संभावनाएं हैं। उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेश भारत की इकॉनमी के ग्रोथ इंजन के रूप में अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा।

### सपा-कांग्रेस परिवार तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए मैदान में

सीएम ने कहा कि नया भारत केवल बोलता ही नहीं, करके दिखाता भी है। भाजपा ने कहा था कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे। सौगंध राम की खाते हैं, मंदिर वहीं बनाएंगे। तब सपा के लोग रामभक्तों पर गोलियां चलाते थे और बोलते थे कि परिंदा भी पर नहीं मार सकता। इनके समय में अयोध्या में आतंकी हमला हुआ था। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने देश और सपा ने यूपी की जनता की सुरक्षा के साथ खिलवाड़ किया। दोनों एक ही थाली के चट्टे-बट्टे हैं, फिर मिलकर जोर आजमाइश करना चाहते हैं। अब मोदी जी के आत्मनिर्भर व विकसित भारत के निर्माण के संकल्प से जुड़ने का अवसर आ गया है। कांग्रेस अपने और सपा सैफई परिवार को धन-संपदा से परिपूर्ण करने के लिए मैदान में है तो भाजपा राष्ट्रहित के लिए चुनाव लड़ रही है। भाजपा का संकल्प देश के लिए है। हम लोग वर्तमान व भावी पीढ़ी का भविष्य उज्वल बनाना चाहते हैं। यह केवल चुनाव नहीं, बल्कि भारत की तकदीर व तस्वीर बदलने के लिए मोदी जी के नेतृत्व में हुए अहर्निश प्रयास को नई गति देकर बढ़ाने का प्रयास है।

### इनकी रही मौजूदगी

जनसभा में सांसद व भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक, प्रदेश सरकार के मंत्री राकेश सचान, असीम अरुण, संदीप सिंह, विधायक पूनम शंखवार, भाजपा कानपुर देहात के जिला प्रभारी अशोक राजपूत, कानपुर देहात के जिलाध्यक्ष मनोज शुक्ला, नगर पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजू, नगर पालिका अध्यक्ष झींझक अमित तिवारी, पूर्व विधायक निर्मला शंखवार आदि की मौजूदगी रही।

# बिल्हौर बार एसोसिएशन अध्यक्ष आलोक मिश्रा व महामंत्री महेंद्र कुशवाहा विजय घोषित

* **मंत्री शिवाकांत तिवारी उपाध्यक्ष सुनील कुमार कटियार जीते**

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर तहसील के वार्षिक चुनाव में बिल्हौर बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद पर पिछली वर्ष रनर रहे आलोक मिश्रा उर्फ टुननू की इस बार बिल्हौर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर दावेदारी पक्की मानी जा रही थी वहीं अध्यक्ष पद पर व उपाध्यक्ष एवं महामंत्री मंत्री पद पर 197 वोटर अधिवक्ताओं को मतदान करना था लेकिन 196 वोट ही पड़ सकें व एक वोट पूर्व जीएसपीएल अधिवक्ता विश्राम सिंह यादव का स्वास्थ्य खराब होने की वजह से वोट नहीं पड़ पाया। बिल्हौर बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर आलोक मिश्रा और महेंद्र सिंह पाल के बीच कड़ी स्पर्धा मानीं जा रही थी लेकिन बृहस्पतिवार से बिल्हौर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष ठाकुर अजीत सिंह राजावत टीम ने घर-घर जाकर मेहनत कर बाजी पलट दी। शुक्रवार सुबह 8 बजके 15 मिनट पर मतदान की प्रक्रिया शुरू हुई आलोक मिश्रा के पक्ष में 110 मत पढ़ें जबकि प्रतिद्वंद्वी अध्यक्ष पद के महेंद्र पाल सिंह को 81 मत मिले 29 वोटों से आलोक मिश्रा को विजय घोषित किया गया जबकि उपाध्यक्ष पद पर सुनील कुमार को 74 मत हासिल हुए और उनके प्रतिद्वंद्वी विनय कुमार गौतम को 72 मत और लक्ष्मीकांत को 48 मत मिले 2 वोटों से सुनील कुमार को विजय घोषित किया गया तथा महामंत्री पद पर महेंद्र सिंह कुशवाहा को 101 मत हासिल हुए और प्रतिद्वंद्वी सौरभ कटियार को 90 मत हासिल हुए महेंद्र सिंह कुशवाहा को 11 मतों से विजई घोषित किया गया और 5 मत अवैध घोषित किए गए । शिवकांत तिवारी 104 मत हासिल हुए और प्रतिद्वंद्वी अभिषेक सैनी को 90 मत हासिल हुए 2 मत अवैध घोषित किए गए सभी के समर्थक विजय घोषित अध्यक्ष व उपाध्यक्ष महामंत्री मंत्री को फूल माला पहनाकर बधाई दी और पहले कोतवालेश्वर एवं बनखंडेश्वर मंदिर पहुंचकर आशीर्वाद प्राप्त किया कचहरी में घूम-घूम कर अपने समर्थक अधिवक्ता बुजुर्ग और साथियों से आशीर्वाद प्राप्त कर एक दूसरे का मुंह मीठा करवाया।

# पूर्व भाजपा नेता ने विधवा संग की अभद्रता

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर**



बिल्हौर थाना क्षेत्र के टिकरिया गांव निवासिनी विधवा महिला रीता कटियार द्वारा बताया अपना खेत लागान पर रू 180000 गांव निवासी पूर्व अध्यक्ष भाजपा पिछ्डा वर्ग कानपुर ग्रामीण रूपेश कटियार को गांव वालों के सामने सहमति पर दिया था उसमें रू10000 अभी भी बकाया है। बेटी की स्कूल की फीस जमा करनी है जिसको लेकर कई बार फोन पर संपर्क किया फोन नहीं उठाया जिसको लेकर वह कई बार स्टेट बैंक ऑफ इंडिया बिल्हौर के समीप खाद बीज की दुकान पर मांगने पहुंची तो वहां पर मौजूद कर्मचारी ने नेता रूपेश कटियार से फोन पर बात करा दी जिस पर उसने अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए वहां से भगा दिया विधवा रीता कटियार अपमानित होकर रोती हुई कोतवाल केशव कुमार तिवारी के पास पहुंचकर आपबीती बताइ और प्रार्थना पत्र दिया जिस पर थानाध्यक्ष ने प्रार्थना पत्र पढ़ने और पूरी बात सुनने के बाद में हल्के के दरोगा को आदेशित कर दिया और प्रार्थना पत्र अपने पास रख लिया कहा परेशान ना हो जांच कर जल्द कार्रवाई होगी ।

# 13 मई को मतदान दिवस के अवसर पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

* **हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करने से चुनाव से संबंधित समस्या का होगा निराकरण**

जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने बताया है कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 के अंतर्गत चौथे चरण में दिनांक 13 मई, 2024 को जनपद कन्नौज में मतदान दिवस निर्धारित है द्य दिनांक 13 मई, 2024 को मतदान दिवस के अवसर पर सार्वजनिक अवकाश रहेगा । बताया है कि यह अवकाश 14 निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट एक्ट 1881 (1881 का एक्ट संख्या 26) के अन्तर्गत आता है। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में किसी भी व्यवसाय, व्यापार, औद्योगिक प्रतिष्ठान तथा ऐसी अन्य प्रतिष्ठानों में कार्यरत कर्मचारियों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का प्राविधान है। श्री शुक्ल ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन, 2024 के अंतर्गत कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मताधिकार का प्रयोग किये जाने के उद्देश्य से मतदान दिवस को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-135ख में निहित प्राविधानानुसार अविरल प्रकिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को उपयुक्त अवसर प्रदान करने तथा अनविरल प्रकिया वाले कारखानों में मतदान दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने एवं अगले साप्ताहिक अवकाश के दिन उनसे कार्य न लिया जाये। उन्होंने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 42 कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में सम्मिलित पांच विधानसभाओं यथा 196-छिबरामऊ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 197-तिर्वा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 198-कन्नौज विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र, 202-बिधूना विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा 205-रसूलाबाद विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का मतदान दिनांक 13.05.2024 को पूर्वाह्न 07¬00 बजे से अपराह्न 06¬00 बजे तक निश्चित है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व अर्थात् दिनांक 11 मई, 2024 के अपराहन 06¬00 बजे के बाद कोई भी उम्मीदवार / राजनैतिक पदाधिकारी को किसी भी प्रकार की सार्वजनिक सभाएँ, जुलूस, लाउडस्पीकर से प्रचार-प्रसार पूर्णतया प्रतिबन्धित है। उन्होंने बताया है कि प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के पश्चात् ऐसे राजनैतिक पदाधिकारियों को निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित नहीं रहना चाहिए जो निर्वाचन क्षेत्र के बाहर से आएँ हों और जो 42-कन्नौज संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता न हों। ऐसे राजनैतिक पदाधिकारी / व्यक्ति प्रचार-प्रसार की अवधि समाप्त होने के तत्काल पश्चात निर्वाचन क्षेत्र छोड़ देंगें। उन्होंने समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराना सुनिश्चित करें । बताया है कि चुनाव से संबंधित किसी को कोई समस्या है तो वह हेल्पलाइन नंबर 1950 पर कॉल करके अपनी समस्या का निराकरण करा सकता है।

# चौथे चरण की सबसे हॉट सीट कन्नौज में सपा, भाजपा दोनों ने पूरी ताकत झोंकी

* **पिछली बार अखिलेश की पत्नी डिंपल भाजपा के सुब्रत पाठक से यहां से चुनाव हार गई थीं**

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों के लिए आज शाम 5 बजे प्रचार खत्म हो गया। यहां 13 मई को मतदान होगा। इन सीटों में सबसे ज्यादा हाट सीट कन्नौज है, जहां से सपा प्रमुख अखिलेश यादव मैदान में हैं। पिछली बार अखिलेश की पत्नी डिंपल भाजपा के सुब्रत पाठक से यहां से चुनाव हार गई थीं। इसीलिए पिछले 3 दिन से अखिलेश कन्नौज में डेरा डाले रहे। वहीं, कन्नौज से भाजपा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने कानपुर देहात में सीएम योगी के सामने ही अखिलेश यादव को गुंडों का सरदार कह दिया। सुब्रत पाठक ने कहा, पिछली बार जिस तरह से डिंपल यादव को हराया था, उसी तरह इस बार आप लोग गुंडों के सरदार अखिलेश यादव को भी हरा देना। प्रचार के आखिरी दिन आज अखिलेश यादव ने औरैया की बिधूना विधानसभा में रोड शो किया। 16 किलोमीटर लंबा रोड शो भगत सिंह चौराहे से शुरू होकर ऐरवा कटरा में खत्म हुआ। यह साढ़े 3 घंटे चला। अखिलेश ने रोड शो के दौरान कहा- यह चुनाव न केवल हमारे भविष्य, बल्कि आने वाली पीढ़ी का भविष्य कैसा होगा, उसके लिए भी हो रहा। एक तरफ वो लोग हैं, जो संविधान को खत्म करना चाहते हैं। संविधान के भक्षक लोग हैं। दूसरी तरफ हम समाजवादी और इंडिया गठबंधन के लोग हैं, जो संविधान को बचाना चाहते हैं। अभी तक लगता था कि हम लोग ही मेहनत कर रहे हैं। लेकिन ये पहला चुनाव है, जिसमें ऐसा लग रहा है कि जनता खुद चुनाव लड़ रही है। मुझे इटावा के मैनपुरी और औरैया के कार्यकर्ता ज्यादा दिखाई दे रहे हैं।

### भाजपा सरकार ने बेरोजगारी और महंगाई दी

उन्होंने कहा- भाजपा सरकार ने बेरोजगारी दी, महंगाई दी और कितना अन्याय किया। कोई वर्ग नहीं बचा, जिसे इस सरकार ने अपमानित न किया हो। इन लोगों ने भेदभाव के साथ जितना अन्याय कर सकते हैं किया। आज खुशी है कि इस बार बिधूना और आसपास के लोगों ने कन्नौज और इटावा लोकसभा सीट को भी जिताने का मन बना लिया है।

### अखिलेश यादव ने पूरी ताकत झोंकी

अखिलेश कन्नौज से चुनाव मैदान में हैं। उन्होंने इस सीट पर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। 10 मई को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अखिलेश के साथ रैली की। उनके प्रचार के लिए उनकी बेटी अदिति यादव ने भी नसरापुर गांव में नुक्कड़ सभा की और फिर जनसंपर्क किया। अदिति ने कहा, कन्नौज के लोगों ने यहां से नेता जी (मुलायम सिंह) को सांसद चुना। इसके बाद मेरे पिता अखिलेश यादव और फिर मां डिंपल को सांसद चुनने का काम किया। मुझे उम्मीद है कि इसी कन्नौज की जनता एक बार फिर मेरे पिता को कन्नौज से सांसद चुनेगी।

### कन्नौज सीट का सियासी समीकरण

कन्नौज की 3 विधानसभा सीट में सदर सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां सबसे ज्यादा करीब 30 प्रतिशत वोटर इसी वर्ग से हैं। जाटव बिरादरी की संख्या सबसे ज्यादा है। इसके बाद मुस्लिम वोटर करीब 22 प्रतिशत हैं। इस सीट पर ब्राह्मण वोटर की संख्या भी 20 प्रतिशत है। कन्नौज में यादवों की संख्या 25 प्रतिशत है। क्षत्रिय और कुर्मी भी निर्णायक पोजिशन में हैं। सपा को अपने बेस वोट यादवों के साथ ही नॉन-यादवों के वोट मिलने का भरोसा है। दूसरी ओर, भाजपा सभी जातियों के बीच अपनी पहुंच बनाने में जुटी है। बीएसपी ने दलित और मुस्लिम वोट को टारगेट किया है।

### मैनपुरी से ज्यादा बड़ी जीत कन्नौज में होगी

कभी-कभी मैनपुरी के लोग कहते है कि वहां ज्यादा वोटों से जीतेंगे। लेकिन आज देख लिया होगा उन्होंने कि कन्नौज मैनपुरी से आगे जा रहा है। इसीलिए प्रधानमंत्री न इटावा गए न औरैया गए और न कन्नौज गए। वो कन्नौज से कन्नी काटकर सीधे दिल्ली चले गए। ये जो डबल इंजन वाली सरकार है, इनके नेता होर्डिंग से पहले से ही गायब हैं।

### इन्होंने सबको अपमानित किया

अखिलेश ने कहा- ये जो दो खटारा इंजन हैं, एक कन्नौज वाला एक इटावा वाला, इनका सफाया होने जा रहा है। इन्होंने किसी को नहीं छोड़ा, जिसे अपमानित न किया हो। इन्होंने शाक्य समाज के लोग जानते होंगे, उनके समाज को अपमानित करने के लिए भगवान बुद्ध की मूर्ति जो लग गई थी, उसे हटा दिया। लोधी समाज का इतिहास रहा है, वीरांगना अवंतीबाई का सम्मान रहा है। ये खटारा इंजन लोधी और शाक्य समाज के लिए कह रहा था कि हमने वोट खरीदा है। इस बार इनका सफाया होने जा रहा है। ये लोग संविधान के साथ हम लोगों की जान के भी पीछे पड़े हैं। जो वैक्सीन लगवाई, उससे दिल के रोग हो रहे हैं। अब वैक्सीन वाली कंपनी कह रही है कि हम उसे वापस ले लेंगे।

# संयुक्त सुरक्षा बल को डीएम-एसपी की ब्रीफिंग

**जन एक्सप्रेस । कन्नौज**

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संयुक्त सुरक्षा बल के अधिकारों और जवानों को आज मतदान ड्यूटी पर रवाना करने से पहले स्थानीय पुलिस लाईन्स में ब्रीफ किया। श्री शुक्ल ने साफ कहा कि सुरक्षा के साथ मतदाता को मतदेय स्थल तक पहुचने देना सभी का लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने ऐलान किया कि इस निर्वाचन में सामान्य यातायात नही रोका जाएगा और मतदाता यदि जरूरी हो तो बूथ के बाहर 200 मीटर की परिधि तक निर्विघ्न अपने वाहन से आ जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्विक रेस्पॉन्स टीम किसी भी अनहोनी की दशा में सात मिनट में घटना स्थल पहुंच जाएगी। पुलिस अधीक्षक द्वारा लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु तैनात किए गए सुरक्षाबलों को आज ब्रीफिंग की गई। लोकसभा निर्वाचन को सकुशल, शांतिपूर्ण व निष्पक्ष संपन्न कराए जाने के दृष्टिगत ड्यूटी में लगे पुलिस बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आज पुलिस अधीक्षक कन्नौज, अमित कुमार आनंद द्वारा पुलिस लाइन्स कन्नौज में जिलाधिकारी कन्नौज, शुभ्रांत कुमार शुक्ल, अपर पुलिस अधीक्षक कन्नौज व केन्द्रीय पुलिस बल के अधिकारियों की उपस्थिति मे लोकसभा निर्वाचन-2024 के चतुर्थ चरण दिनाँक 13.05.2024 को जनपद कन्नौज में होने वाले मतदान के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को ब्रीफ किया गया। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण सकुशल एवं निष्पक्ष सम्पन्न कराने हेतु अभिसूचना तन्त्र को अतिरिक्त प्रशिक्षण / ब्रीफिंग करके उन्हें निरन्तर क्रियाशील रहकर ऐसी प्रत्येक सूचना को संकलित करके अपेक्षित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु लगाया गया है जिनका मुख्य कर्तव्य होगा कि मतदान के दौरान लोगों के बीच शराब के वितरण, धन के वितरण, असलहों का प्रदर्शन कर किसी मतदाता आदि को डरा-धमका न सकें तथा वोटरों को मतदान से रोकने सम्बन्धी कार्यवाही पर विशेष दृष्टि रखेंगे।

# सपा की राजनीति परिवार के लिए, इनकी राजनीति में देश का भला नहीं होगा: योगी आदित्यनाथ

**जन एक्सप्रेस । उन्नाव**



रामलीला मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सपा पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि सपा के शासनकाल में माफिया हावी होकर जनता का खून चूसते हैं। सपा की राजनीति परिवार के लिए है। इनकी राजनीति में देश का भला नहीं होगा। देश की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि राजनीति राष्ट्र के लिए होती है तो दुनिया में सम्मान होता है। हमारी सरकार में बिना भेदभाव के योजनाओं को जनता का लाभ मिलता है। साथ ही यह भी कहा कि हर घर की बिजली योजना की सौगात उन्नाव से दी थी। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को सम्मान दिया, स्मारक बनाए। चंद्रिका देवी के मंदिर को भव्य स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि कल्याण सिंह के लिए किसी समाजवादी ने श्रद्धांजलि नहीं दी। जबकि एक माफिया मरा तो पूरी समाजवादी पार्टी मातम मनाने गई थी। सपा के लोग रामद्रोही हैं। कहते हैं कि राम मंदिर बेकार बना है। ये लोग किसी मस्जिद के बारे क्या ऐसा बोल सकते हैं, हिम्मत है तो बोलकर दिखाए। कार्यक्रम में सभी विधानसभाओं से कार्यकर्ता बुलाए गए थे। सीएम का हेलीकाप्टर शहर क्षेत्र स्थित उन्नाव-शुक्लागंज मार्ग पर अकरमपुर में बने हेलीपैड पर उतरा था। जहां उनका स्वागत पार्टी प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। सीएम हेलीपैड से कार द्वारा जनसभा स्थल पहुंचे और वहां मौजूद जनसमूह को सम्बोधित किया। अपने भाषण की शुरुआत उन्होंने जय श्री राम के नारे से की। साथ ही रामलला व राम मंदिर को लेकर ही विपक्ष पर हमलावर रहे। उन्होंने कहा कि रामलला ने देश में 500 साल बाद होली मनाई है और अब वे दीपावली भी मनाएंगे। उन्होंने राम मंदिर निर्माण में सहयोग के नाम पर अपना एक वोट भाजपा को देने की अपील भी जनता से की। सीएम ने करीब 30 मिनट के अपने भाषण में लोगों को केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का जमकर बखान किया। भाषण समाप्त होने के बाद उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के अलावा अन्य जनप्रतिनिधियों से गुफ्तगू भी की। इसके बाद वे हेलीपैड के लिये रवाना हो गए। इस दौरान प्रभारी मंत्री दया शंकर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, भगवंतनगर विधायक आशुतोष शुक्ला, नगर पालिका उन्नाव की अध्यक्ष स्वेता मिश्रा व उनके प्रतिनिधि भानू मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेस के बुद्धिदाता कहते हैं देश में नहीं बनना चाहिये था राम मंदिर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि समाजवादी पार्टी अपने शासनकाल में आतंकवादियों के मुकदमे वापस ले रही थी। इन लोगों ने अयोध्या, रामपुर में सीआरपीएफ कैंप, काशी में संकट मोचन मंदिर, लखनऊ, अयोध्या और वाराणसी की कचहरी पर हमला करने वाले आतंकियों के मुकदमों को वापस लेने का प्रयास किया था। इस पर न्यायालय ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा था कि आज आप इनके मुकदमे वापस लेने की बात कह रहे हैं और कल इन्हे पद्म पुरस्कार से नवाजेंगे। इसके बाद न्यायालय ने समाजवादी पार्टी को रोका था। सीएम योगी ने कहा कि इस चुनाव में एक तरफ राम भक्त हैं और दूसरी तरफ रामद्रोही। रामद्रोहियों के स्वर भी आपको सुनाई दे रहे होंगे। इनमें कोई कहता है कि राम मंदिर देश के अंदर नहीं बनना चाहिये था। यह कांग्रेस के बुद्धि दाता हैं।

### कार्यक्रम से पहले अधिकारियों का दिखा सौतेला रूप

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रामलीला मैदान में जनसभा करने आये थे । यह वही क्षेत्र है जहां कुछ ही दूरी पर जिला चिकित्सालय मौजूद है। सामने अग्निशमन विभाग है। कुछ दूरी पर कोतवाली स्थित है साथ ही अनेकों व्यापारिक प्रतिष्ठान और निजी हॉस्पिटल मौजूद है। फिर भी यहां पूरी रोड पर अतिक्रमण किया है। अतिक्रमण के चलते यहां हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है। एम्बुलेंस जाम में फंसने से पता नहीं कितने मरीजों की जान चली जाती है । लेकिन किसी अधिकारी के कान में जूं तक नहीं रेंगती। हजारों की संख्या में अतिक्रमण हटवाने के प्रार्थना पत्र कूड़े दान की शोभा बढ़ाते रहते है ।लेकिन आज मुख्यमंत्री के आते ही पूरा अतिक्रमण बिना किसी हो हल्ला के रातो रात हटा दिया गया। अतिक्रमण पर ज़िम्मेदार पहले ही तेवर क्यूं नहीं दिखाते। एक दुकानदार जिसकी गुमटी हटा दी गई थी उसने बताया कि यहां पर अतिक्रमण नगर पालिका के कर्मचारी ही प्रतिमाह रुपया लेकर करवाते है। अगर अतिक्रमण ग़लत था तो क्या प्रशासन अब अतिक्रमण को फिर से बसने से रोक पायेगा। क्या आम नागरिक का इतना भी अधिकार नहीं है कि टैक्स भरने के बाद भी आम सड़क पर अपने अधिकारों के साथ चल पाए। फिलहाल वोटर ने इस बार सांसद का चेहरा बदलने का मन बना लिया है। जिसका डर साफ दिखाई दे रहा है कि एक ही हफ्ते के अंदर मुख्यमंत्री ने दो दो जनसभा कर डाली।

# स्टार्टअप ऐरा कॉन्क्लेव में रही न्यू स्टार्टअप आइडियाज और यूनिक प्रोडक्ट्स की धूम

- एफडीडीआई और न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के शीर्ष अधिकारी हुए शामिल
- देश भर से जुटे साइंटिस्ट, स्टूडेंट्स और इंडस्ट्री लीडर्स ने कॉन्क्लेव में किया प्रतिभाग




**जन एक्सप्रेस । आगरा**

आज भारत ने पांचवें पायदान पर आकर खुद को विश्व की सबसे बढ़ती अर्थव्यवस्था के रूप में साबित किया है, यह वह स्वर्णिम समय है, जब हम उद्यमिता के क्षेत्र में विश्व गुरु बनने की कल्पना को साकार कर सकते हैं यह बात कॉर्पोरेट कार्उंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) द्वारा शुक्रवार को आईटीसी मुग़ल में आयोजित हुए स्टार्टअप ऐरा कॉन्क्लेव में मुख्य अतिथि के रूप में अपने उद्बोधन में भारतीय वायुसेना के पूर्व अध्यक्ष आरकेएस भदौरिया ने कहीं। उन्होंने कहा कि मैं डिफेंस की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा, भारत वह देश है जो पहले डिफेंस के क्षेत्र में सिर्फ निर्यात पर निर्भर था आज वक्त बदला है। डिफेंस में बड़ी संभावनाएं हैं भारत एक बड़े बाजार के रूप में उभर रहा है, यहां छोटे से लेकर बड़े स्टार्टअप के विकल्प खुले हैं। ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन पूरन डावर ने कहा आज जिस स्वर्णिम युग में हम जी रहे हैं उसमें उद्यमिता के बड़े अवसर देखने को मिल रहे हैं। अनोर्गनाइज्ड बिजनेस को ऑर्गेनाइज करने की जरूरत है। इससे हम छोटे-छोटे कारोबार से शुरु कर बड़ा ब्रांड खड़ा कर सकते हैं कई मल्टीनेशनल ब्रांड इसके उदाहरण हैं। कार्यक्रम में उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय भारत सरकार के प्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए विशिष्ट अतिथि एफडीडीआई के प्रबंध निदेशक कर्नल पंकज कुमार सिन्हा ने कहा कि नए स्टार्टअप के लिए हमने 10 करोड़ तक की फंडिंग किए जाने का प्रावधान किया है। इसका लाभ नए आप उठा सकते हैं। साथ ही उन्होंने सरकार की स्टार्टअप इंडिया सीड फंड योजना एवं अन्य योजनाओं के विषय में जानकारी दी। आउटस्टैंडिंग साइंटिस्ट और स्टेशन डायरेक्टर नरोरा एटॉमिक पावर स्टेशन और न्यूक्लियर पावर कारपोरेशन के प्रतीक अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि न्यूक्लियर पावर के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसमें करियर की व्यापक संभावनाओं हैं। जो इस क्षेत्र में रुचि रखते हैं वह हमारे स्टेशन आए हम हर प्रकार से मदद करने को तैयार हैं। एमएसएमई मंत्रालय विकास कार्यालय के संयुक्त निदेशक डॉ. आर के भारती ने नवीन स्टार्टअप के प्रोत्साहन से जुड़ी योजना के बारे में जानकारी दी। स्वागत उद्बोधन आयोजन की एडवाइजरी कमेटी के वाइस चेयरमैन राजेश गर्ग ने दिया, एफएएफएम अध्यक्ष एवं आयोजन समिति के वाइस चेयरमैन कुलदीप सिंह ने आयोजन की परिकल्पना पर प्रकाश डाला।

### तकनीकी सत्र में भारत सरकार के बैंकिंग और एमएसएमई विभाग हुए शामिल

इस मौके पर तकनीकी सत्र में भारत सरकार के बैंकिंग और एमएसएमई से जुड़े विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमें प्रेजेंटेशन देकर स्टार्टअप पर अपनी योजनाओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के एजीएम एसएमई पुनीत शर्मा, सिडबी के शाखा प्रबंधक आकाश सोनी और एनएसआईसी के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, ईसीजीसी के प्रबंधक रितेश कुमार ने स्टार्टअप्स से जुड़ी योजनाओं की जानकारी दी।






### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस दौरान एमएसएमई विकास कार्यालय आगरा के डिप्टी डायरेक्टर बीके यादव, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार में डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मुकेश शर्मा, हैंडीक्राफ्ट एक्सपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रजत अस्थाना, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, नेशनल चैंबर के उपाध्यक्ष अंबा प्रसाद गर्ग, आस्मा अध्यक्ष उपेंद्र सिंह लवली, सीआईआरसी के अध्यक्ष अजय जैन, हिंदुस्तान इंजीनियरिंग कॉलेज के निदेशक डॉ. नवीन गुप्ता, ईशान कॉलेज ऑफ़ इंजीनियरिंग के निदेशक डॉ. पंकज शर्मा, प्रीलूड पब्लिक स्कूल के निदेशक डॉ. सुशील गुप्ता, श्रॉफ ग्रुप के अनिल मगन, सेंट एंड्रूज स्कूल के एमडी डॉ. गिरधर शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे। अतिथियों का स्वागत सीसीएलए महासचिव अजय शर्मा एवं कन्वेनर बृजेश शर्मा ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन इफकोमा महासचिव दीपक मनचंदा ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. तरुण शर्मा ने किया। कार्यक्रम में व्यवस्थाएं मोहित जैन, शकुन बंसल, अविनाश वर्मा आदि ने संभाली।

### प्रकाश ग्रुप के फाउंडर राम प्रकाश गर्ग को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

कॉन्क्लेव में सफल उद्यमियों को इंस्पायरिंग पर्सनैलिटी अवार्ड से सम्मानित किया गया, जिसमें लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड प्रकाश ग्रुप ऑफ़ इंडस्ट्रीज के फाउंडर राम प्रकाश गर्ग को दिया गया, साथ ही नेक्स्ट जेनरेशन के उद्यमियों को सफल स्टार्टअप के लिए सम्मानित किया।

### सफल स्टार्टअप के लिए इन्हें मिला सम्मान

- **चेतन गुप्ता, निदेशक** गुप्ता एच.सी. ओवरसीज
- **सौरभ खन्ना** निदेशक-रोमसंस ग्रुप
- **रजत अस्थाना** निदेशक-स्टोनमेन क्राफ्ट्स
- **अक्षय कुमार सिंह** एमडी-आध्या इंडस्ट्रीज
- **सिद्धार्थ विज**, सह-संस्थापक और सीईओ - बिजनिस
- **शुभम जैन** निदेशक-इवोकेयर एसेंशियल्स, जयपुर
- **आर्यमन सिंह** एमडी-आर्यमन फुटवियर एक्सपोर्ट्स
- **संजिका डंग** निदेशक-यूवी ओवरसीज़
- **शलभ गुप्ता विभव** संस्थापक-विभव कैपिटल
- **डॉ. अरुण शर्मा** निदेशक-मोशन एकेडमी
- **कुलदीप ठाकुर** निदेशक, एसकेएम ग्रुप
- **नितिन गोयल** एमडी-मुंशी पन्ना मसाला उद्योग
- **निमित मगन** निदेशक-श्रॉफ ग्रुप
- **वन्सल गर्ग** एमडी-कुंज सुप्रीम
- **वन्सल गुवालानी** वीआरडी एक्सपोर्ट्स

> मैं डिफेंस की ओर आपका ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा, भारत वह देश है जो पहले डिफेंस के क्षेत्र में सिर्फ निर्यात पर निर्भर था आज वक्त बदला है। डिफेंस में बड़ी संभावनाएं हैं भारत एक बड़े बाजार के रूप में उभर रहा है, यहां छोटे से लेकर बड़े स्टार्टअप के विकल्प खुले हैं।
> –आरकेएस भदौरिया, **पूर्व अध्यक्ष, भारतीय वायुसेना**

> नए स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार ने कई सहूलते देती है। स्टार्टअप को नियमानुसार पंजीकृत करा इन सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। स्टार्टअप इंडिया कि सीड फंड जैसे योजना इस दिशा में काम कर रही है। 10 करोड़ तक की फंडिंग का प्रावधान किया है।
> –कर्नल पंकज कुमार सिन्हा, **प्रबंध निदेशक, एफडीडीआई**

> न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया एमएसएमई यूनिट और स्टार्टअप को ख्याल में रखकर काम करती है। हम अपनी आवश्कताओं के लिए जब भी कोई टेंडर जारी करते हैं तो इन्हें हमेशा प्राथमिकता में रखते हैं। एनपीसीआईएल आपके हर प्रकार के सहयोग के लिए तत्पर है।
> – प्रतीक अग्रवाल, **आउटस्टैंडिंग साइंटिस्ट एवं स्टेशन डायरेक्टर, नरोरा एटॉमिक पावर स्टेशन, एनपीसीआईएल**

> स्टार्टअप ऐरा कॉन्क्लेव एक अच्छा प्रयास है। इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए एमएसएमई नए स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम अपनी कई योजनाओं के जरिये इस दिशा में काम कर रहे हैं। स्टार्टअप की प्रगति से ही देश की प्रगति संभव है।
> – डॉ. आर.के. भारती, **संयुक्त निदेशक, एमएसएमई डीआई आगरा**

> भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है आज युवाओं के पास अवसर हैं वे अपना भविष्य बना सकते हैं। जरुरत इस बात की है कि किसी भी काम को सिस्टरमेटिक तरीके से करें, स्टार्टअप ऐरा कॉन्क्लेव में न्यू इनोवेटिव बिजिनेस आइडियाज को एक मंच के माध्यम से एक्सप्लोर किया गया।
> –पूरन डावर, **ऑर्गेनाइजिंग चेयरमैन**

> भारत की युवा पीढ़ी के नए विजन से आज देश तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है आने वाला समय औद्योगिक क्रांति का है, इस प्रकार के आयोजन युवा पीढ़ी को मंच प्रदान करने का काम करते हैं जहाँ उनके सपने को उड़ान भरने के लिए आसमान मिलता है यह एक अच्छी पहल है।
> –कुलदीप सिंह, **अध्यक्ष, एफएएफएम एवं ऑर्गनाजिंग वाइस चेयरमैन**

> इस आयोजन ने युवाओं को देश के इंडस्ट्री लीडर की प्रेरक सक्सेज स्टोरी सुनने और उनके साथ संवाद करने का अवसर प्रदान किया है। इस बात को कहने में कोई गुरेज नहीं है कि एन आईडिया कैन चेंज योर लाइफ और इस आयोजन में कई बिजिनेस आईडिया सुने और सुनाये गए।
> – राजेश गर्ग, **एमडी प्रकाश डीजल्स ग्रुप एवं वाइस चेयरमैन एडवाइजरी कमेटी**

> इस आयोजन में आगरा की औद्योगिक कम्युनिटी द्वारा पहली बार युवा प्रतिभाओं को उद्यमिता के विकास और प्रोत्साहन के लिए एक विशेष कोष बनाये जाने की बात सामने आई इसके जरिये चयनित नवीनतम स्टार्टअप को फंडिंग की जायेगी, जिसका युवा उठा सकेंगे।
> – रजत अस्थाना, **अध्यक्ष, एचईए**

> जिनके पास कोई अनूठा बिजनेस आईडिया है और नवीन स्टार्टअप शुरू करने में रूचि रखते हैं तो इस प्रकार के स्टार्टअप के लिए सरकारी विभाग एवं निजी औद्योगिक समूह द्वारा फंडिंग प्रदान किये जाने के विकल्प इस आयोजन के माध्यम सामने आये यह एक अच्छा प्रयास है।
> – दीपक अग्रवाल, **प्रदेश उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती**

# पीएम मोदी की चुनौती, ओडिशा के सीएम जिलों के नाम बताएं, कहा, कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटेगी

- कंधमाल में पीएम मोदी ने स्टेज पर पद्मश्री विजेता पूर्णमासी जानी के पैर छुए



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भुवनेश्वर**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार (11 मई) को ओडिशा के कंधमाल, बोलांगीर और बरगढ़ में चुनावी रैलियां कीं। उन्होंने ओडिशा के छ्रू नवीन पटनायक को चुनौती देते हुए कहा- नवीन बाबू लंबे समय से ओडिशा के मुख्यमंत्री हैं। मैं उन्हें चैलेंज करता हूं कि वे ओडिशा के सभी जिलों का नाम बिना कुछ देखे बताएं। पीएम ने कंधमाल की रैली में कहा, इस चुनाव में कांग्रेस 50 सीटों से नीचे सिमटने वाली है। 4 जून को पार्टी देश के संसद में विपक्ष भी नहीं बन पाएगी। मैं कांग्रेस को दो टूक कहूंगा कि वो इस भरोसे में न रहें कि भारत का मुसलमान इधर-उधर नहीं जाएगा। लोगों ने एनडीए को 400 के पार पहुंचाने का मन बना लिया है। पीएम ने कहा, कांग्रेस कहती है संभल के चलो, पाकिस्तान के पास एटम बम है। पाकिस्तान की हालत ऐसी है कि उन्हें बम संभालना भी नहीं आता। वे अपने बम बेचने के लिए खरीदार की तलाश कर रहे हैं, लेकिन कोई उनसे खरीदना नहीं चाहता। लोग उनके सामान की क्वालिटी के बारे में जानते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा- 26 साल पहले आज के दिन अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार ने पोखरण में परमाणु परीक्षण किया था। एक वह दिन था जब भारत ने दुनिया को अपने सामर्थ्य का परिचय करवाया था और दूसरी ओर कांग्रेस है, जो बार-बार लोगों को डराने की कोशिश करती है। कंधमाल में पीएम ने स्टेज पर पद्मश्री विजेता पूर्णमासी जानी के पैर छुए। पूर्णमासी एक कवयित्री और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। उन्हें 2021 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

### ओडिशा अमीर है, ज्यादातर लोग गरीब

मोदी ने कहा- ओडिशा अमीर है, लेकिन यहां के ज्यादातर लोग गरीब हैं। छ्रूछ ने गरीबी दूर करने के लिए कुछ नहीं किया। ओडिशा की अस्मिता खतरे में है। भाजपा इसकी रक्षा करेगी। भाजपा ने ओडिशा की एक आदिवासी बेटी को भारत का राष्ट्रपति बनाया।

### जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार की चाबी कहां है

मोदी ने कहा- पिछले 6 साल से जगन्नाथ मंदिर के 'रत्नभंडार' की चाबी खो हुई है। राज्य सरकार ने बाद में कहा कि डुप्लिकेट चाबी मिल गई है। सवाल यह है कि यह डुप्लिकेट चाबी क्यों बनाई गई? चाबी खो जाना चिंता की बात है, लेकिन डुप्लिकेट चाबी इससे भी ज्यादा चिंता की बात है।

### नवीन बाबू ओडिशा के जिलों का नाम बताएं

पीएम मोदी ने कहा, नवीन बाबू इतने सालों से यहां के सीएम हैं, लेकिन फिर भी यहां की जनता उनसे दुखी हैं। वो (नवीन पटनायक) ओडिशा के जिलों और उनकी राजधानियों के नाम नहीं जानते। उन्हें लोगों के दर्द का क्या पता चलेगा।

### शहजादे संविधान को माथे पर रखकर नाच रहे हैं

पीएम मोदी ने कहा, आजकल शहजादे संविधान को माथे पर रखकर नाच रहे हैं। जब मनमोहन सिंह की कैबिनेट ने एक फैसला लिया तो शहजादे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर उस फैसले की धज्जियां उड़ा दीं। वो टुकड़े कागज के नहीं बल्कि संविधान के थे।

### ओडिशा की बेटी देश का गौरव है

पीएम ने कहा, आज ओडिशा की बेटी सेना के तीनों अंगों की कमान संभालती है। ओडिशा की बेटी देश का गौरव है। वे देश की दिशा तय कर रही हैं। यह सब आपके वोट की ताकत से हो रहा है, मोदी तो सिर्फ एक माध्यम हैं।

### राष्ट्रपति राम मंदिर जाती हैं तो कांग्रेस शुद्धिकरण की बात करती है

मोदी ने कहा- हमारी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कुछ दिन पहले अयोध्या के राम मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश के कल्याण के लिए रामलला से आशीर्वाद मांगा। उनके दौरे के एक दिन बाद कांग्रेस के सबसे बड़े नेताओं में से एक ने कहा कि हम राम मंदिर का गंगाजल से शुद्धिकरण करेंगे। क्या ऐसे लोगों को भारतीय राजनीति में रहने का अधिकार है?

# देश के रक्षा क्षेत्र को अगले 10 वर्षों में 138 अरब डॉलर के ऑर्डर मिल सकते हैं, नोमुरा का दावा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



नोमुरा की ओर से जारी इंडिया डिफेंस नामक एक रिपोर्ट के अनुसार, रक्षा उपकरणों, प्रौद्योगिकियों और सेवाओं की बढ़ती मांग के बीच भारत के रक्षा क्षेत्र को वित्त वर्ष 2024 से 2032 के दौरान 138 बिलियन अमरीकी डालर का आकर्षक ऑर्डर मिल सकता है। यह स्थिति रक्षा उत्पादन और प्रौद्योगिकी विकास में लगी कंपनियों के लिए महत्वपूर्ण संभावनाएं प्रदान करेगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत का रक्षा पूंजीगत व्यय वित्त वर्ष 30 तक कुल बजट का 37 प्रतिशत तक बढ़ने की ओर अग्रसर है, इस दौरान वित्त वर्ष 2025 में अनुमानित रूप से 29 प्रतिशत की पर्याप्त वृद्धि हो सकती है। यह वित्त वर्ष 24-30 में 15.5 ट्रिलियन रुपये के संचयी पूंजी परिव्यय के बराबर है, जो पिछली अवधि की तुलना में पर्याप्त वृद्धि का संकेत देता है। रिपोर्ट में इस वृद्धि का श्रेय रक्षा बजट बढ़ाने, आधुनिकीकरण के प्रयासों और ÷मेक इन इंडिया÷ जैसी पहल के तहत स्वदेशी विनिर्माण पर सरकार के ध्यान को दिया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रक्षा क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर्स में आकर्षक अवसर प्रदान करता है। अकेले रक्षा एयरोस्पेस क्षेत्र की हिस्सेदारी 50 बिलियन अमरीकी डॉलर की है। इसमें विमान, हेलीकॉप्टर, मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी), एवियोनिक्स और संबंधित प्रणालियों में निवेश शामिल हैं। 38 बिलियन अमरीकी डालर की क्षमता के साथ रक्षा पोत निर्माण एक अन्य महत्वपूर्ण अवसर वाला क्षेत्र है, जिसमें नौसेना के जहाजों, पनडुब्बियों, गश्ती नौकाओं और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सपोर्ट शिप का निर्माण शामिल है।

# पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से देंगे: अमित शाह



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हैदराबाद**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तेलंगाना में हुंकार भरी। यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसके डर से कांग्रेस पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहती है। रैली को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, ÷कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर कहते हैं कि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है, इसलिए भारत को पीओके के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। परमाणु बम के डर से वे पीओके पर भारत का अधिकार छोड़ना चाहते हैं। लेकिन आपको चिंता करने की जरूरत नहीं है। नरेंद्र मोदी फिर एक बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं और इस बार पाकिस्तान की गोलियों का जवाब तोप से दिया जाएगा। अमित शाह ने इस दौरान तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी घेरा। भाजपा नेता ने सर्जिकल स्ट्राइक को लेकर रेवंत रेड्डी की टिप्पणी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक की और आतंकवादियों को खत्म किया।

# अग्निवीर की श्रीनगर में संदेहास्पद परिस्थितियों में गोली लगने से मौत, सेना ने बैठाई जांच

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने पैराट्रूपर अग्निवीर जितेंद्र सिंह तंवर की मौत की सही वजह जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। अग्निवीर जितेंद्र सिंह तंवर की गुरुवार को गोली लगने से मौत हो गई थी। पैराट्रूपर तंवर 3 पैरा स्पेशल फोर्स बटालियन में तैनात थे। 23 वर्षीय जितेंद्र साल 2022 में बतौर अग्निवीर सेना में भर्ती हुए थे। जितेंद्र के परिजनों का कहना है कि आतंकी सर्च ऑपरेशन के दौरान गोली लगने से उनकी मौत हुई है। अग्निपथ स्कीम लॉन्च होने के बाद से यह चौथे अग्निवीर की मौत है। सेना के अधिकारियों का कहना है कि पैराट्रूपर अग्निवीर जितेंद्र सिंह तंवर की मौत की सही वजह जानने के लिए जांच बैठा दी गई है। जितेंद्र की गुरुवार को श्रीनगर में गोली लगने से मौत हो गई थी। उनका अंतिम संस्कार राजस्थान के अलवर जिले में उनके पैतृक गांव में किया गया है। सेना के सूत्रों का कहना है कि घटना श्रीनगर में हुई, जहां जितेंद्र तंवर की तैनाती थी।

# सुपरटेक के चेयरमैन आरके अरोड़ा की याचिका खारिज, 13 मई तक करना है सरेंडर

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने सुपरटेक के चेयरमैन और प्रमोटर आरके अरोड़ा की याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने मेडिकल और स्वास्थ्य के आधार पर अंतरिम जमानत को 90 दिन और बढ़ाने की मांग की थी। अरोड़ा को पिछले साल 2023 जून में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में गिरफ्तार किया गया था। कोर्ट ने अरोड़ा को 13 मई शाम पांच बजे तक सरेंडर करने के लिए कहा है।

### ट्विन टावर से भी जुड़ा है नाम

एफआईआर में अरोड़ा और सुपरटेक पर फ्लैट बुक कराने वालों से अग्रिम राशि लेकर धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। ईडी के मुताबिक, सुपरटेक और समूह की कंपनियों ने फ्लैट खरीदारों की राशि के आधार पर बैंक से कर्ज लिए और राशि का गबन कर लिया। दूसरी कंपनियों के नाम से जमीन खरीदी गई और उनके आधार पर भी बैंकों से कर्ज ले लिया। कर्ज नहीं चुकाने से करीब 1,500 करोड़ के कर्ज गैर निष्पादित संपत्तियां बन गए। आरके अरोड़ा हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के अन्य हिस्सों में एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं। वह सुपरटेक लिमिटेड के मालिक हैं। अरोड़ा ने 34 कंपनियां खड़ी की हैं। ये कंपनियां सिविल एविएशन, कंसलटेंसी, ब्रोकिंग, प्रिंटिंग, फिल्म्स, हाउसिंग फाइनेंस, कंस्ट्रक्शन तक के काम करती हैं। यही नहीं, मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो आरके अरोड़ा ने तो कब्रगाह बनाने तक की कंपनी भी खोली है।

# ड्यूटी के दौरान मेकअप से परहेज करें महिला जवान, नहीं चलेंगी लंबी बालियां, चूड़ियां और खुले बाल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में महिला जवानों के लिए जारी हुआ एक आदेश चर्चा का केंद्र बना हुआ है। यह आदेश फ्रंटियर मुख्यालय, सीमा सुरक्षा बल, पलौडा कैंप, जम्मू के उप महानिरीक्षक/पीएसओ कार्यालय द्वारा जारी किया गया है। उप महानिरीक्षक/पीएसओ कार्यालय द्वारा छह मई को जारी परिपत्र में कहा गया है कि बल की कुछ कार्मिक, ड्यूटी के दौरान ड्रेस कोड का पालन नहीं कर रही हैं। देखने में आया है कि महिला कर्मी, ड्यूटी के दौरान मेकअप करती हैं। कानों में लंबी-लंबी बालियां पहन रही हैं। अपने बालों को ठीक तरह से बांध नहीं रहीं। बहुत ज्यादा मेकअप कर रही हैं। ड्रेस कोड का पालन नहीं करने वाली महिला कार्मिकों पर बल के नियम/अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई हो सकती है।

### अनुशासन वाली फोर्स में ये सब ठीक नहीं

सीमा सुरक्षा बल में पुरुष और महिला, सभी के लिए ड्रेस कोड निर्धारित किया गया है। ऐसे में किसी भी तरह का अतिरिक्त श्रृंगार उचित नहीं है। इसे ड्रेस कोड के अनुसार नहीं माना जाएगा। महिला कार्मिक बल के ड्रेस कोड का पालन करें। अगर वे ऐसा नहीं करती हैं, तो उनके खिलाफ सीमा सुरक्षा बल के नियम व अधिनियम के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)